बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 71, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 20 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : उधारी के जाल में फंसता भारत

अन्दर : आईपीएल में हमें राहुल तेवतिया और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी चाहिये : ब्रायन लारा



# सड़क पर धार्मिक आयोजन पर रोक

## हाई लेवल मीटिंग में यूपी के चीफ सेक्रेटरी का सभी डीएम-एसपी को सख्त निर्देश

**सख्ती**

**तय स्थान पर ही हों धार्मिक कार्यक्रम, संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात करें अतिरिक्त पुलिस बल**

**ट्रैफिक प्रबंधन के लिए बनाएं बेहतर कार्ययोजना, आग लगने पर तुरंत पहुंचे दमकल**



**लखनऊ।** प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने सभी जिलों के एसपी-डीएम को निर्देश दिए हैं कि धार्मिक कार्यक्रम तय स्थान पर ही हों, कोई नई परंपरा कतई न शुरू की जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों। किसी भी दशा में सड़क मार्ग, यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों के क्रम में बुधवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा व स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार द्वारा सभी एडीजी जोन, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी एसएसपी-एसपी आदि के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संजय प्रसाद ने कहा कि पूर्व में हमने संवाद-संपर्क के माध्यम से ऐसा कर पाने में सफलता पाई है। इस वर्ष भी हमें ऐसा ही प्रयास करना होगा कोई शोभायात्रा धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाली जाए। अनुमति केवल उन्हीं धार्मिक जुलूसों को दी जाए, जो पारंपरिक हो, नए आयोजनों को अनावश्यक अनुमति न दी जाए।

वर्तमान परिवेश को देख बरतें अतिरिक्त सुरक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। आगामी 22 अप्रैल को ईद-उल-फितर, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व एक ही दिन संभावित है। वर्तमान परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो, इसके लिए स्थानीय जरूरतों के मद्देनजर सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए।

संजय प्रसाद ने कहा कि फेक न्यूज पर तत्काल रिस्पॉन्स दें। एक छोटी सी अफवाह माहौल खराब करने का बड़ा कारण बन सकती है। अफवाह/ फेक न्यूज का खंडन पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाए। सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत भी बताई। हाल के वर्षों में प्रदेश में सभी धर्मों के पर्व और त्योहार शांति और सौहार्द के माहौल के बीच संपन्न हुए हैं। इससे पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। हर एक नागरिक की सुरक्षा हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। हमें अपने इस दायित्व के प्रति सदैव सतर्क-सावधान रहना होगा। बैठक में डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने सभी जोन रेंज/जिला स्तरीय अधिकारियों से आगामी पर्व और त्योहारों को लेकर की गई तैयारियों का ब्योरा लिया। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार के बीच सामाजिक सौहार्द बना रहे इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हों। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करे। वरिष्ठ अधिकारी भी पेट्रोलिंग में प्रतिभाग करें। हर संदिग्ध गतिविधि पर हमारी नजर होनी चाहिए। 112 जैसी आकस्मिक सेवाओं की उपयोगिता उसके क्विक रिस्पॉन्स पर निर्भर करती है। ऐसे में 2477 पीआरवी 112 एक्टिव रहे। हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफी जरूर कराई जाए।स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि सामाजिक शांति और सौहार्द के लिए पुलिस सतर्क और सावधान रहे। पर्व-त्योहार के बीच कतिपय अराजक तत्व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे लोगों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरता से निपटा जाए।

## पायरेसी पर लगेगी रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बताया कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत, कलाकारों और प्रशंसकों से जुड़ा हुआ निर्णय लिया गया है। बहुत समय से मांग थी कि पायरेसी पर कुछ किया जाए। उन्होंने कहा कि बुधवार को कैबिनेट ने अनुमति दी है कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जाएगा।

पायरेसी को लेकर 2019 में एक विधेयक पेश किया गया था और उसे संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था। स्थायी समिति ने इस पर सुझाव दिए थे। फिल्मों में साहित्यिक/ सामग्री की चोरी या पायरेसी से नुकसान नहीं हो, इसलिए यह विधेयक तैयार किया गया है। इससे पूरे फिल्म जगत को लाभ होगा। इसके साथ ही कैबिनेट की बैठक में नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेशनल क्वांटम मिशन के लिए मंजूरी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने दी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए 6,003 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। 2023-24 से 2030-31 तक का इसकी समयसीमा है।

# अतीक-अशरफ हत्याकांड में 5 पुलिसकर्मी निलंबित

**कार्रवाई**

**शाहगंज थाने के एसएचओ भी निलंबित**



**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हुयी हत्या के मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मियों को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी सूचना दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अतीक और अशरफ हत्या मामले में शाहगंज थाना के एसएचओ अश्वनी कुमार सिंह, एक उप निरीक्षक और तीन कांस्टेबल को बुधवार को निलंबित कर दिया गया।उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच में दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जब पुलिस उन्हें लेकर चिकित्सा परीक्षण के लिए शाहगंज थाना अंतर्गत काल्विन अस्पताल परिसर में दाखिल हुई थी। शाहगंज थाना, काल्विन अस्पताल से चंद कदम की दूरी पर स्थित है। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने इस घटना की जांच के लिए अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) सतीश चंद्र के नेतृत्व में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल गठित की है। दो अन्य सदस्यों में एसीपी कोतवाली सतेंद्र प्रसाद तिवारी और निरीक्षक ओम प्रकाश शामिल हैं। बता दें कि प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात तीन आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। तीनों हमलावर पत्रकार बनकर पहुंचे थे, और उस समय गोली मारी जब पुलिस अतीक और अशरफ को मेडिकल के लिए लेकर जा रही थी।

# अतीक को बताया शहीद

**गजब के लोग**

**भारत रत्न दिलाने की मांग की, पार्टी ने निकाला**

**प्रयागराज।** यूपी में निकाय चुनाव की घोषणा के बाद चुनावी दलों ने अपने प्रत्याशियों को भी मैदान में उतार दिया है। हाल ही में अतीक हत्याकांड का मुद्दा भी राजनीतिक हलचल को बढ़ा रहा है, जिसमें पक्ष-विपक्ष के नेता अपने-अपने विवेक से बयानबाजी कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के एक वार्ड मेंबर प्रत्याशी का वीडियो बुधवार को तेजी से वायरल हुआ है, जिसमें वह अतीक अहमद को शहीद कह रहे हैं



और भारत रत्न देने की मांग की है। अतीक अहमद को भारत रत्न देने की मांग करने वाले कांग्रेस नेता राजकुमार उर्फ राजू हैं, जिन्हें कांग्रेस ने प्रयागराज नगर निगम के वार्ड नंबर 43 से प्रत्याशी बनाया था। उनका वीडियो वायरल हुआ तो कांग्रेस की किरकिरी होने लगी तो पार्टी ने तत्काल प्रभाव से राजू की टिकट काट दी और पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।अब, टिकट कटने से तिलमिलाए राजू ने ऐसी हरकत कर दी है, जिससे उन पर मुकदमा भी दर्ज हो सकता है।

## बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम एसटीएफ की हिरासत में

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने बुधवार को लखनऊ से बिल्डर मोहम्मद मुस्लिम को उठा लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मुस्लिम के साथ माफिया अतीक अहमद के व्हाट्सएप चैट और अतीक के बेटे असद (पुलिस एनकाउंटर में मारा गया) के ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। एसटीएफ ऑडियो की जांच कर रही है और इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। सोशल मीडिया में वायरल व्हाट्सएप चैट के स्क्रीन शॉट में अतीक कथित तौर पर बिल्डर से कह रहा है, मैं अभी मरा नहीं हूं। मुझसे जेल में आकर मिलो। मेरे बेटे न डॉक्टर बनेंगे, न ही वकील। ज्यादा ईडी-ईडी मत करो। अभी तुम्हारे घर पर ईडी ने छापा नहीं मारा है। तुम्हारा कोई पैसा सीज नहीं किया गया है।




# तीनों शूटरों की चार दिन की रिमांड मंजूर

**होगी पूछताछ**

**अतीक-अशरफ हत्याकांड में सीजीएम कोर्ट ने पुलिस को दी कस्टडी रिमांड**

**क्राइम सीन रीक्रिएट कर सकती है पुलिस, मोबाइल और हथियार के साथ पुलिस की भूमिका पर भी होगी पूछताछ**



**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या करने वाले तीनों शूटरों को लेकर सीजीएम कोर्ट लेकर पहुंची। माफिया अतीक और अशरफ की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या करने वाले शूटर लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेशी के लिए सीजेएम कोर्ट लाया गया। पुलिस की रिमांड अर्जी पर कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस ने तीनों शूटरों की 14 दिन की रिमांड मांगी है। लेकिन कोर्ट ने तीनों शूटरों की चार दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। कोर्ट ने आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस की टीम ने आरोपियों से पूछताछ के लिए 100 से ज्यादा सवाल तैयार किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों से मोबाइल और हथियार को लेकर सवाल होंगे। पुलिस की टीम क्राइम सीन रिक्रिएट कर सकती है। मंगलवार को हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) दिनेश कुमार गौतम की कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों को तलब करने की मांग की थी। सूत्रों के हवाले से खबर है कि अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और आयशा नूरी कौशांबी के कछार में छिपे हैं। शाइस्ता और आयशा के साथ शूटर साबिर भी है। शाइस्ता और आयशा नूरी लगातार नंबर बदल रहे हैं। इस हत्याकांड में पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठे हैं,जिसका जवाब तलाशा जाएगा।

## माफिया अतीक-अशरफ का बैनर लगाकर शहीद बताने वाले 3 धराये

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाराष्ट्र में बीड जिले में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद तथा उसके पूर्व विधायक भाई अशरफ अहमद को बैनर लगाकर शहीद' बताने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि यह घटना मंगलवार को जिले के माजलगांव में हुई, जिसके बाद कई स्थानीय लोग बैनर के पास जमा हो गए। अधिकारियों ने तुरंत इस बैनर को हटाया। पुलिस ने कहा कि अतीक और उसके भाई को बैनर लगाकर शहीद के रूप में चित्रित करने की कोशिश की गई थी। जानकारी के मुताबिक, इसमें एक अखबार की कटिंग भी थी जिसमें पिछले हफ्ते दोनों भाइयों की हत्या के लिए एक समुदाय विशेष को अपशब्द कहे गए थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा उस अखबार के संपादक और रिपोर्टर के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिनकी खबर बैनर पर इस्तेमाल की गई थी।

# यूपी में 1391 मतदान केंद्र अति संवेदनशील प्लस

**लखनऊ।** डीजीपी मुख्यालय ने निकाय चुनाव के मद्देनजर अति संवेदनशील प्लस, अति संवेदनशील, संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिह्नित कर राज्य निर्वाचन आयोग को सूचित कर दिया है। इस बार निकाय चुनाव के आरक्षण को भी मतदान केंद्रों के अति संवेदनशील श्रेणी होने का आधार बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व के चुनावों में हुई हिंसा, वोटरों को मतदान से रोके जाने, सांप्रदायिक व जातिगत तनाव और प्रत्याशियों की आपराधिक पृष्ठभूमि को भी आधार बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय ने अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम का ब्योरा भी आयोग को दिया है। चिह्नित 1,391 अति संवेदनशील प्लस मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी तैनात की जाएगी। इन केंद्रों की वेब कास्टिंग व वीडियोग्राफी भी होगी। वहीं, संवेदनशील क्षेत्रों में चुनाव के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बल भी तैनात किया जाएगा। मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों का जिला निर्वाचन अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाएगा। बीते चुनावों के दौरान हुई हिंसक घटनाओं में नामजद, प्रकाश में आए अभियुक्तों और आगामी चुनाव के मद्देनजर चिह्नित अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।




# दो मालगाड़ियों में टक्कर, लोको पायलट की जलकर मौत

**दुखद**

**पांच घायल, कई ट्रेनें प्रभावित**



**शहडोल।** शहडोल के सिंहपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह करीब सात बजे विपरीत दिशा से आ रहीं दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में एक लोको पायलट की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पांच अन्य के घायल होने की जानकारी मिली है। टक्कर के बाद एक मालगाड़ी के पावर (इंजन) में आग लग गयी थी, दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे की जानकारी लगने के बाद डॉक्टरों का दल मौके भेजा गया और घायलों को इलाज के लिए रवाना किया गया। फिलहाल रेल प्रबंधन के आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और निरीक्षण कर रहे हैं। हादसे में जान गंवाने वाले लोको पायलट का नाम राजेश प्रसाद गुप्ता है। नगर पालिका की फायर टीम एवं रेलवे की रेस्क्यू टीम द्वारा करीब दो घण्टे की मशक्कत के बाद लोको पायलट का शव निकाला गया है। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भेजा गया है, घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे के चलते कई ट्रेनें प्रभावित हैं। कटनी की ओर से बिलासपुर जा रही संपर्क क्रांति को शहडोल में ही रोक दिया गया है, वहीं, यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने 15 बसों के जरिए पैसेंजर को शहडोल से बिलासपुर भेजने की तैयारियां शुरू की हैं।

# एलएसी पर हालात हैं तनावपूर्ण, सेना रहे सतर्क

**आह्वान**

**सेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले राजनाथ सिंह**

**देश की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता**

**आतंकवादी गतिविधियों में गिरावट**

**सरकार सशस्त्र बलों के कल्याण के लिए काम कर रही**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को थल सेना से कहा कि वह चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखे क्योंकि चीनी सैनिकों की तैनाती को देखते हुए उत्तरी क्षेत्र में स्थिति 'तनावपूर्ण' बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने बिना किसी विशेष संदर्भ का जिक्र करते हुए, सशस्त्र बलों का आह्वान किया कि वे विश्व भर में हो रहे भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर गौर करें और अपनी योजना और रणनीतियों को उस अनुसार ढालने का प्रयास करें। सूत्रों के अनुसार, उनहोंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में पीएलए (चीनी) सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, खासकर भारतीय थल सेना को एलएसी की सुरक्षा के लिए लगातार सतर्कता बरतनी होगी। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार की ₹शीर्ष प्राथमिकता₹ है। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार का भरसक प्रयास है कि सीमा पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।

सेना के कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार को दिल्ली में शुरू हुआ। इसमें चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता में वृद्धि के तौर-तरीकों पर विचार किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वहां शांति और स्थिरता है एवं केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय थल सेना द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

सिंह ने कहा कि इसके बाद भी, हमें शांति के लिए सरकार के प्रयासों को चुनौती देने वाले राष्ट्र-विरोधी संगठनों को लेकर सतर्क रहना होगा।₹ सिंह ने कहा कि विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण भविष्य के युद्ध काफी अप्रत्याशित होंगे। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में, खतरों और हथियारों का दायरा काफी व्यापक हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रक्षा तैयारियों का आकलन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार सशस्त्र बलों के लिए उसी तत्परता से काम कर रही है जिस प्रकार सशस्त्र बल देश की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा, सरकार न सिर्फ सशस्त्र बलों, बल्कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सेना कमांडरों का सम्मेलन शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम है जिसका आयोजन हर साल अप्रैल और अक्टूबर में किया जाता

## वाराणसी में भारत की अध्यक्षता में जी20 की 100वीं कृषि प्रमुख वैज्ञानिक (मैक्स) की बैठक सम्पन्न

# भारत के उन्नत कृषि मॉडल पर सभी देश एकमत

**जी-20 बैठक सम्पन्न**

**आईआईएआर हैदराबाद में महर्षि सचिवालय किया जायेगा स्थापित, होंगे रिसर्च**

**सार्क क्षेत्र को लक्षित खाद्य हानि और अपशिष्ट रोकथाम की चुनौतियों का समाधान करने पर चर्चा**

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**



जी 20 की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर अपनी बातों को रखते सभी देश के प्रतिनिधि

**वाराणसी।** तीन दिवसीय जी20 के कृषि प्रमुख वैज्ञानिकों (एमएसीएस) के अंतिम दिन भारत की ओर से पेश किये गये उन्नत कृषि मॉडल पर सभी देशों के प्रतिनिधियों ने सहमति जताते हुए अपनी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव (डेयर) एवं महानिदेशक (भाकृअनुप) तथा मैक्स, अध्यक्ष भारत का नेतत्व किया। बैठक में कृषि खाद्य प्रणाली में परिवर्तन के लिए नवाचार और तकनीकी, खाद्य सुरक्षा और पोषण प्राप्त करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में फ्रंटियर्स, पोषण मूल्य बढ़ाने के लिए खाद्य फसलों में बायोफोर्टिफिकेशन, पोषण और ब्ल्यू क्रांति के लिए उष्णकटिबंधीय समुद्री शैवाल की खेती, श्री अन्न के उत्पादन एवं पोषण हेतु प्राचीन अनाज अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल (महर्षि), पर एकीकृत दृष्टिकोण के रूप में, समन्वित कार्रवाई के लिए साझेदारी और नीतियों के बनाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अन्य विषयों जैसै-सीमा पार कीट और रोग, टिकाऊ कृषि खाद्य प्रणालियों के लिए अनुसंधान एवं विकास प्राथमिकताएं, टिकाऊ कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकी और नवाचार, प्रकृतिक खेती, रेजिलिएंट एग्रीफूड सिस्टम के निर्माण के लिए विज्ञान और नवाचार, जैविक नाइट्रिफिकेशन इनहिबिशन (बीएनआई), जीएचएस उत्सर्जन को कम करना और फसल की पैदावार बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने डिजिटल कृषि और सतत कृषि मूल्य श्रृंखला, कृषि अनुसंधान एवं विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी एवं मैक्स कम्यूनिके पर विचार-विमर्श किया। बैठक में कृषि अनुसंधान में भावी सहयोग के लिए भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय बैठक आयोजित की गई। यह, भविष्य में, पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों पर आपसी सहयोग के लिए प्रारंभिक चर्चा थी। जिसे दोनों देश आने वाले समय में मूर्त रूप देंगे।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा बनी सहमति

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)के महानिदेशक व कृषि अनुसांधन व शिक्षा विभाग (डीएआरई)के सचिव डॉ. हिमांशु पाठक ने बताया कि कृषि-खाद्य प्रणाली परिवर्तन के लिए नवाचार और तकनीकी हस्तक्षेप, खाद्य सुरक्षा और पोषण प्राप्त करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में फ्रंटियर्स, पोषण मूल्य बढ़ाने के लिए खाद्य फसलों में बायोफोर्टिफिकेशन, पोषण और नीले विकास के लिए उष्णकटिबंधीय समुद्री शैवाल की खेती, बाजरा और अन्य प्राचीन पर केंद्रित थीं। ग्रेन इंटरनेशनल रिसर्च इनिशिएटिव (महर्षि), एक एकीकृत और एकीकृत दृष्टिकोण के रूप में एक स्वास्थ्य: समन्वित कार्रवाई के लिए साझेदारी और रणनीतियां, सीमा पार कीट और रोग: लचीले कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए अनुसंधान एवं विकास प्राथमिकताएँ, टिकाऊ कृषि-खाद्य प्रणालियों के लिए जलवायु अनुकूल तकनीकें और नवाचार, प्रकृति-सकारात्मक कृषि: लचीला कृषि-खाद्य प्रणाली के निर्माण के लिए विज्ञान और नवाचार, जैविक नाइट्रिफिकेशन अवरोध (बीएनआई): जीएचएस उत्सर्जन को कम करना और फसल की पैदावार बढ़ाने पर सभी देशों ने एकमत से सहमति प्रदान की। डिजिटल कृषि और ट्रेसबिलिटी, खाद्य हानि बहुलवादी कृषि विस्तार और सलाह को कम करने के लिए डिजिटल तकनीकी समाधान पर भी सभी का एकमत रहा।

### नमस्ते काशी का दिया संदेश

जी20 देश के सभी प्रतिनिधियों ने बैठक के बाद भारतीय परंपरानुसार नमस्ते काशी का अभिवादन कर विश्व के सबसे जीवंत व प्राचीन शहर के लोगों को मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया।

### मैक्स की अगली मेजबानी ब्राजील करेगा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)के महानिदेशक व कृषि अनुसांधन व शिक्षा विभाग (डीएआरई)के सचिव डॉ. हिमांशु पाठक ने बताया कि अगले साल वर्ष 2024 में अप्रैल माह में ही जी20 के तहत कृषि प्रमुख वैज्ञानिक (एमएसीएस) की बैठक की मेजबानी ब्राजील करेगा। वहां फिर कृषि के प्रति नवीन मुद्दों पर चर्चा होगी।

### हैदराबाद में स्थापित होगा महर्षि सचिवालय

महर्षि (बाजरा और अन्य प्राचीन अनाज अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान पहल) सचिवालय भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), हैदराबाद में आईसीआरआईएसएटी, एक सीजीआईएआर केंद्रों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

## संक्षेप

### अधेड़ का मिला शव

**मंडुवाडीह।** मंडुआडीह थाना क्षेत्र के हसनपुर इलाके में बुधवार की सुबह अधेड़ का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस शिनाख्त की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक हसनपुर इलाके के एक गली में एक शव मिलने की सूचना क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को दी। मृतक के शरीर पर गहरे नीले रंग का लोवर और स्याही रंग का शर्ट था।7

### पिता पर पत्नी और बेटी को प्रताड़ित करने में मुकदमा

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के छित्तुपुर स्थित वैष्णो नगर कॉलोनी निवासी निरंजु देवी की शिकायत पर पति शशिकांत तिवारी, ससुर प्रेम शंकर और जेठानी के खिलाफ छेड़खानी दहेज के लिए प्रताड़ित करने सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता का आरोप हैकि उसके पति सहित सभी लोग आए दिन उसकी और उसकी 12 वर्षीय बेटी की पिटाई करते हैं। घर से बाहर निकालने की धमकी भी देते है। इस मामले को लेकर कई बार पंचायत भी होने के बाद समस्या अपनी जगह बनी हुई है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**चौबेपुर।** पुलिस ने बुधवार को तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वंशू श्याम धनी और लालमन निवासी ग्राम अईली चौबेपुर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### बीमारी से दरोगा का निधन

**चौबेपुर।** चौबेपुर के टेकुरी गांव निवासी उपनिरीक्षक अशोक सिंह (58) की बीमारी से मौत हो गयी। उनका इलाज बीएचयू में चल रहा था। उनकी नियुक्ति आजमगढ़ के देवगांव पल्हना चौकी पर थी। जानकारी के अनुसार कोरोना काल में सीतापुर ट्रेनिंग से लौटने के बाद से ही वह बीमार चल रहे थे। मेडिकल पर घर थे और बीएचयू से इलाज करा रहे थे। परिजनों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मय फोर्स के साथ उनके घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। शव का पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उनको दो पुत्री व दो पुत्र है।

### पत्नी से विवाद के बाद लगाई फांसी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के रमना गांव में रहने वाला अनिल पटेल ( 35 ) मंगलवार देर रात घर के भीतर फाह लगाकर जान दे दी। परिजनों ने सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अनिल गांव में ही अंडे की दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था। पिता छोटेलाल पटेल ने बताया कि तीन भाइयों में दूसरे नंबर का अनिल था। उसकी दो बेटियां हैं। उसकी पत्नी सुनीता से रोजाना किसी न किसी बात को लेकर उसकी तकरार होती थी। मंगलवार को दुकान लगाने के बाद घर पहुंचा था। इसी बात पत्नी से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हुई।

### महिला की मौत के मामले में पति और ससुर गिरफ्तार

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर (चंद्रावती) गांव में गुरुवार को लाल बहादुर यादव की पत्नी मधुबाला यादव की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया था। इस मामले में बुधवार को मधुबाला के भाई मनीष यादव निवासी अजोर पट्टी बेनीपुर खुर्द थाना चोलापुर ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पति लालबहादुर यादव, पिता खिचडू यादव को गिरफ्तार कर दहेज हत्या के मामले में जेल भेज दिया। इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

### देश के कई आईलैंड में छुपे हैं 5000 साल पुराने इतिहास

**वाराणसी।** विश्व विरासत दिवस पर राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग की ओर से बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। 'अंडर वॉटरक कल्चरल हेरिटेज इन इंडिया' विषयक व्याख्यान के मुख्यवक्ता भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी थे। उन्होंने पुरातत्व में 'बी ए' की ओर ध्यान दिलाते हुए समुद्री पुरातत्व को परिभाषित किया। उन्होंने बताया कि भारत की तटीय रेखा 7500 किमी लंबी है। उसमें 1197 आइलैंड हैं जहां 5000 साल से अधिक पुराने समुद्री इतिहास छिपे हुए हैं। उन्होंने भारत में मिले बंगाराम आइलैंड, महाबलीपुरम, द्वारिका, लोकटक झील, एलिफेंटा आदि पुरास्थलों की चर्चा करते हुए समुद्र के भीतर उत्खनन की तकनीक के बारे में बताया।

# प्रधानमंत्री मुद्रा लोन में तीन सौ करोड़ का खेल, मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**आरोप**

**दो निजी फाइनेंस कंपनियों ने किया खेल, आरटीआई का नहीं दिया जवाब**

**शिकायतकर्ता कोर्ट के संज्ञान में ले आया मामला तब हुई रपट दर्ज**

**वाराणसी।** प्रधान मंत्री की जान कल्याण कारी योजना मुद्रा लोन के नाम पर वाराणसी की दो फाइनेंस कंपनियों के ऊपर तीन सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में कैंट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि दोनों फाइनेंस कंपनियों से आरटीआई के माध्यम से पैसा वितरित करने का ब्योरा मांगा गया जिसे कंपनियों ने दिया नहीं। ऐसे में दोनों कंपनियों के प्रबंध निदेशक व अन्य कर्मियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रपट दर्ज की और जांच में जुट गयी।

जानकारी के अनुसार मुकदमा वादी पीसी पाठक (मानवाधिकर कार्यकर्ता) निवासी अतिरा, जलालाबाद, शाहजहांपुर ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि महाबीर मंदिर अर्दली बाजार में चतुर्थ तल पर फाइनेंस कंपनी उत्कर्ष कोराईवेस लिमिटेड है। साल 2016- 17 में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर कुल 25 करोड़ रुपये इसने बांट लेकिन जब आरटीआई के माध्यम से वितरित धन का ब्योरा मांगा गया तो कंपनी ने नहीं दिया। इस मामले में कार्रवाई के लिए रजिस्टर्ड डाक से पुलिस महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर और कैंट थाना पुलिस पत्र भेजा गया लेकिन कोई कार्रवाई हुई तो शिकायतकर्ता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

पीसी पाठक का आरोप है कि इस प्रकार मकबूल आलम रोड खजूरी में द्वितीय तल पर स्थित कैशपोर माईक्रो क्रेडिट लिमिटेड ने प्रधान मंत्री की जान




कल्याण कारी योजना मुद्रा लोन के तहत 2015-16 से 2020-21 के बीच 275 करोड़ रुपये का मुद्रा लोन वितरित किया। इस संबन्ध में जब उक्त फाइनेंस कंपनी से आरटीआई के माध्यम से ब्योरा मांगा गया तो कंपनी ने जवाब नहीं दिया। शिकायतकर्ता की जब दोनों मामलों में स्थानीय स्तर कार्रवाई नहीं हुई तो उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले को गंभीरता से समझते हुए कोर्ट ने दोनो कंपनियों के प्रबंध निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

# ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**जंसा।** ईद त्यौहार के मद्देनजर बुधवार को जंसा थाने में पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार सेवापुरी प्राची केसरवानी व जंसा थाना प्रभारी राकेश पाल ने कहा कि आगामी ईद-उल-फितर का त्यौहार है,जिन्हें मुस्लिम और हिन्दू समाज के लोग आपसी भाईचारे के साथ शांति से मनाएं। द्वय अधिकारियों ने कहा कि प्रयास हो कि आपस में कोई भी छोटी बड़ी समस्या हो तो उसे थाने के बाहर ही आपसी सुलह-समझौते के साथ निपटारा कराएं। ऐसे में यदि मामला न सुलझे तो तत्काल हम लोगों को सूचना दें। बैठक में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने कहा कि छोटी घटनाओं को तूल न दें। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। वहीं राजातालाब थाना क्षेत्र के जक्खिनी पुलिस चौकी पर बुधवार को ईद व अलविदा के नमाज को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व मुस्लिम बन्धुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। जक्खिनी चौकी प्रभारी विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आगामी ईद व अलविदा की नमाज त्योहार को आपसी सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की। अगर कोई सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसपर कार्रवाई होगी।

### लूट के दौरान हत्या करने वाले को उम्रकैद

**वाराणसी।** अपर जिला जज पंचम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने लूट के लिए हत्या कर लाश छिपाने के मामले में आरोपी रामनगर निवासी बब्लू बारी को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई, साथ ही कोर्ट ने 50 हजार का जुर्माना लगाया। बड़ागांव कविरामपुर निवासी वादी अरुण कुमार ने एक जनवरी 2019 को लोहता थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोप था कि पिसौर पुल के पास उनके बड़े पिता रिटायर्ड फार्मासिस्ट प्रेमचंद सिंह का शव मिला। वह शिवपुर के परमानंदपुर में मकान बनाकर रहते थे। आरोपितों ने घर में घुसकर उनकी हत्या कर लूटपाट की। लाश को पिसौर पुल के पास फेक दिया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त लोहे का सब्बल और लूट का माल पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में दो आरोपी नाबालिग है ऐसे में दोनों की पत्रावली बाल न्यायालय में लंबित है। जिसमे एक मृतक का रिश्ते में नाती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोनबरसा विकास खण्ड-मुरली छपरा, बलिया**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में गौ आश्रय स्थल भगवानपुर में अन्य मदों-योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से गौ आश्रय स्थल भगवानपुर पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री के विवरण निम्नलिखित है। 1. भूसा, 2. पुआल का भूसा, 3. हरा चारा, 4. पशु [illegible], 5. नमक, 6. चोकर, 8. घास, 9. दाना, 10. गुड़ एवं अन्य सामग्री प्रति कुन्टल - प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत सामग्री ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपने दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्यान्ह 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त निविदा एवं अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 27.04.2023 समय अपरान्ह 01.00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24

**उपेन्द्र कुमार यादव**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा0 पं0-सोनबरसा,
वि0 ख0-मुरली छपरा
जनपद-बलिया

**प्रिया देवी**
ग्राम प्रधान
ग्रा0 पं0-सोनबरसा,
वि0 ख0-मुरली छपरा
जनपद-बलिया

# 24 दिन बाद भी कारण स्पष्ट नहीं

**आकांक्षा मौत प्रकरण**

**आकांक्षा प्रकरण में एक और वीडियो वायरल, वीडियो में समर का जिक्र**

**वाराणसी।** आकांक्षा दुबे की मौत के बाद उनका एक और वीडियो सामने आया है। यह आकांक्षा के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट का है। वीडियो में वह रोते हुए बोली रही, 'मुझे नहीं पता कि मैंने क्या गलती की है? बस नहीं रहूंगी इस दुनिया में। यह मेरी आप लोगों से लास्ट टाकिंग है। अगर मुझे कुछ भी होता है, तो बस उसका जिम्मेदार समर सिंह है। हालांकि इस वायरल वीडियों की पुष्टि जनसंदेश टाइम्स नहीं करता।

वीडियो में आकांक्षा समर सिंह से रिश्तों को लेकर नाखुश हैं और इसे अपनी गलती मान रही हैं। इसके अलावा समर सिंह पर धोखे का आरोप भी लगा रही हैं। उन्होंने अपने साथ होने वाली हर घटना के लिए गायक समर सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। आकांक्षा दुबे का वीडियो सामने आने के बाद समर सिंह पर और सवाल उठने लगे



हैं। वहीं, पुलिस वीडियो की सत्यता और इसकी रिकार्डिंग डेट की पड़ताल में जुटी है। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि वीडियो कब का है। आकांक्षा के फॉलोवर की मानें, तो कुछ दिनों पहले आकांक्षा ने इसे अपने स्टेटस पर लगाया था।

आकांक्षा दुबे की मौत के बाद वाराणसी कोर्ट ने बुधवार को पुलिस से केस की प्रगति पूछी है। आकांक्षा की मां मधु दुबे की अपील पर जूनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने केस की अब तक की रिपोर्ट मांगी है। विवेचक और थानाध्यक्ष को दो दिन का समय देते हुए मामले को पेश करने का आदेश भी दिया है। मधु दुबे ने सारनाथ पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाकर केस डायरी तलब कर कोर्ट से पर्यवेक्षण की गुहार लगाई थी।

भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत का कारण दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद अब तक पहेली बना हुआ है। मौत के दिन होटल से लेकर मालीक्यूबार तक सामने आ रहे वीडियो भी नई कहानी सुना रहे हैं। चंद घंटे पहले की इन तमाम वीडियो में आकांक्षा पूरी तरह से नॉर्मल और खुश नजर आ रही हैं। इसके कुछ देर बाद सुसाइड से पहले वह इंस्टाग्राम पर लाइव थीं। इसमें वह फूट-फूट कर रोती नजर आईं। लेकिन, मौत की वजह अब तक अस्पष्ट है। सवाल उठ रहे हैं कि आकांक्षा किस दबाव में थी? ऐसा कदम क्यों उठाया? इन सवालों के जवाब 24 दिन बाद भी नहीं मिले हैं।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**चौबेपुर।** पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी मन्नू को चौबेपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामपुर चंद्रावती से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि आरोपी पॉक्सो एक्ट में वांछित था।

## वाहन से कुचलकर मारने के प्रयास के आरोपी को कोर्ट से राहत नही

**वाराणसी।** गाड़ी से कुचलकर मारने का प्रयास करने के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत नहीं मिली। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने महमूरगंज, भेलूपुर निवासी आरोपित सृजन सिंह की जमानत अर्जी मामले की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अदालत में जमानत अर्जी का विरोध जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आलोक चंद्र शुक्ला व वादी के अधिवक्ता पारस नाथ राय ने किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी आशुतोष तिवारी ने भेलूपुर थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि वह 26 दिसम्बर 2022 को दोपहर पौने एक बजे वह अपने मित्र शारिक के साथ बाइक से किसी काम से महमूरगंज से पापुलर ह्यस्पिटल की ओर जा रहा था। वह जैसे ही मंडुआडीह स्टेशन के समीप स्थित आरपीएफ बैरक के पास पहुंचा, तभी विपरित दिशा से सृजन सिंह अपने चार-पांच दोस्तों के साथ चार पहिया गाड़ी से आ रहा था। इस दौरान उसने पुरानी रंजिश को लेकर मनोज के इशारा करने पर सृजन सिंह ने अपनी गाड़ी से वादी के पुत्र को जान से मारने की नियत से अपनी गाड़ी को उसकी बाइक पर चढ़ा दिया।

**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 212357089 का अंकपत्र प्रमाण पत्र खो गया है उत्कर्ष तिवारी पुत्र मनोज तिवारी ग्राम व पोस्ट-घनश्यामपुर, जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2003 अनुक्रमांक 2091785 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र खो गया है। तेज बहादुर वर्मा पुत्र भारत वर्मा, पता-परिखरा, तीखमपुर, जिला-बलिया, उप्र।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2701985 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र खो गया है। संदीप कुमार वर्मा पुत्र रामप्रवेश वर्मा, पता-परिखरा, तीखमपुर, जिला-बलिया, उप्र।

मेरी माँ का नाम MANJU UMAR गलत है, सही नाम MANJU DEVI है व मेरा ANCHAL UMAR VAISHAYA गलत है, सही नाम ANCHAL UMAR VAISHYA D/o PRADEEP KUMAR निवासी सुरियाँवा पट्टी, जोरावर सिंह, वार्ड नं0-6, न0 प0 सुरियाँवा गल्लामण्डी, जिला-भदोही।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-मां वैष्णवी महाविद्यालय करंजाकला जौनपुर मे (संम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय) स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत स्नातक स्तर पर प्राचीन इतिहास, संस्कृत मे एक-एक पद पर प्रवक्ताओं की एवं प्राचार्य-एक पद। योग्यता, वेतनमान / यूजीसी विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्रो के साथ 21 दिन के अंदर आवेदन करे।साक्षातकार की सूचना डाक-फोन के माध्यम से दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9415891097

**आवश्यकता है**-राजाराम महाविद्यालय बेलौनाकला बरसठी,मड़ियाहूं जौनपुर (संबंध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में रसायन विज्ञान 3 पद, वनस्पति विज्ञान दो ,भौतिक विज्ञान दो, जन्तु विज्ञान दो ,गणित दो, कॉमर्स में 6 पद व कृषि संकाय के अंतर्गत प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परीनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर अपना शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें।
प्रबंधक-मोबाइल: 9936319955

**आवश्यकता है** - गौरीशंकर राय कन्या महाविद्यालय करनई, बलिया के स्नातक कला के समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, कम्प्यूटर एवं विज्ञान संकाय वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, स्नातकोत्तर कला, शिक्षाशास्त्र एव बी0 एड0 विषयों में प्रवक्ताओं की। वेतनमान विश्वविद्यालय परिनियमवाली के अनुसार अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्र के साथ 21 दिनों के अंदर आवेदन करें।
प्रबंधक- मो. 9415378496

## नकली तेल बेचने में तीन आरोपियों की जमानत मंजूर

**वाराणसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेश्वरगंज मंडी से नकली फार्च्यून ब्रांड के रिफाइंड बेचने के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिली। जिला जज डॉ.अजय कृष्ण विश्वेष ने सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह और श्याम जायसवाल ने पक्ष रखा। जबकि अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता आलोक शुक्ल ने पक्ष रखा। आरोपी आकाश चौरसिया,सुजीत कुमार चौरसिया विकास चौरसिया सात अप्रैल से ही जेल में बंद थे। विल्मर लिमिटेड कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि शिकायतकर्ता रिशु मिश्रा ने पुलिस से शिकायत की थी कि विशेश्वरमंडी में उनकी कंपनी का नकली फॉर्चून सोयाबीन ऑयल की बिक्री कई दुकानों पर हो रही है। उक्त शिकायत पर आधार पर पुलिस ने छह अप्रैल को कई दुकानों में छापेमारी कर 62 टीन नकली फार्च्यून रिफाइंड सोयाबीन आयल बरामद किया। यहां तीन लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने सात अप्रैल को जेल भेजा। कर पुलिस ने 7 अप्रैल को भेज दिया था।

# 18 लाख की चोरी करने वाले पांच अभियुक्त धराये

**शिकंजे में**

**एक चोरी के बाद बदल देते थे शहर और कार नंबर प्लेट, यूपी, बिहार और झारखड़ में किया हाथ साफ**

**जनसंदेश न्यूज**



पुलिस ने अभियुक्तों को मीडिया के सामने किया पेश

**वाराणसी।** सिगरा थाना क्षेत्र गांधी नगर सोनिया बीते 31 मार्च को हुई 18 लाख रुपये के गहने की चोरी सिगरा पुलिस ने पांच अभियुक्तों को बरेली से दबोचा। यहां कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर वाराणसी लाया गया। यहां कोर्ट में पेश कर सभी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेगी। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी के 6.21 लाख नकद, 170 ग्राम पीली धातु और 11 लाख रुपये की 13 ग्राम का चेन मय लॉकेट बरामद की। अभियुक्तों की पहचान वशीम खान, शहकार खान, फरहत यार खान, दुशयंत सिंह और विक्की वर्मा गोपाल के तौर पर हुई, सभी बरेली के रहने वाले हैं। पर्दाफाश एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह ने किया।

सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि गांधी नगर थाना सिगरा में 18 लाख की चोरी हुई थी। इस मामले में पीड़िता सुचरिता गुप्त ने सिगरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के दिन वह पास के ही एक निजी स्कूल निकली थी और उनका पति दस मिनट बाद नौकरी के लिए निकले। स्कूल छोड़ने के कुछ देर बाद जब सुचरिता का ड्राइवर घर पहुंचा तो देखा कि फ्लैट का दरवाजा खुला है।

अंदर जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर टूटा है। उसने मालकिन को मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुंची सुचरिता ने सिगरा थाना में मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम चोरी के पर्दाफाश करने में जुटी थी। इस बीच पुलिस के हाथ सुराग हाथ लगा और उक्त आधार पर बरेली पहुंच पांच अभियुक्तों को दबोचा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि सभी बरेली से कार लिया और 30 मार्च को प्रयागराज पहुंचे। कार पर वाराणसी का नंबर प्लेट लगाया था। प्रयागराज में भी सभी ने कई मकानों का खंगाला लेकिन सफलता नहीं मिली। 31 को सभी वाराणसी पहुंचे इसके पहले कार का नंबर बदल दिया और लखनऊ का नंबर प्लेट लगाया। कार से बनारस पहुंचने पर यहां बंद पड़े कई फ्लैट का खंगाला लेकिन चोरी में सफल नहीं हुए। इस सभी सिगरा थाना क्षेत्र के गांधी नगर में पहुंचे। यहां सुचरिता गुप्त के फ्लैट का ताला तोड़ने में सफल हो गये और 18 लाख के जेवरात समेत चार हजार नकदी पर हाथ साफ किया। वारदात को अंजाम देकर बिहार निकल गये और यहां पटना पहुंचकर एक मकान में चोरी की। यहां से सभी झारखंड गये और वहां भी एक मकान को निशाना बनाया और चोरी की। किसी को शक ना हो इसलिए चोरी को अंजाम देने के बाद हर बार कार का नंबर प्लेट बदल देते थे। इसके बाद सभी अपने गृह जनपद बरेली पहुंचे और यहां चोरी के माल को ठिकाने लगाया और बदले में नकदी ली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेजापुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूशा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय सुबह 11.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(राजेश कुमार)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. तेजापुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. तेजापुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत थिरईपट्टी, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूशा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय दोपहर 12.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(गीता यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. थिरईपट्टी, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. थिरईपट्टी, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत कन्तालपुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूशा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय दोपहर 10.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(आरती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. कन्तालपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. कन्तालपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

# वजू की टंकी बनने से हिंदू पक्ष नाराज

**जनसंदेश न्यूज**

**ज्ञानवापी परिसर**

**हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ताओं ने एडीएम प्रोटोकॉल को लिखा पत्र**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम पक्ष के द्वारा वजू करने और टॉयलेट बनाने का सुझाव देने का मामला गरमा गया है। हिंदू पक्ष के वादियों ने परिसर के अंदर वजू के लिए किसी प्रकार के नए निर्माण पर आपत्ति जताई है। वहीं, यह भी कहा है कि आदि विश्वेश्वर के परिसर में किसी तरह का टायॅलेट बनाना अनुचित है। यह मंदिर गरिमा के विरूद्ध है। हिंदू पक्ष ने डीएम पोर्टिक के सामने प्रदर्शन भी किया और फैसले को वापस लेने का अनुरोध किया।

हिंदू पक्ष की ओर से वादी राखी सिंह के अधिवक्ता शिवम गौर ने वाराणसी एडीएम प्रोटोकॉल को पत्र भी लिखा। उन्होंने कहा कि इस अति संवेदनशील परिसर के अंदर किसी तरह का बदलाव या छेड़छाड़ अनुचित है।

वजू के लिए मोबाइल टॉयलेट और फाइबर टैंक की व्यवस्था परिसर से बाहर की जाए। ज्ञानवापी के मुख्य परिसर से करीब 100-200 मीटर की दूरी पर ये इंतजाम कराए जाए। यहां पर शिवलिंग जैसी आकृति मिली है। टॉयलेट या वजू के लिए टंकी बनने से हिंदू आस्था को चोट पहुंच सकती है। किसी तरह का क्रियाकलाप न करके मंदिर की प्रतिष्ठा को बनाए रखे। ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को डीएम एस. राजलिंगम ने परिसर के अंदर मुस्लिम पक्षकारों से वार्ता की। मुस्लिम पक्षकारों ने ज्ञानवापी परिसर में वजू स्थल और टॉयलेट की मांग रखी थी। अलविदा की नमाज और ईद की नमाज पर रमजान के बाद भी स्थाई व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

**ये है पूरा मामला**

ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी केस में परिसर का सर्वे कराने के दौरान वुजू स्थल पर शिवलिंग जैसी आकृति मिलने का दावा किया गया था। इसके बाद इस इलाके को जिला कोर्ट के आदेश पर सील कर दिया गया। इससे मस्जिद में नमाज पढ़ने वालों को वुजू करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंध कमेटी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

## पत्नी समेत चार पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कैंट पुलिस ने पत्नी सहित चार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया। जानकारी के अनुसार अजय कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम कौवा खुर्द, थाना नेवढ़ीया जौनपुर जो मुम्बई में रहकर व्यवसाय करते है। अजय पांडेय का आरोप है कि उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी रेखा पाण्डेय व पुत्र वेद प्रकाश पाण्डेय ने अपने दो अन्य सहयोगियों आशु सोनकर व किशोर कुमार सिन्हा के मदद से जनपद जौनपुर, वाराणसी, मुम्बई व कोलकाता की सम्पत्ति व व्यवसाय हड़पने के लिए कूटरचित दस्तावेज तैयार किया। 29 नवंबर 2022 को अपने अधिवक्ता के सहयोग से दूसरे फर्जी व्यक्ति को खड़ा करके फर्जी पावर आफ एटार्नी दस्तावेज रजिस्ट्रार द्वितीय वाराणसी के यहां से अपने पक्ष में करा लिया। जबकि पत्नी रेखा पाण्डेय के गलत आचरण के कारण जिला जौनपुर में विवाह विच्छेद का भी मुकदमा उनके द्वारा दाखिल है। फिलहाल कैंट पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468 के तहत मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 40 साल पहले हुई हत्या के आरोपी को उम्रकैद

**वाराणसी।** अपर जिला जज त्रयोदश मनोज कुमार सिंह की अदालत ने 40 साल पहले साइकिल स्टैंड के ठेका को लेकर हुई हत्या के मामले में आरोपी मान मन्दिर दशाश्वमेध निवासी पारसनाथ यादव को अदालत ने दोषी पाया और उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट में अभियोजन की ओर से एडीजीसी ज्योतिशंकर उपाध्याय और हृदय नरायन द्विवेदी ने पैरवी की।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अगस्तकुंड़ा निवासी वादी सतीश कुमार द्विवेदी ने दशाशमेघ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया की नगर महापालिका ने 9 जून 1983 को चितरंजन पार्क स्थित साइकिल स्टैंड का ठेका लखनलाल जायसवाल के नाम दिया पहले ये ठेका कमल शर्मा के नाम था। मगर एक साल पहले उसकी हत्या हो गई थी। उसके बाद से पारस यादव साइकिल स्ट्रैंड देखता था। आरोप था कि ठेका पारस यादव ही लेना चाहता था,10 जून 1983 को वादी और उसका भाई विजय दुबे लखनलाल के ठेके को देख रहा था, इसी रंजिश में 11 जून 83 की सुबह 5 बजे अभियुक्त पारस उसका भाई भरत, मौसेरे भाई विजय यादव, प्रीतम बंगाली व हरिनाथ भुजाली धारदार हथियार लेकर पहुंचे और विजय की हत्या कर दी। इस मामले में विचारण के दौरान हरिनाथ व विजय यादव की मृत्यु हो गई जबकि प्रीतम बंगाली व बबली उर्फ अशोक कपूर की पत्रावली अलग कर दी गई। अदालत ने विचारण के बाद अभियुक्त पारस को दोषी पाया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

### रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रोहनिया।** राजातालाब पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी सुनील उर्फ गोली (38) निवासी बढैनी कला को मातलदेई चौराहा के पास से दबोचा। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक राजातालाब मुन्ना राम,उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल सुनील कुमार सरोज,हेड कांस्टेबल सतीश कुमार सिंह,कांस्टेबल सर्वजीत यादव शामिल रहे।



# वाराणसी





डेलिगेट्स का स्वागत करते कमिश्नर कौशलराज शर्मा



प्रदर्शनी का अवलोकन करते विदेशी मेहमान

## कृषि प्रदर्शनी देख किसानों को प्रतिनिधियों ने सराहा



कृषि प्रदर्शनी में विदेशी प्रतिनिधि।

**टीएफसी में डेलीगेट्स**

**स्थानीय कारीगरों के उत्पादों व प्रदर्शनों की भी देखी झलक**

**टीएफसी पहुंचने पर डेलीगेट सदस्यों का सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा भव्य स्वागत किया गया**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जी 20 देशों के आए डेलीगेट सदस्यों ने बुधवार को लालपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल का भ्रमण और स्थानीय कारीगरों के उत्पादों व प्रदर्शनों की झलक दिखाई गई। टीएफसी पहुंचे सभी विदेशी मेहमानों को एक बार फिर पारम्परिक रुप से स्वागत किया गया, विदेशी मेहमानों का उत्साह चिलचिलाती धूप भी नहीं रोक पायी।

टीएफसी के बाहर ही रेड कारपेट बिछाया गया था, इसके साथ लोक कलाकारों की ओर से प्रस्तुत कई लोक नृत्य व लोक कलाओं को देख सभी ने सेल्फी भी ली। सभी ने पूरा टीएफसी घूमकर देखा।

### कृषि प्रदर्शनी देख व्यंजन की विधि समझी

टीएफसी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) और राज्य कृषि विभाग, आईआरआरआई–एसएआरसी एनडीडीबी, एपीडा संगठनों के प्रमुख संस्थानों की कृषि प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रतिनिधियों को कार्यक्रम स्थल पर श्री अन्न के व्यंजनों को बनाने की विधि भी दिखाई गई।अपर मुख्य सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी, कमिश्नर कौशल राज शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### अन्य कलाओं से भी हुए रुबरु

टीएफसी में कृषि के साथ ही अन्य कलाओं के स्टॉल लगाये गये थे जिसमें वाराणसी की काष्ठ कला सहित आसपास के जिलों की प्रसिद्ध वस्तुओं की भी झलक दिखी। हैंडीक्राफ्ट को भी सभी ने खूब सराहा और और कलाकारों से वार्ता भी, कलाओं के बारे में पूछते हुए बनाने की विधि को समझा। सभी ने एक स्वर में कहा भारत विविधित में एकता का रंग तो हैं काशी उससे भी कहीं अधिक है।

### जी 20 की स्थापना

जी 20 को 20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स के एक ग्रुप के रूप में भी जाना जाता है। जी 20 की स्थापना 1999 में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में की गयी थी। पहला शिखर सम्मलेन को 14–15 नवंबर 2008 में आयोजित किया गया था। इस सम्मलेन को एशिया में आये वित्तीय संकट के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा शुरू किया गया था। हर साल जी 20 शिखर सम्मलेन का आयोजन किया जाता है। जी –20 के अध्यक्ष द्वारा हर साल कई गेस्ट कंट्री को इस बैठक में आमंत्रित करते हैं। 2008 के बाद से शिखर सम्मेलनों की कई बैठकों को आयोजित किया जा चुका है। जी 20 समूह या ग्रुप का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। ऊपर दिए गए सूची में शामिल सभी देश जी20 के पूर्ण रूप से सदस्य देश है। जी20 की अध्यक्षता किस देश को दी जाएगी यह हर साल तय कर लिया जाता है।

### एक नजर जी 20 पर

जी 20 को ग्रुप ऑफ ट्वेंटी कहा जाता है। यह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था का एक मंच है। इसमें 19 देश शामिल हैं। इन देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, यूएसए और यूरोपीय संघ (एवं) भी है।

## कैंट स्टेशन पर लगा रोपवे का थ्रीडी मॉडल

**वाराणसी।** रोपवे को आमजन से रूबरू कराने के उद्देश्य से बुधवार को कैंट स्टेशन के तीसरे यात्री हाल में परियोजना का थ्री डी मॉडल प्रदर्शित किया गया। इसे देखने वाले रेल यात्रियों में कोलाहल की स्थिति बनी रही। इस मॉडल के माध्यम से आमजन पूरी परियोजना को देख सकेंगे। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से यह मॉडल स्टेशन पर रखा गया। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि इस मॉडल से रोपवे की लम्बाई, चौड़ाई और ऊंचाई पता चलती है। इसमें कैंट, काशी विद्यापीठ, रथयात्रा और गोदौलिया (चार स्टेशन) समेत पूरे रूट को दशार्या गया है।

# इर्री व आईसीएआर में कार्ययोजना पर हस्ताक्षर

**उपलब्धि**

**चावल की विभिन्न किस्मों की पोषण गुणवत्ता में वृद्धि और जलवायु समन्वय क्षमता प्रणाली के विकास को अपनाने के लिए प्रस्तावना की गई**

जनसंदेश न्यूज



अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बीच कार्ययोजना पर हस्ताक्षर करते प्रतिनिधि

**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (इर्री) ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर) के साथ अपनी साझेदारी को नवीनीकृत करते हुए अगले पाँच वर्षों के लिए अपने शोध और विकास गतिविधियों को मजबूत किया है। अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईएसएआरसी), वाराणसी में एक पंचवर्षीय (2023-2027) कार्य योजना हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। पिछले दशकों से अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कई पहलुओं और कार्यक्रमों पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ काम करता रहा है। इस साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, वर्तमान कार्ययोजना में प्रमुख नवाचारों और अनुसंधान जैसे धान की सीधी बिजाई प्रणाली, चावल की विभिन्न किस्मों की पोषण गुणवत्ता में वृद्धि और जलवायु समन्वय क्षमता प्रणाली के विकास को अपनाने के लिए प्रस्तावना की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने कहा, भारत को एक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि हमारे देश की कृषि समृद्धि की ओर बढ़े एवं इस स्वप्न को साकार करने के लिए चावल की खेती को विकसित करना निहित आवश्यक है इस कार्य-योजना के जरिये हमारा प्रयास रहेगा कि हम अनुसंधान के जरिये कृषि और किसानों के विकास के अपने साझा उद्देश्यों को पूरा करने में सदा तत्पर रहेंगे। देश में चावल अनुसंधान के लिए (आई.सी.ए.आर )और इर्री की प्राथमिकताओं के आधार पर 2023 से 2027 के लिए पारस्परिक सहयोग से पांच व्यापक क्षेत्रों की पहचान की गई है।

इर्री की वन राइस ब्रीडिंग रणनीति का उपयोग करके उच्च आनुवंशिक लाभ के साथ बाजार आधारित चावल की किस्मों को विकसित करने के लिए एक रूपरेखा बनाएगी । भारत के लिए धान की सीधी बिजाई प्रणाली को बढ़ावा देगी, गुणवत्ता युक्त चावल आधारित स्वास्थ्य और पोषण को प्रोत्साहन, जलवायु- समन्वय क्षमता (क्लाइमेट रेजिलिएंट) धान प्रणाली का विकास, एकीकृत क्षमता विकास पर काम होगा।

इर्री की महानिदेशक डॉ. जीन बैली ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् को उनकी सहभागिता हेतु धन्यवाद करते हुए कहा, इर्री एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् वर्ष 1965 से एकसाथ मिलकर अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहें हैं इस वर्तमान कार्ययोजना, जो अपनी संरचना और लक्ष्यों में व्यापक है और भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप है, उसमे डल्लीउअफ कायर्क्रम के चावल और संबद्ध अनुसंधान के सभी अवयवों को शामिल किया गया है किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने हेतु विकासशील कदम लिए जा सकें।

इर्री के डॉ. अजय कोहली, डी.डी.जी. ( अनुसंधान) ने इस नवीनीकृत साझेदारी की चर्चा करते हुए कहा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् एवं इर्री के संयुक्त प्रयास के तहत अब तक कृषि अनुसंधान विशेषतः चावल आधारित खाद्य-प्रणाली के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किये गए हैं इस आगामी पंचवर्षीय कार्ययोजना के अंतर्गत हमे पूर्व में किये गए कार्यों के किसानों के जीवन पर पड़ रहे सकारात्मक प्रभावों एवं सफलता की कहानियों से जुड़ने का भी मौका मिलेगा।

उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि इर्री और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् आगे भी इस तरह संयुक्त प्रयास से अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत रहेंगे ।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में डॉ. जीन बैली, इर्री के महानिदेशक, डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, डॉ. टी.आर. शर्मा, डी.डी.जी. (आई.सी.ए.आर), डॉ. राम कृष्णा श्रेष्ठा , संयुक्त सचिव, नेपाल ,डॉ. अजय कोहली, डी.डी.जी.(अनुसंधान), इर्री, ए.जे. पोंसिन, इर्री, डॉ. सुधांशु सिंह, निदेशक, इर्री, वाराणसी, डॉ. नेसे श्रीनिवासुलु, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### क्लाइमेट स्मार्ट विलेज के तहत होगी उन्नत पैदावार

कई स्तरों पर जलवायु परिवर्तन के लिए कृषि और खाद्य सुरक्षा प्रणालियों का अनुकूलन और लचीलापन बनाना और। कृषि (फसलों, पशुधन और मत्स्य पालन सहित) से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना ही क्लामेट स्मार्ट विलेज का कार्य है। कुल 121 गावों को क्लामेट स्मार्ट विलेज बनाया गया है। आने वाले समय में वाराणसी में भी क्लाइमेट स्मार्ट विलेज की नीव डाली जायेगी।

### क्या है योजना, क्या होगा किसानों को फायदा

कृषि से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर के तहत क्लाइमेट स्मार्ट विलेज बनाने की परियोजना से किसान अपनी आय को दो गुणा कर सकेंगे। साथ ही मुख्य पथों के दोनों किनारे के गावों और खेतों में विकसित खेती विदेश के खेती किसानी का एहसास कराएगा। इसके साथ ही गांव से पलायन कर रहे युवाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी, रोजगार के लिए युवा गांव छोड़कर शहर की ओर से रुख नहीं करेगा। पैदावार बढ़ने से किसान भी समृद्ध होंगे।

# ...गंगा में विलुप्त न हो जाएं मछलियां

**पहल**

**केंद्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान ने गंगा में छोड़े दो लाख मत्स्य बीज**

जनसंदेश न्यूज



केंद्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान यानि सिफरी की ओर से बुधवार को गंगा में दो लाख से ज्यादा मत्स्य बीज छोड़े गये

**वाराणसी।** गंगा में विलुप्त हो रहीं मछली की प्रजातियों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय नदी रैंचिंग कार्यक्रम-2023 के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान यानि सिफरी की ओर से बुधवार को दो लाख से अधिक मत्स्य बीज गंगा में छोड़े गये। संत रविदास घाट यह आयोजन था। इस अवसर पर कुल मिलाकर दो लाख 12 हजार कतला, रोहू, मृगल मछलियों के बीज जनजागरूकता के अंतर्गत छोड़े गये। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. बीके दास की मुख्य उपस्थिति रही। इस मौके पर डॉ. दास ने गंगा में मछली और रैंचिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस साल गंगा में कम हो रही महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों के 22 लाख से ज्यादा बीजों की रैंचिंग का लक्ष्य है। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी आईसीएआर नई दिल्ली डॉ. बीपी मोहंती ने लोगो को गंगा का महत्व बताते हुए इसे स्वच्छ रखने का आह्वान किया।

सूबे के उप निदेशक मत्स्य अनिल कुमार विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। बीएचयू की प्रो. राधा चौबे, मत्स्यनिरीक्षक राजेंद्र कुमार, गंगा टास्क फोर्स के सुबेदार शीवेंद्र सिंह और नमामि गंगे के राजेश शुक्ल आदि ने जैव विविधता और मछलियों के बारे में लोगों को जागरूक किया। आयोजन में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. वीआर ठाकुर, डॉ. मितेश रामटेक, डॉ. विकास कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# ट्रेनिंग में गैरहाजिर रहे तो होगी रपट

**सीडीओ ने चेताया**

**मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आरंभ, पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों को दे रहे ट्रेनिंग**

जनसंदेश न्यूज



नगरीय निकाय चुनाव में लगाये गये मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को आरंभ हुआ

**वाराणसी।** नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बुधवार को मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस दौरान अनुपस्थित रहे कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोकते हुए गुरुवार को संबंधित स्थान पर पहुंचकर ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। साथ ही चेतावनी दी गयी कि यदि प्रशिक्षण नहीं लिया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भोजूबीर क्षेत्र स्थित उदय प्रताप इंटर कॉलेज और उदय प्रताप पब्लिक स्कूल परिसर में यह ट्रेनिंग आरंभ हुई। उसमें दो पालियों में कुल मिलाकर एक हजार 762 पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करना था। लेकिन मौके पर 25 कार्मिक गैरहाजिर रहे। इस पर मुख्य विकास अधिकारी एवं इस इलेक्शन के कार्मिक प्रभारी हिमांशु नागपाल ने अनुपस्थित कार्मिकों को 20 अप्रैल को निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने चेताया है कि प्रशिक्षण न लेने पर अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ निर्वाचन आयोग की सुसंगत धाराओं के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करायी जाएगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्मिकों को मतदान कराने के सामान्य तौर-तरीकों सहित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट संचालन के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें बताया गया कि महापौर प्रत्याशियों और पार्षद उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग ईवीएम होंगे। नगर निगम के मेयर और पार्षद पद का चुनाव कराने के लिए प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के साथ प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ मतदान अधिकारी होंगे। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि पी-2 कार्मिकों के समान ही पी-4 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। पी-4 के कार्मिक अतिरिक्त कार्मिक के रूप में शामिल किये गये हैं। प्रशिक्षण के दौरान सीडीओ ने सभी कक्षों का मौका-मुआयना भी किया।

# बागियों को मनाने में जुटी पार्टियां

जनसंदेश न्यूज

**काम चालू**

**निकाय चुनाव में पार्टी की ज्यादा से ज्यादा सीटें निकालने के लिए हो रहा प्रयास**

**वाराणसी।** निकाय चुनाव में टिकट वितरण के बाद अब राजनीतिक दल टिकट ना मिलने पर नाराज चल रहे बागियों को मनाने में जुटे हैं। पार्टी पदाधिकारियों की ओर से इन बागियों से बात कर गुरुवार को नाम वापसी के लिए सहमति बनाने पर जोर दिया गया रहा है।

निगम के परिसीमन विस्तार के बाद इस बार 90 के स्थान पर 100 पार्षद सीटों पर चुनाव कराया जा रहा है। क्षेत्रफल विस्तार में अपने-अपने जनआधार को बढ़ाने के साथ पार्टियां अपने प्रत्यासियों को विजयी बनाने के लिए कोई जी तोड़ प्रयास कर रही हैं। इसमें सबसे बड़ा रोड़ा बागी बन रहे हैं। बागियों की उम्मीदवारी खत्म कर उनको पर्चा वापसी के लिए प्रेरित करने में जुटे पार्टी नेता आश्वासन देकर उन्हें मनाने में लगे हैं। इसमें भाजपा, सपा और क्रांग्रेस की ओर से वितरित किए गए टिकटों से कुछ कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ऐसा नहीं है कि बागियों में केवल उम्मीदवार हैं। बल्कि इनमें पार्टी कार्यकर्ताओं की भी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसमें कुछ कार्यकर्ता टिकट वितरण से इतने नाराज हो गए हैं कि उन्होंने बाकायदा पार्टी की सदस्या ही त्याग दी है। जबकि कुछ ने टिकट ना मिलने की वजह से अन्य दलों का झंडा थाम लिया है। इन सभी से होने वाले नुकसान से पार्टी को बचाने के लिए दलों की ओर से मान मनौवल किया जा रहा है। दलों का यह प्रयास है कि किसी तरह गुरुवार को बागियों से पर्चा वापसी कराया जाए।

### चिलचिलाती धूप चुनाव प्रचार पर लगा रही ब्रेक

इस बढ़ते तापमान में लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। जिसका असर निकाय चुनाव पर भी देखा जा रहा है। चिलचिलाती धूप ने उम्मीदवारों के प्रचार पर काफी हद तक ब्रेक लगा रखा है। दिन में तेज धूप के साथ गर्मी भी बढ़ जा रही है। जिससे उम्मीदवार भी घर से निकलने से बच रहे हैं। यही नहीं समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी धूप में निकलने से परहेज कर रहे हैं। निकाय चुनाव में नामांकन और जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब उम्मीदवार अपने–अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए निकलने लगे हैं। लेकिन चिनचिलाती धूप उनके चुनाव प्राचार को प्रभावित कर रही है। उम्मीदवार दिन में सुबह आठ से नौ ही प्रचार के लिए घर से बाहर निकल पा रहे हैं। जिसके बाद उनको शाम में ही प्रचार का मौका मिल रहा है।

रिटेल डायरेक्टरी


















# संस्कृत महाविद्यालय की जगह चल रहा गेस्ट हाउस

**प्रो. त्रिपाठी ने जांच में पाया**

**कमेटी बनाकर प्रदेश भर में संचालित संस्कृत महाविद्यालयों की कराई जाएगी जांच**

**संस्कृत संरक्षण मिशन के तहत कुलपति ने महाविद्यालयों का किया निरीक्षण, धरातल पर की गई जांच**



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बुधवार को संस्कृत बचाओ मिशन के अंतर्गत शहर के दो संस्कृत महाविद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक का भवन जर्जर और दूसरे महाविद्यालय के स्थान पर गेस्ट हाउस संचालित पाया गया।

निरीक्षण में कुलपति ने बताया कि रामानुज संस्कृत महाविद्यालय, मिश्र पोखरा के खंडहर युक्त जीर्ण-शीर्ण भवन में एक अध्यापक और चार छात्र मिले। जबकि यहां 127 छात्र पंजीकृत हैं। प्राचार्य एवं अन्य अध्यापक मौके पर नहीं मिले। यूजीसी के द्वारा उक्त महाविद्यालय के भवन के पुनरोद्धार के लिये 90 लाख रुपए दिये गये थे, बिना कार्य कराये यूजीसी को यूटिलाईजेशन प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिया गया। वहीं गोदौलिया के मायानंदगिरी संस्कृत महाविद्यालय, लक्ष्मणपुर, पितांबरीमठ के निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय की जगह 'माया गेस्ट हाउस' होटल संचालित मिला, महाविद्यालय एक कोने में दो कमरों पाया गया, जिसकी साफ-सफाई नहीं की गई थी। मौके पर एक भी विद्यार्थी एवं अध्यापक नहीं मिले। कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि इन दोनों महाविद्यालयों के खिलाफ विधिकरूप से नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। शीघ्र ही यहां से एक समिति का गठन कर इस तरह के महाविद्यालयों का धरातल से भौतिक सत्यापन कर वस्तुस्थिति की जांच की जायेगी। तब जाकर महाविद्यालय के भवन, अध्यापक, छात्र आदि के बारे में पता चलेगा। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश के सभी संस्कृत महाविद्यालयों का भौतिक रूप से निरीक्षण किया जायेगा। संस्कृत संरक्षण के ऊद्देश्य से संबद्ध सभी संस्कृत महाविद्यालयों के धरातल की जांच की जायेगी, इसके लिये विश्वविद्यालय स्तर से कमेटी का गठन कर जगह-जगह भेजा जाएगा। जिसके रिपोर्ट को गंभीरता से लिया जायेगा।

# अतिक्रमण हटवाकर तीन गाड़ी सामान किया जब्त



**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर कुल तीन गाड़ी सामन जब्त किया गया।

जिसमें नदेसर स्थित होटल ताज से वरुणा पुल होते हुए सर्किट हाउस, भोजूबीर तिराहा, गिलट बाजार से बाइ पास होते हुए हरहुआ, रिंग रोड से चांद मारी स्थित हस्त कला संकुल तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जहां मुख्य मार्गों से अतिक्रमित सामान हटवा कर सड़क और पटरी पर अवैध रूप से वेंडिंग कर रहे वेंडरों को हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया। अभियान के दौरान लावारिस हालत में सड़क किनारे रखा हुआ दो गाड़ी सामान जब्त किया गया। इस दौरान अस्सी घाट पर अवैध रूप से रखे हुए तमाम गुमटी और काउंटर हटवा कर इलाका खाली करवाया गया, लावारिस हालत में रखे हुए काउंटर, टेबल, बेंच सहित कुल एक गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कर लिया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरा, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्वित 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्बेस्टस सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंट लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेट- प्रति नग, 11. मौटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्रिंटर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूसा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय सुबह 10 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(सिखा)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. लोहरा, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. लोहरा, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़



## कार्यालय ग्राम पंचायत खालिसपुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्वित 14वां/15वां वित्त आयोग/पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्बेस्टस सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंट लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेट- प्रति नग, 11. मौटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्रिंटर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूसा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय सुबह 11 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(संयोगिता)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. खालिसपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. खालिसपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़


# सशक्त समाज निर्माण में सशक्त महिला की अहम भूमिका : प्रो. केके सिंह



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में छात्र कल्याण संकाय की ओर से बुधवार को मार्शल आर्ट्स के 15 दिवसीय निःशुल्क आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संकायाध्यक्ष प्रो. केके सिंह ने बताया कि सशक्त समाज के निर्माण में सशक्त महिला की महत्वपूर्ण भूमिका है। विगत 10 वर्षों से चलाए जा रहे इस आत्म रक्षा प्रशिक्षण द्वारा विद्यापीठ अपनी इस भूमिका का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहा है।

मुख्य अतिथि प्रो. राजेश मिश्र ने एक स्वस्थ और विषमता मुक्त परिवार की संरचना के महत्व को समझाया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. नंदिनी सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्य प्रतिदिन तीन बैच में अगले 15 दिनों के लिए चलाया जाएगा। जिसमें विद्यापीठ में अध्यनरत सभी छात्राएं निःशुल्क सहभाग कर सकती है। संचालन सह समन्वयक डॉ. किरन सिंह ने किया। प्रशिक्षक सेंसेई अजीत श्रीवास्तव, सेंसई अनिता सिंह एवं सेंसई अखिलेश रावत ने मार्शल आर्ट्स के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. आरती, डॉ. ऊर्जाश्विता, डॉ. नीरज धनकड़, प्रो. भारती रस्तोगी, डॉ. सतीश कुशवाहा, डॉ. अनिल उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# डीएवी में नैक टीम ने किया मूल्यांकन



**वाराणसी।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की टीम अकादमिक उन्नयन के मूल्यांकन के लिए दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को डीएवी पीजी कॉलेज पहुंची। तीसरे चक्र के मूल्यांकन के लिए डॉ. बसंत शिंदे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। टीम ने सर्वप्रथम प्राचार्य के साथ बैठक की। जिसके बाद आइक्यूएसी की समन्वयक द्वारा प्रजेंटेशन दिया गया। विभागवार पीपीटी द्वारा अकादमिक उपलब्धियों एवं विभागीय गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। टीम ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर तथ्यों का सत्यापन भी किया।

टीम ने मुख्य पुस्तकालय, इन्डोर स्टेडियम, कंप्यूटर लैब, कॉमर्स लैब, इकॉन लैब, पुरातत्व लैब, मनोविज्ञान लैब, सहित अन्य लैब का भी निरीक्षण किया। इससे पूर्व प्रो. सत्यदेव सिंह, अजीत कुमार सिंह एवं डॉ. पारुल जैन ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर टीम का स्वागत किया। नैक की टीम ने अपराह्न शहर के प्रबुद्धजनों के साथ सीधा संवाद किया और काशी तथा महाविद्यालय के गौरवशाली विकास क्रम को जाना। इस दौरान प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्रा, पद्मभूषण पंडित देवी प्रसाद द्विवेदी, डॉ. गया सिंह, प्रो. जीसीआर जायसवाल, प्रो. बिंदा परांजपे, प्रो. श्रीकिशोर मिश्र, प्रो. अरविंद जोशी, प्रो. सुमन जैन आदि उपस्थित रहे।

नैक निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस सांस्कृतिक संध्या में छात्रों ने योग का भी अदभुत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर गायन, वादन और नृत्य की विविध प्रस्तुतियां हुई। संचालन डॉ. राकेश कुमार द्विवेदी व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अनूप कुमार मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर प्रो. सत्यगोपाल, प्रो. विक्रमादित्य राय, प्रो. समीर पाठक, प्रो. मिश्रीलाल, प्रो. ऋचारानी यादव, प्रो. मधु सिसोदिया सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-मनिया वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन/सांसद निधि/क्षेत्र पंचायत निधि/ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 26.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 26.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-गोपाल प्रसाद
ग्राम पंचायत-मनिया
वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-पिंटू कुमार सरोज
ग्राम पंचायत-मनिया
वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**


## संक्षेप

### जी-20 पर निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता




**वाराणसी।** जगतपुर पीजी कॉलेज में बुधवार को जी-20 कार्यक्रम के तत्वाधान में निबंध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जो जी-20 कार्यक्रम समन्वयक प्रो. संगीता गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रो. संगीता गुप्ता ने जी-20 की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। निर्णायक का कार्य डॉ. अमिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में अभिषेक, पलक, प्रज्ञा, विश्वजीत, खुशबू, स्वाति, जयदीप, सत्यम, विमल, सृष्टि, ज्योति, अमित, सत्यम, करण तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### युवा विद्वानों की दो दिनी संगोष्ठी आरंभ



**वाराणसी।** बीएचयू के राजनीति विज्ञान विभाग ने बुधवार को दो दिनी युवा विद्वानों की संगोष्ठी आरंभ की। जिसमें प्रो. सीएसआर मूर्ति और प्रो. गुलशन सचदेवा, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जवाहरलाल नेहरू विवि नई दिल्ली, महात्मा गांधी केंद्रीय विवि बिहार के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव और डॉ. स्वस्ति राव, मनोहर परिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक एनालिसिस नई दिल्ली ने विचार व्यक्त किये। उन्होंने अवसर, चुनौतियां और वर्तमान जी-20 प्रेसीडेंसी से आगे के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में प्रो. सीएसआर मूर्ति, प्रो. गुलशन सचदेवा, डीन प्रो. बिंदा डी. परांजपे, विभागाध्यक्ष प्रो. शुभा राव, डॉ. श्रुति दुबे, प्रो. संजय श्रीवास्तव, डॉ. स्वस्ति राव, डॉ. बागिशा सुमन, डा. दिव्या रानी, डॉ. श्रुति दुबे आदि की भागीदारी रही।

### क्विज में निकिता एवं दिव्या रहीं प्रथम



**वाराणसी।** जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता के उपलक्ष्य पर बुधवार को राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय ने अंतर्विभागीय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। उसमें 32 टीमों ने भागीदारी रही। प्रतियोगिता में निकिता मनोज सिंह एवं दिव्या पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुभूति गौर, आयती वार्ष्णेय, आर्ची आनंद तथा प्रियांशी पांडेय द्वितीय और निधि एवं पूजा सिंह को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। डॉ. श्रेया पाठक के संयोजन में कार्यक्रम का समन्वय बीएचयू के छात्र परामर्शदाता नित्यानंद तिवारी ने किया। आयोजन में गुरुचरण सिंह, बादल सिंह राज, आरती महला, एलिना सिंह और श्री सूर्यांश मिश्र क्विज मास्टर्स थे।

### राजेन्द्र श्रीवास्तव बने लाइन शाखाध्यक्ष



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन ) लाइन शाखा में शाखा अध्यक्ष पद पर ट्रेन मैनेजर राजेन्द्र श्रीवास्तव निर्वाचित हुए। लाइन शाखा के मंत्री डीके सिंह ने बताया कि एसी गौतम जो पूर्व में लाइन शाखा के अध्यक्ष थे, उन्हें मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया इसके चलते अध्यक्ष पद खाली चल रहा था। बुधवार को कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मत्ति से राजेन्द्र श्रीवास्तव को नार्दन रेलवे मेंस यूनियन लाइन शाखा का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान लाइन शाखा मंत्री डीके सिंह, सहायक मंडल मंत्री एस के सिंह, एसी गौतम, भानू गुप्ता, आशोक राय, ओमप्रकाश, आर के पोद्दार सहित मंडल के सभी शाखाध्यक्ष व शाखा मंत्री ने उन्हें बधाई दी।

# चार जोड़ी स्पेशल ट्रेन से भीड़ को करेंगे नियंत्रित

**वाराणसी।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ नियंत्रित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने वाराणसी के रास्ते चार जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत बनारस (मंडुआडीह) स्टेशन और मुम्बई (एलटीटी) के बीच समर स्पेशल ट्रेन चलाया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार के अनुसार गाड़ी संख्या 01114 बनारस - लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से प्रत्येक गुरूवार व रविवार को बनारस स्टेशन से शाम 6 बजे रवाना होगी।

प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर खंडवा और इगतपुरी के रास्ते यह ट्रेन अगले दिन रात्रि 11.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन पहुंचेगी। उधर से गाड़ी संख्या -01113 लोकमान्य तिलक टर्मिनल - बनारस स्पेशल ट्रेन का संचालन 19 अप्रैल से 14 जून तक प्रत्येक बुधवार एव शनिवार को किया जाएगा। यह ट्रेन दोपहर 12.15 बजे प्रारंभिक स्टेशन लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

**इन गाड़ियों से भी मिलेगी राहत**

गाड़ी संख्या -01115/16 गोरखपुर - एलटीटी स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल से 21 जून तक प्रत्येक गुरूवार को सुबह 4.30 बजे बनारस स्टेशन से रवाना होगी। वापसी में 25 अप्रैल से 20 जून तक लोकमान्य तिलक टर्मिनल से संचालित यह ट्रेन बुधवार को शाम 4.15 बजे बनारस स्टेशन के रास्ते गोरखपुर जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या -01101/02 बनारस - एलटीटी स्पेशल ट्रेन तीन मई और सात जून को शाम छह बजे बनारस स्टेशन से लोकमान्य तिलक टर्मिनल स्टेशन प्रस्थान करेगी। इधर गाड़ी संख्या -09184/83 बनारस - मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन पांच मई से 30 जून तक हर शुक्रवार को बनारस स्टेशन दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी।

निर्धारित स्टेशन पर ठहराव लेकर अगले दिन शाम चार बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में समान्य श्रेणी के तीन, एसी द्वितीय श्रेणी के दो, एसी तृतीय श्रेणी के छह, शयनयान श्रेणी के दस समेत 23 कोच लगाए जा रहे हैं।

### कल सारनाथ एक्सप्रेस रहेगी निरस्त

**वाराणसी।** बिलासपुर मंडल के सिंहपुर स्टेशन पर रेल दुर्घटना के चलते छपरा से दुर्ग के बीच संचालित गाड़ी संख्या -15159 सारनाथ एक्सप्रेस शुक्रवार को निरस्त रहेंगी। इसके पूर्व दुर्ग - छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को बुधवार को निरस्त कर दिया गया था। इस कारण यह ट्रेन गुरूवार को कैंट पर भी रद रहेगी।

### कैंट स्टेशन पर दो पहिया पार्किंग निः शुल्क

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग को बुधवार से पूरी तरह निः शुल्क कर दिया गया है। घाटे का हवाला देकर निवर्तमान ठेकेदार ने इस पार्किंग को सरेंडर कर दिया गया था। लिहाजा, उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल मुख्यालय ने पुनः टेंडर प्रक्रिया होने तक इसे पूरी तरह से निः शुल्क कर दिया है। निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि द्वितीय प्रवेश द्वार स्थित दो पहिया वाहन पार्किंग को अगले आदेश तक फिलहाल निः शुल्क रखा गया है।

### तीसरे फुट ओवरब्रिज पर स्वचालित सीढ़ी लॉन्च

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन पर निमार्णाधीन तीसरे फुट ओवरब्रिज पर बुधवार को पहला स्वचालित सीढ़ी लांच कर दिया गया। प्लेटफार्म नंबर छोर स्थित इस स्वचालित सीढ़ी का ट्रायल भी शुरू हो गया। निदेशक गौरव दीक्षित ने बताया कि 30 अप्रैल तक तीसरे फुट ओवरब्रिज को पूरा करने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में स्वचालित सीढ़ी लांच कर दिया गया।

### 2.1 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने बुधवार को दो किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। कैंट जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान सूचना मिलने पर स्टेशन से गोलू डोम (20 )पुत्र स्व. मुन्ना डोम निवासी नदेसर खरबूजा शहीद से गिरफ्तार किया गया, उसके पास से 2.1किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 18 हजार रुपये बतायी जा रही है। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया।

# हीटवेव से बिगड़ सकता है हेल्थ

**रहें सावधान**

**स्वास्थ्य विभाग की सलाह, सूरज के सीधे संपर्क में आने से बचें**

**इच्छा न होने पर भी पानी पीएं ठंडक प्रदान करने वाले फल खाएं**

**बच्चों व वृद्धजनों का रखें विशेष ध्यान, अधिक गर्मी में न करें व्यायाम**



**वाराणसी।** अप्रैल के महीने से ही तापमान बढ़ने लगा है। सुबह 10 बजे से ही धूप बहुत अधिक तेज होने लगी है। इसके साथ हीटवेव (लू) भी चल रही है। इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी दौरा पड़ना, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना, मतली और उल्टी आना, नींद पूरी न होना आदि परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को लू से बचने के लिए सलाह देना शुरू कर दिया है। खानपान से लेकर आवाजाही करने में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने दी।

सीएमओ ने बताया कि अचानक से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह है। लू और अधिक गर्मी को देखते हुए सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि अप्रैल से जून तक लू और गर्मी का प्रकोप रहता है। तापमान भी 42 डिग्री सेल्सियस से लेकर 46 डिग्री तक पहुँच जाने की संभावना है। जरा सी असावधानी और लापरवाही बरतने से कोई भी लू की चपेट में आ सकता है। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ राजेश प्रसाद ने बताया कि हीट वेव से संबन्धित लक्षण जैसे अधिक पसीना आना, शारीरिक तापमान 105 फारेनहाइट या उससे अधिक, उल्टी आना, बेहोशी आना, थकान, कमजोरी, चक्कर आना, मांसपेशियों में जकड़न, सिरदर्द आदि हैं। यदि ऐसे लक्षण लगातार देखने को मिल रहे हैं तो ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। जिले के सभी चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पाउडर, आईवी फ्ल्यूड की उपलब्ध है। सभी तरह की दवाएं उपलब्ध हैं।

**क्या करें**

अधिक से अधिक पानी पिएं, यदि प्यास न लगी हो तब भी पानी पिएं, ओआरएस घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू, पानी, छाछ आदि का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके, जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल तरबूज, खरबूज, संतरे, अंगूर, अन्नास एवं सब्जी खीरा, ककड़ी, सलाद पत्ता का प्रयोग करें।

**क्या न करें**

दिन के 12 से 3 बजे तक हो सके तो धूप में न निकलें। सूरज के सीधे संपर्क में आने से बचें, अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथासंभव बचें तथा बासी भोजन का प्रयोग न करें, बच्चों, वृद्धजनों तथा पालतू जानवरों को खड़ी व बंद गाड़ियों में न छोड़ें, अधिक गर्मी वाले समय में खाना बनाने से बचें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-भदौरा वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन/सांसद निधि/क्षेत्र पंचायत निधि/ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 26.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 26.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-विद्दू कुशवाहा
ग्राम पंचायत-भदौरा
वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-पिंटू कुमार सरोज
ग्राम पंचायत-भदौरा
वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

# चन्द्रशेखर हाफ मैराथन में नौ सैनिक प्रिंस ने मारी बाजी

**आयोजन**

### वाराणसी के चंदन राजभर द्वितीय एवं तृतीय रहे रंजीत

### परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने धावकों को किया पुरस्कृत


पंचम चंद्रशेखर हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं राज्यसभा सांसद नीरज शेखर


चंद्रशेखर हाफ मैराथन में दौड़ लगाते धावक


गंगा बहुद्देशीय सभागार में पुरस्कृत धावकों के साथ मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर एवं अन्य

**बलिया।** पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की स्मृति में बुधवार को आयोजित पंचम चंद्रशेखर हाफ मैराथन में सहारनपुर के प्रिंस कुमार ने कड़ी प्रतिस्पर्धा में प्रथम पुरस्कार पर कब्जा जमाया। वाराणसी के चंदन राजभर ने द्वितीय और वाराणसी के ही रंजीत पटेल ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। तत्पश्चात गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ट्राफी देकर उनको सम्मानित किया।

पटपर पचखोरा से वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम तक 21 किमी के पंचम चन्द्रशेखर हाफ मैराथन में इस बार 728 धावकों ने पंजीकरण कराया था। देश के अलग-अलग राज्यों के अलावा केन्या, इथियोपिया और इस्ताम्बुल से भी धावक आए। हाफ मैराथन के प्रारंभ स्थल पर सुबह करीब साढ़े छह बजे मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने राज्यसभा सांसद नीरज शेखर के साथ हरी झंडी दिखाकर दौड़ शुरू कराई। शुरुआत में सभी धावकों में जोश देखते ही बन रहा था। दौड़ पूरी होने तक आधे दर्जन धावकों में इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा थी कि 60 सेकेंड के अंतराल में पहले पांच स्थानों का फैसला हुआ।

पटपर से दौड़ शुरू हुई तो सुखपुरा आते-आते वही धावक आगे दौड़ रहे थे, जो आखिर में विजेता बने। यहां 355 नम्बर के चंदन राजभर सबसे आगे निकल गए थे। उनके पीछे 369 नम्बर के प्रिंस कुमार थे, जबकि 429 नम्बर के रंजीत पटेल भी बिल्कुल पीछे-पीछे ही दौड़ रहे थे। 406 नम्बर की जर्सी पहने उत्तराखंड के अंकित कुमार भी ज्यादा पीछे नहीं थे। वहीं, पश्चिम बंगाल का धावक 411 नम्बर की जर्सी में अनुपम मेहता सुखपुरा तक इनके ठीक पीछे ही दौड़ रहा था। सभी धावक बहादुरपुर में बने अंतिम बूथ तक इतने आगे रहे कि बाकी धावक इनसे काफी पीछे दिखाई दिए। इन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए सुखपुरा से कुंवर सिंह चौराहे तक हजारों लोग तालियां बजा रहे थे। आयोजन समिति से जुड़े लोग और रिफ्रेशमेंट बूथों पर तैनात वालंटियर उन्हें पानी देने के लिए दौड़ते दिखाई दिए। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में फिनिश प्वाइंट तक आते-आते सहारनपुर के प्रिंस कुमार सबसे आगे निकल गए। प्रिंस ने अपनी दौड़ 59 मिनट 14. 53 सेकेंड में पूरी की। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रथम विजेता प्रिंस कुमार को एक लाख, द्वितीय विजेता चंदन राजभर को 51 हजार, तृतीय विजेता रंजीत पटेल को 25 हजार, चतुर्थ विजेता अंकित कुमार को 15 हजार, पंचम स्थान हासिल करने वाले अनुपम मेहता को आठ हजार रुपये व छठवें स्थान पर अनिल यादव को चार हजार रुपये इनाम देकर पुरस्कृत किया। राष्ट्र नायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह ने सबका स्वागत किया। संचालन प्रदीप यादव ने किया।

### अलग था पूर्व पीएम चंद्रशेखर का व्यक्तित्वः दयाशंकर

**बलिया।** पंचम चन्द्रशेखर हाफ मैराथन के विजेताओं के लिए बुधवार को गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के विराट व्यक्तित्व को देखते हुए यह हाफ मैराथन प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कराया जाएगा। पूर्व पीएम चन्द्रशेखर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रिश्ते निभाने वाले राजनेता रहे हैं। वह राजनीति में मित्रता के लिए जाने जाते थे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भी उनके संबंध अच्छे थे। चंद्रशेखर जी ने कम समय में जो काम देश के लिए किए हैं, वे मील के पत्थर हैं। प्रधानमंत्री रहते पद का मोह नहीं किया और पल भर में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए उनका व्यक्तित्व अलग है। सभी प्रधानमंत्रियों में उनका व्यक्तित्व सबसे बड़ा रहा है। इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि चंद्रशेखर जी के नाम पर हर वर्ष हो रहे हाफ मैराथन को सरकारी रूप से कराने के लिए सरकार तैयार हो जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि हमारी सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए तेजी से काम कर रही है। यही वजह है कि पूर स्थित स्पोर्ट्स कालेज के लिए मुख्यमंत्री योगी ने 20 करोड़ रुपये दिए हैं। चन्द्रशेखर जी के नाम पर पूर में स्पोर्ट्स कालेज बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

### नीरज शेखर ने आयोजकों का जताया आभार

**बलिया।** राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने चन्द्रशेखर हाफ मैराथन समिति के आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अगला चंद्रशेखर हाफ मैराथन इससे भी भव्य होगा। अगली बार मैराथन की पुरस्कार राशि बढ़ेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, अरुण सिंह बंटू, नकुल चौबे, गुड्डू राय, मिठाई लाल गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, प्रेमप्रकाश सिंह, शिवजी राय चंदेल आदि मौजूद रहे।

### चंद्रशेखर हाफ मैराथन में इनकी रही अहम भूमिका

**बलिया।** पंचम चन्द्रशेखर हाफ मैराथन के आयोजन को सफल बनाने में रुस्तम अली, दिनेश जायसवाल, सत्येन्द्र कुमार, डा. मंजूर, धीरेंद्र पुरुषोत्तम, मिथिलेश श्रीवास्तव, अरुण सिंह, पंकज सिंह, रोहित भारद्वाज, सच्चिदानंद राय, अजयराज सिंह, मारुति नंदन राय, सोनिया कुमारी आदि ने बतौर आफिशियल सहयोग किया। मैराथन की व्यवस्था करने वालों में सुधीर सिंह, उमेश सिंह, पवन राय, नीरज राय, मनोज शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, संतोष सिंह, संजय सिंह, आशुतोष तोमर, अखिलेश सिंह शक्ति, जितेंद्र सिंह, मंटू सिंह, धीरेंद्र राय, धर्मवीर सिंह, सेतनाथ सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अरमान अली, कुमार प्रशांत, शैलेंद्र यादव, जहीर आलम, राजीव सिंह, श्यामनारण तिवारी, भवतोष पाण्डेय व इफ्तेखार खां आदि शामिल रहे। आभार अजीत सिंह ने व्यक्त किया।

### ज्ञानकुंज एकेडमी के बच्चों ने बांधा समा

**बलिया।** गंगा बहुद्देश्यीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञानकुंज एकेडमी बंशीबाजार के बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी धावकों और हाल में उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञानकुंज एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर पर गीत 'एक नई रोशनी हम लाएंगे, चन्द्रशेखर सा दीप ज्योति हम जलाएंगे' गाया तो सभी ने खूब सराहना की। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ज्ञानकुंज एके-डमी के बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के डायरेक्टर देवेन्द्र सिंह खुद बच्चों की हौसला अफजाई के लिए सभागार में मौजूद रहे।

### 72 वर्षीय चंद्रभान ने भी पूरी की दौड़

**बलिया।** पंचम चन्द्रशेखर हाफ मैराथन में कुछ ऐसे भी लोगों ने दौड़ लगाई, जिन्हें देख सभी हतप्रभ रह गए। कथरिया निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग धावक चंद्रभान सिंह के जज्बे को देख लोगों ने जमकर तालियां बजाई। चंद्रभान सिंह ने फिनिश लाइन को छुआ तो पूरा स्टेडियम जोश से भर गया। इन्हें भी सबसे बुजुर्ग प्रतिभागी होने के नाते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सम्मानित किया।

### ये धावक भी हुए पुरस्कृत

**बलिया।** चंद्रशेखर हाफ मैराथन में 21वें स्थान तक आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें सातवें स्थान पर इस्लाम अली, सुनील गोलियान, सुशील कुमार, शैलेश कुशवाहा, मनीष कुमार, आकाश कुमार, सुनील पटेल, प्रदीप, जितेन्द्र, हरीश, अंगद यादव, अमित कुमार, अजय यादव, श्रीराम मौर्य व बृजेश साहनी को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा राज्यसभा सांसद नीरज शेखर आदि ने पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया।

## संक्षेप

### स्कूल संचालन का समय बदला

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार के निर्देश के क्रम में भीषण गर्मी व धूप के दृष्टिगत जनपद में बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालयों, मदरसा, सीबीएससी, आईसीएससी बोर्ड के हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों को (कक्षा 01 से 08 तक) 19 अप्रैल से अग्रिम आदेश तक प्रातः 07.30 से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित किया जायेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मुलायम नगर स्थित एक मकान में बिजली का कार्य करते हुए फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव निवासी बृजेश कुमार वर्मा (22) पुत्र हरिशंकर वर्मा करंट की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही, युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक जिला अस्पताल पहुंच गये।

### अलग-अलग स्थानों से सात वारंटी गिरफ्तार


नगरा थाना में पकड़े गये वारंटियों के साथ पुलिस

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा मो. फहीम कुरैशी के निर्देशन में नगरा पुलिस ने सात वारंटी अभियुक्तों को अलग-अलग टीम बनाकर गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक रामसकल यादव मय हमराह पुलिस टीम द्वारा सुनील पुत्र शिवलाल, अभिमन्यु पुत्र शिवलाल, आशुतोष पुत्र शिवलाल निवासीगण ताड़ीबड़ागांव बन्जरिया, नगरा व शमशेर राजभर पुत्र रामनाथ राजभर निवासी तियरा हैदरपुर, नगरा तथा उप निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह पुलिस टीम द्वारा वारंटी शिवसागर यादव पुत्र भजूराम यादव निवासी सेमरी, कालीस्थान, नगरा को गिरफ्तार किया गया। वहीं, उप निरीक्षक छुन्ना सिंह मय हमराह पुलिस टीम ने वारंटी जगधारी पुत्र मोतीलाल व झल्लू पुत्र स्व. जीउत यादव निवासीगण कोदई, नगरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनि रामसकल यादव, कां. नरेश कुमार, विशाल यादव, महिला कां. ज्योति मिश्रा, उनि राकेश सिंह, कां. सनोज कुमार, मनोज कुमार, महिला कां. मनीषा पाल, उनि छुन्ना सिंह, हेड कांस्टेबल रामजीत सिंह यादव, कां. शिवम पटेल, महिला कां. गुड़िया शामिल रहे।

### सभासद पद के लिए पांच लोगों ने किया नामांकन

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर पंचायत बेल्थरारोड में चल रही नामांकन प्रक्रिया में तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन अधिकारी सीमा पांडेय के नामांकन कक्ष से कुल एक महिला अभ्यर्थी ने दो नामांकन पत्र खरीदे। तीन दिनों में अध्यक्ष पद के लिए एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। इसके अलावे नगर पंचायत के कुल 13 वार्डो में सभासद पद हेतु पांच लोगों ने पांच नामांकन पत्र खरीदा। वार्ड नंबर दो से मीना देवी पत्नी विनोद कुमार, फूलमती पत्नी रामानन्द, वार्ड नम्बर पांच से मनोज कुमार पुत्र जय चन्द, मो. सद्दाम पुत्र इकबाल अहमद, वार्ड नंबर नौ से आसिफ पुत्र बंधु ने सभासद पद हेतु अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र के निर्देशन में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### आग से 10 झोपड़ियों समेत नगदी जलकर राख

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नवका गांव मांझा के कटान पीड़ितों की बस्ती में बुधवार की सुबह आग से 10 रिहायशी झोपड़ियां तथा उसमें रखा एक लाख सत्तर हजार नगद, दो लड़कियों के शादी के लिए खरीदा गया आभूषण और अन्य सामान जलकर राख हो गए। एक बछिया भी जलकर मर गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह जब पूरी बस्ती नींद में थी तो रमेश सिंह की एक झोपड़ी में अज्ञात कारण से अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करते हुए रमेश की चार झोपड़ियों को अपनी आगोश में ले लिया। इस दौरान दो झोपड़ियों में रखे एक लाख 70 हजार रुपए नगदी जलकर राख हो गये। उधर, एक अन्य झोपड़ी में बंधी बछिया जल कर मर गयी। इससे सटे राजेन्द्र सिंह की दो झोपड़ियां भी जल गयीं। पास के ही राजकुमार पासवान की चार झोपड़ियां भी आग की चपेट में आ गयीं, जिसमें मई माह में होने वाली दो बेटियों की शादी के लिए आभूषणों सहित अन्य सामान रखा गया था। आग के लगने के बाद अग्नि पीड़ित खुले आसमान के नीचे आ गये हैं। घटना की जानकारी होते ही नवका गांव के प्रधान संजय कुमार यादव ने मौके पर पहुंच कर पीड़ितों के बीच प्लास्टिक की शीट्स, अनाज और आलू आदि वितरित किया।

# नामांकन के तीसरे दिन दिखी गहमा गहमी

**सरगर्मी बढ़ी**

### रेवती में अध्यक्ष पद की प्रत्याशी जयश्री पांडेय समेत चार ने भरा पर्चा


बांसडीह तहसील में आरओ को नामांकन पत्र देती जयश्री पांडेय

**बांसडीह।** स्थानीय तहसील में नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन के तीसरे दिन बुधवार को नगर पंचायत बांसडीह, मनियर, सहतवार एवं रेवती में अध्यक्ष पद के लिये कुल सात नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं, सभासद पद के लिए कुल 57 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

रेवती नगर पंचायत की निर्वतमान अध्यक्ष जयश्री पाण्डेय ने तीन सेट में निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं, रेवती नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए चार अन्य मंजू देवी, सुनीता देवी, सुनैना देवी व गौतम ने नामांकन दाखिल किया। रेवती में सभासद पद के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। साथ ही सभासद पद के लिए 24 लोगों ने पर्चा खरीदा।

बांसडीह नगर पंचायत में सभासद पद के लिए नौ प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया तथा 11 प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे। नगर पंचायत सहतवार में अध्यक्ष पद के लिए चार एवं सभासद के आठ फार्म की बिक्री हुई।

सभासद पद के लिए छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नगर पंचायत मनियर में अध्यक्ष पद के लिए एक एवं सभासद पद के लिये 14 फार्मों की बिक्री हुई। भारी भरकम जुलूस के साथ तहसील पंहुची रेवती की निवर्तमान चेयरमैन जयश्री पाण्डेय ने प्रतिनिधि कनक पाण्डेय के साथ नामांकन दाखिल किया।

### सभासद पद के तीन प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**बैरिया।** स्थानीय तहसील में निकाय चुनाव के नामांकन के तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद का एक तथा सभासद पद का 10 नामांकन पत्र बिका। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र माधुरी वर्मा पत्नी नागेंद्र वर्मा ने खरीदा, जबकि सभासद के लिए 10 नामांकन पत्रों में आठ आरक्षित वर्ग एवं दो सामान्य वर्ग के लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। सभासद पद के लिए वार्ड नम्बर छह से दो एवं वार्ड नम्बर पांच से एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पूर्व किसी ने भी नामांकन नही किया था। सभासद पद के तीन प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही बैरिया नगर पंचायत चुनाव में नामांकन की बोहनी हो गई है।

# 28 को उम्मीदवारों को मिलेगा चुनाव चिह्न

**निकाय चुनाव**

### राजनीतिक दलों में टिकट के लिए तेज हुई जोर आजमाइश

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चली है। चुनाव लड़ने के लिये दावेदार टिकट की जुगत में लग चुके है। दावेदारों की भीड़ के बीच राजनीतिक पार्टियां उनकी स्क्रीनिंग करने में जुटी हुई है। निकाय चुनाव की तैयारी तेजी से चल रही है।

17 अप्रैल से जिले के 12 निकायों का नामांकन शुरू हो गया है। अध्यक्ष पद के 12 एवं सभासद की 195 सीटों पर उम्मीदवार अपना नामांकन कर रहे हैं। 17 से 24 अप्रैल तक सुबह 11 से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा किया जाएगा।

25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे से कार्य समाप्ति तक नाम वापसी होगी।

28 अप्रैल को चुनाव चिन्ह मिलेगा। सुबह 11 बजे से कार्य की समाप्ति तक चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। सभी पदो के उम्मीदवारों के लिये चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्ह भी जारी कर दिये है। चुनाव आयोग की लिस्ट के अनुसार 81 चुनाव चिन्ह शामिल किये गये है।

नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिये 39 एवं सभासद के लिये 42 चिन्ह रखे गये है। इसके अलावा राष्ट्रीय और प्रांतीय राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवार अपनी पार्टी के चिन्ह पर चुनाव लड़ सकेंगे। जारी लिस्ट के अनुसार नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार के लिए चुनाव चिन्ह में छत का पंखा, फरसा, केले का पेड़, चिड़िया का घोंसला, गदा, जीप, शटल, अनार, अलाव और आदमी, पानी का नल, ऊन का गोला, कंघा, टेबल लैंप, गिल्ली-डंडा, फसल काटता किसान, फायर ब्रिगेड, भगोना, पानी की बोतल, स्कूल बैग, हल, रेल का इंजन, कुर्सी और डाइनिंग टेबल, लड़का-लड़की, हथौड़ा, सितार, शहनाई, स्कूटर, सरौता, सुराही, सैनिक, शंख, रिक्शा आदि चुनाव चिन्ह है।

### तेजी से चल रही चुनाव की तैयारी

**बलिया।** इस संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम नंदन तिवारी ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिये 39 और सभासद के लिये 42 चिन्ह रखे गये है। चुनाव की तैयारी तेजी से चल रही है। 12 अध्यक्ष पद एवं सभासद के 195 पदों पर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है।

# स्कूली बस पलटने से 15 बच्चे घायल

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र अगरसंडा में स्थित सनबीम स्कूल की बच्चों से भरी बस बुधवार की दोपहर असंतुलित होकर पलट गई। इसमे लगभग 15 बच्चों को मामूली चोटे लगी है। दोपहर में जब स्कूल की छुट्टी हुई तो बस बच्चों को उनके घर पहुंचाने के लिए स्कूल से निकली। अभी वह स्कूल से बाहर निकली ही थी कि अचानक असंतुलित होकर पलट गयी। बस पलटते ही चीख पुकार मच गयी। इसमे लगभग 15 बच्चों को मामूली चोटे आई। ग्रामीणों व स्कूल कर्मचारियों की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सको ने सभी बच्चों का उपचार किया। स्कूल की बस पलटने की सूचना मिलते ही बच्चों के माता-पिता और स्कूल प्रशासन भी अस्पताल पहुंच गये।


यह फोटो बलिया जिले के दोकटी थाना क्षेत्र के बहुआरा ग्राम सभा अंतर्गत चिरंजी छपरा निवासी कमलेश वर्मा की है। वह पिछले चार महीने से अपनी एक साल की बच्ची को कमर में बांधकर ई-रिक्शा लेकर रोजी-रोजगार के लिए निकल पड़ता है। वह पिता के साथ ही मां होने का फर्ज भी निभा रहा है। पत्नी की मौत के बाद उसके ऊपर बच्ची, दिव्यांग मां एवं घर की जिम्मेदारी आ गई है। इसे वह बखूबी निभा रहा है। उसकी बच्ची भी रोज उसके साथ लगभग 50 किमी का सफर तय करती है। सवारी न मिलने पर वह अपनी बच्ची के साथ खेलता है।

# तबाही का मंजर देख भावुक हुए एडीएम

**पीड़ित बेहाल**

### अग्नि पीड़ितों को दिया हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा


अग्निपीड़ितों में तिरपाल वितरित करते एडीएम


तिरपाल के नीचे बैठी महिलाएं व बच्चे

**बैरिया।** सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर दलित बस्ती में हुए अग्निकांड काण्ड से पीड़ित बेहाल है। उनकी दशा देखने पर हर दिल द्रवित हो उठा है। बुधवार को पहुंचे अपर जिलाधिकारी राज एवं वित्त देवेंद्र प्रताप सिंह आग से हुई तबाही का मंजर देख भावुक हो उठे। उन्होंने यथाशीघ्र शासन से हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। कहा कि अग्नि पीड़ितों के नुकसान की भरपाई तो संभव नहीं है। उन्हें कोई असुविधा ना हो, इसके लिए प्रशासन जरूरी उपाय करेगा।

बता दे कि मंगलवार को गोपालनगर दलित बस्ती में अचानक आग लगने से कुल 91 लोगों का आशियाना जलकर राख हो गया था। वही, 10 बकरिया जिंदा जल मरी थी। करोड़ों रुपए मूल्य के नकदी, पशुचारा, खाद्यान्न, कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया था। आशियाना भी जल चुका हैं। अब अग्निपीड़ित खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। कुछ लोग पेड़ों के नीचे शरण लिए हुए हैं तो कुछ लोग प्रशासन से मिला तिरपाल टांगकर उसमें परिवार के साथ रह रहे हैं। भोजन की व्यवस्था ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिमन्यु यादव करा रहे हैं। शासन की तरफ से अग्नि पीड़ितों को केवल तिरपाल दिया गया है। अभी तक खाद्यान्न या अन्य सहायता नहीं उपलब्ध कराया जा सका है।

### सूची का कराया जा रहा सत्यापन

**बरिया।** उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि लेखपाल की सूची प्राप्त हो चुकी है। सत्यापन के लिए राजस्व निरीक्षक अक्षयबर पाण्डेय को मौके पर भेजा गया है। अग्नि पीड़ितों की सूची के सत्यापन के बाद उन्हें नियमानुसार सरकारी सहायता प्रदान कर दी जाएगी।

### सहायता किट का वितरण आज

**बैरिया।** रेडक्रास के स्वयंसेवकों के साथ जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार गुरुवार को गोपालनगर के अग्निपीड़ितों का दुख बांटने पहुंचेंगे। जिलाधिकारी रेडक्रास द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाली सहायता किट का वितरण करेंगे। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, नायब तहदीलदार अजय सिंह भी मौजूद रहेंगे।

### विधायक ने महिलाओं में बांटी साड़ी

**बैरिया।** सपा विधायक जयप्रकाश अंचल अग्निपीड़ितों का दर्द बांटने बुधवार को अग्निपीड़ितों के बीच गोपालनगर दलित बस्ती पहुंचे। उन्होंने अग्नि पीड़ित महिलाओं में लगभग 100 साड़ियों को वितरण किया। कहा कि अग्नि पीड़ितों का सरकारी आवास बनवाने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के मद से सरकारी आवास तत्काल बनवाने का निवेदन करूंगा। यह घटना बहुत बड़ी है। यहां का पूरा जनमानस इस घटना से पूरी तरह प्रभावित है।

# एनएच-31 पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक

**बैरिया।** क्षेत्र में फिलहाल एक नया बखेड़ा चर्चा का विषय है। जी हां, बिना नंबर प्लेट लगाएं ओवरलोड ट्रक बिहार व झारखंड से लाल बालू, कोयला आदि लादकर धड़ल्ले से जयप्रभा सेतु के रास्ते राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से होकर गुजर रहे है। बावजूद इसके परिवहन विभाग एवं खनन विभाग आंख-कान बंद किए हुए हैं, जिससे लोग हैरत में है।

बता दे कि जयप्रभा सेतु के रास्ते प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक लाल बालू, झारखंड से कोयला व अन्य सामग्री ओवरलोड लादकर धड़ल्ले से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्थानों पर जा रहे है। तीन ट्रकों को पास कराने के लिए व्यापार कर, खनन विभाग, वन विभाग व संभागीय विभाग जयप्रभा सेतु के करीब एजेंट रख लिये है, जो खुलेआम लेन-देन करा कर ट्रकों को पास करा रहे हैं। इस संबंध में कई बार वहां के चेक पोस्टों पर उक्त विभागों के कर्मचारियों से बातचीत करने का प्रयास किया गया, किंतु किसी ने भी इस बाबत मुंह खोलना उचित नहीं समझा। इस संदर्भ में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरिया पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव में मंगलवार की रात बुरी नियत से किशोरी के कमरे में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे शांति भंग में चालान न्यायालय कर दिया। बताया जा रहा है कि बैरिया पुलिस चौकी के एक गांव में एक युवक बुरी नियत से किशोरी के घर में घुसा ही था कि ग्रामीणों ने 112 नम्बर डायल पुलिस को बुला दिया।

पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक स्थानीय लोग उस युवक को पकड़ लिए थे। पकड़े गए युवक को 112 नंबर डायल पुलिस थाने ले आई और स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया। बुधवार को पुलिस द्वारा उसे शांति भंग की धारा में चालान न्यायालय कर दिया गया। इस बाबत पूछने पर चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्र ने बताया कि उधार दिया गया अपना पैसा वापस मांगने के लिए उक्त युवक किशोरी के घर गया था। लोगों ने गलतफहमी में पुलिस को बुला दिया था। उक्त किशोरी के परिवार ने पैसे के लेन-देन का मामला बताया है। बुरी नियत जैसी कोई घटना से इनकार किया है।

# पुलिस मुठभेड़ में 'दरिंदा' गिरफ्तार

**कामयाबी**

### मुखबीर की सूचना पर पुलिस एवं एसओजी टीम को मिली सफलता

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में सुखपुरा पुलिस व एसओजी टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने पवन ब्लाइंड मर्डर केस के शातिर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। सुखपुरा थाने में वादी ने 10 अप्रैल 2023 को अपने पुत्र पवन गोड़ के गुमशुदा होने की सूचना दी। अभियोग पंजीत कर सुखपुरा पुलिस गुमशुदा की तलाश में जुटी थी, तभी 12 अप्रैल को गांव के एक पोखरे में पवन गोड़ का शव मिलने की सूचना मिली।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोट कर हत्या करने एवं अप्राकृतिक कुकर्म का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पंजीत मुकदमा धारा 363 में धारा 377, 302, 201 भादवि व 5एम/6 पाक्सो एक्ट बढ़ोत्तरी कर पड़ताल शुरू की। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में टीमों का गठन कर घटना का अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सुखपुरा पारसनाथ सिंह मय फोर्स, प्रभारी स्वाट टीम अजय यादव एवं अपराध निरीक्षक संजय शुक्ला की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर संजीव कुमार पासवान उर्फ बुआ स्व. परशुराम पासवान निवासी हनुमानगंज, सुखपुरा को बसन्तपुर कूड़ा फैक्ट्री तिराहा के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लेते हुए इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।



पवन ब्लॉइंड मर्डर केस के बाबत जानकारी देते एसपी राज करन नय्यर

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम

**बलिया।** गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक पारसनाथ सिंह, निरीक्षक अपराध संजय शुक्ला थाना कोतवाली, उप निरीक्षक अजय कुमार प्रभारी स्वाट टीम बलिया मय फोर्स, उप निरीक्षक बांक बहादुर सिंह चौकी प्रभारी बसन्तपुर, उप निरीक्षक राम सिंह यादव चौकी प्रभारी बेरुआरबारी मय फोर्स, उप निरीक्षक जयप्रकाश चौकी प्रभारी हनुमानगंज मय फोर्स शामिल रहे।

### तमंचा-कारतूस बरामद

**बलिया।** अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर करने के सम्बन्ध में सुखपुरा पुलिस ने धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त ने बताया गया कि 10 अप्रैल को उसने पवन गोड़ के साथ गलत काम किया था। यह बात किसी से न बताए, इसलिए मैंने उसकी गला दबाकर हत्या करके शव को गढ्ढे के पानी में फेंक दिया था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक देशी तमंचा, फायरशुदा एक खोखा कारतूस एवं एक मिस फायर कारतूस बरामद किया है।

# अस्पताल में दुर्व्यवस्था देख भड़के सीएमओ

**औचक निरीक्षण**

### चिकित्साधिकारी समेत दो के खिलाफ जारी किया कारण बताओ नोटिस

**बैरिया।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रसार के मद्देनजर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यवस्था पर मातहतों को जमकर फटकार लगाया और चेतावनी दी। सीएमओ ने काफी दिनों से खराब पड़े आक्सीजन प्लांट व अन्य कक्षों का विधिवत निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्साधिकारी के निरीक्षण में चिकित्साधिकारी डा. पीके सिंह, लिपिक मोहम्मद हयात अनुपस्थित पाये गये। इनको मुख्य चिकित्साधिकारी ने लिखित चेतावनी दिया। पूछा क्यों ना आप लोगों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाए। सीएमओ ने दोनो के खिलाफ कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। केमिकल के अभाव में वर्षों से बंद पड़ी सीबीसी जांच मशीन को देख सीएमओ का पारा हाई हो गया। पूछा कि अभी तक इसके विषय में जानकारी क्यों नहीं दी गई थी? सीएमओ ने तत्काल केमिकल की व्यवस्था कराई। वहीं, अस्पताल में एचआईवी जांच किड्स ना होने पर भी सीएमओ ने नाराजगी जताई और तत्काल एचआईवी किट जिला मुख्यालय से मंगवाने के लिए निर्देशित किया। कुछ जरूरी दवाइयां भी अस्पताल में नहीं थी। इसकी विधिवत सूची मुख्य फार्मासिस्ट से सीएमओ ने तलब किया। कहा कि उचित माध्यम से सूची भेजें। तुरंत सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल में गंदगी देख सीएमओ ने सफाई कर्मी को फटकारते हुए दो टूक कहा कि अगर आइन्दे से गंदगी मिली तो सेवा समाप्त कर दूंगा। सीएमओ ने पत्रकारों को बताया कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मैं यहां की व्यवस्था परखने के लिए आया था, किंतु यहां सबकुछ अस्त-व्यस्त है। कोरोना के लिए विशेष तैयारी की आवश्यकता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्बेटस सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.वी.सी. पाइप, साकेट- प्रति नग, 11. मौटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट/ब्रुश-चौकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय दोपहर 12 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(सुनीता देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. सिकन्दरपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. सिकन्दरपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डेरा, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्बेटस सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.वी.सी. पाइप, साकेट- प्रति नग, 11. मौटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट/ब्रुश-चौकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय दोपहर 10 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(गीता श्रीवास्तव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मुण्डेरा, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मुण्डेरा, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्योहार

**बोले रवीन्द्र कुमार**

### मस्जिदों के आस-पास सुनिश्चित की जाय साफ सफाई की व्यवस्था

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने कहा कि बलिया में बिशुनीपुर मस्जिद में व्यवस्था अभी से कर ली जाए। सभी ईओ साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखे, ताकि किसी प्रकार की गंदगी न देखने को मिले। खासतौर पर मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए। गर्मी का मौसम है। इसलिए पानी की भी व्यवस्था रहे।

उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ईद के दिन पूरी व्यवस्था रखे। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि शासन का निर्देश है कि सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए। आप लोगों को जिस भी चीज की आवश्यकता है, प्रशासन को अवगत कराएं। अफवाहों से बचे। यदि कोई परेशानी आती है तो पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं। आप लोगों से अपील है कि त्योहार को भाईचारे के साथ मनाएं। पुलिस अधीक्षक राज करन नैयर ने कहा कि पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिला कर पर्व को मनाये। शांति समिति की बैठक का उद्देश्य लोगों को संदेश देना है कि आपसी भाईचारा बनाये रखे। यदि कोई कानून हाथ में लेता है तो कार्यवाही होना तय है। आप लोग युवाओं को सचेत करे कि हुड़दंग न करे। लाउडस्पीकर तेज न रखे। मानक से ज्यादा आवाज न रखे। ईद के दिन यातायात के नियमों का पालन करे। पुलिस प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। तनाव उत्पन्न करने वालो के खिलाफ कार्यवाही होगी। सभी थानों में शांति समिति की बैठक की जा चुकी है। पुलिस प्रशासन आप के साथ है। इस दौरान लोगों ने भी अपनी समस्या जिलाधिकारी के सामने रखी। समिति के लोगों ने कहा कि चुनाव और ईद को देखते हुए पुलिस की व्यवस्था बढ़ा दी जाए। ईद प्रेम और सौहार्द का पर्व है।

# आशा बहुओं का सीएमओ कार्यालय पर धरना

**प्रदर्शन**

### अपनी जायज मांगों के समर्थन में बुलंद की आवाज

**बलिया।** सीएचसी दुबहड़ से संबंधित आशा बहुएं अपने बकाया मानदेय को लेकर बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठ गई। आशा संघ की ब्लाक उपाध्यक्ष दुर्गावती शर्मा के नेतृत्व में धरने पर बैठी आशा बहुओं ने कहा कि सत्र 2021-22 में अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021 तक नौ माह का राज्य प्रतिपूर्ति राशि 750/- प्रतिमाह के हिसाब से बकाया है।

कहा कि इस सत्र में सितंबर 2022 से मार्च 2023 तक का 1500/- प्रतिमाह के हिसाब से छह माह का मानदेय बकाया चल रहा है, जो अब तक नहीं मिला है। इसके अलावा एमआईएस पोर्टल से आशाओं का भुगतान फैन पोर्टल पर जाने के बाद कुछ एक आशा बहुओं का भुगतान नहीं हो पाया है। अपने बकाएं मानदेय को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा गया, परंतु बीसीपीएम दुबहड़ द्वारा कमीशन की मांग की जा रही है। इसकी जानकारी जिला स्तर पर भी दी गई थी। इसके बाद भी भुगतान को लेकर कोई सार्थक पहल नहीं हुई, जिससे हमारा बकाया रुका पड़ा है।

इस अवसर पर रम्भा गुप्ता, धीरा सिंह, प्रमिला सिंह, निशा राय, गीता गुप्ता, इन्दु गुप्ता, किरण यादव, अनिता वर्मा, मीरा यादव, इन्दु यादव, पूनम बारी, लालमुनी सिंह, कंचन देवी, लालमुनी देवी, मीना कुमारी, चम्पा देवी, रम्भा देवी, शारदा विश्वकर्मा, नीतू ठाकुर, ममता पाण्डेय, सरोज गिरी, मीना शर्मा, सुमन दुबे, दीपमाला पाठक आदि मौजूद रही।



सीएमओ कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना देती आशा बहुएं

### 15 दिन में भुगतान कराने का आश्वासन

**बलिया।** जिला आशा संघ की अध्यक्ष पूनम पांडेय ने मुख्य चिकित्साधिकारी से दूरभाष पर वार्ता की। इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयन्त कुमार ने जिलाध्यक्ष पूनम पाण्डेय के साथ दस आशाओं के प्रतिनिधि मंडल को अपने कैम्प कार्यालय पर बुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता किया। उन्होंने आशाओं की समस्याओं को बिन्दुवार समझने के बाद आश्वासन दिया कि शासन की मंशानुसार सभी बकाया प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान 15 दिनों के अंदर उपलब्ध बजट के अनुसार करा दूंगा। कोरोना सम्बन्धित मद में बजट शासन से मिलने के बाद तुरंत भुगतान करा दूंगा। बीसीपीएम दुबहड़ द्वारा कमीशन की मांग किए जाने की शिकायत पर जांच कराने के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन दिए। इसके बाद आशाओं ने 15 दिनों के लिए धरने को स्थगित कर दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-टोडरपुर वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन/सांसद निधि/क्षेत्र पंचायत निधि/ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 26.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 26.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-श्रीराम**
**ग्राम पंचायत-टोडरपुर**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-पिंटू कुमार सरोज**
**ग्राम पंचायत-टोडरपुर**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सजना वि0 ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में चौदहवां राज्य वित्त/पंद्रहवां राज्य वित्त/मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन/सांसद निधि/क्षेत्र पंचायत निधि/ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्र योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 19.04.2023 से 26.04.2023 तक कार्यालय दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 26.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्य के समक्ष अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | सामग्री आपूर्ति | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इंटरलाकिंग 200X160X80 एमएम, 200X160 एमएम | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 एमएम/40एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बोस्ट्स शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4एमएम, 53एमएम, 8.22एमएम, 6.0एमएम | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0 पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400, 450 500, 600, 1000 एमएम | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व हवाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौखठ 450X450X100 एमएम | प्रति नग | |
| 11 | जी0 आई0 पाइप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0 वी0 सी0 पाईप साकेट 110, 140, 150 एमएम | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45 एमएम | प्रति नग | |
| 14 | सुर्खी | प्रति घन मी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना, ब्लीचिंग पाउडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0 एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट-टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रु0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें** :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0 डी0 के रुप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेगें। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0 डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रुप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0 एस0 टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0 डब्ल्यू0 डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रुप से होगा।

**ग्राम प्रधान-लीला देवी**
**ग्राम पंचायत-सजना**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

**ग्रा0पं0अ0/सचिव-सोमनाथ शुक्ल**
**ग्राम पंचायत-सजना**
**वि0ख0-भांवरकोल, गाजीपुर**

# साहित्यकारों का सम्मान व कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**रसड़ा।** विकास खण्ड के कैथी कलां गांव में मंगलवार की रात श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पूणार्हुति पर विकास संस्कृति साहित्य अकादमी भारत के महायज्ञ के कवि, साहित्यकार व समाज सेवी जनों को सम्मानित किया गया, जिस के मुख्य अतिथि महान संत रंजीत परासर को समई बाबा संस्कृति रत्न सम्मान, विलास सिंह,पं वासुदेव मिश्र, समाजसेवी सम्मान, डॉ. आदित्य अंशु को विश्वेश्वर सिंह संस्कृति रत्न सम्मान, डॉ. फत्तेहचंद बेचैन, विश्वनाथ सिंह काव्यभूषण सम्मान, साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. नरेंद्र कुमार ‖अनुराग‖ को लालबहादुर सिंह साहित्य विभूषण सम्मान, डॉ. गयाशंकर प्रेमी को तेजनाराण सिंह काव्य गौरव सम्मान, प्रभाकर मिश्र पपीहा, को रामजन्म सिंह साहित्य गौरव सम्मान, रमाशंकर वर्मा मनहर को विहारी प्रताप सिंह काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।





इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित होकर काव्य रस का आनंद लेते रहें तथा बीच-बीच में तालियां बजाकर मंच पर आसीन कवियों का उत्साह वर्धन करते रहे। विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह की अध्यक्षता में इस गरिमामय साहित्यिक समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। डॉ. बृजेश सिंह ने अपने अध्यक्षता में पाठ में छंद, घनाक्षरी एवं सवैया में काव्य पाठ कर पूरे क्षेत्र वासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ज्ञातव्य हो कि डॉ. बृजेश ने अब तक सैकड़ों पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से उनके छंद सागर, तीर्थोत्मा अयोध्या, सहित कई साहित्य एवं खंडकाव्य आज विश्वविद्यालयों में शोध का विषय बने हुए हैं। इस कार्यक्रम का संचालन आदित्य कुमार अंशु ने किया। इस अवसर पर नमो नारायण सिंह, विद्यासागर सिंह, खड़क बहादुर तिवारी, भूपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, अशोक दिनेश, विंदेश्वरी, एवं दिवाकर सिंह आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे तथा अंत में कार्यक्रम के संयोजक बिलाश सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### 25 हजार का इनामिया सहित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना घोसी पुलिस द्वारा बुधवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मुअसं 478/22 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित इनामिया (25 हजार) अभियुक्त मो. फैजल पुत्र मित्तार निवासी अंजान शहीद थाना जीयनपुर आजमगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही नंदवा सराय मोड़ के पास से मुअसं 165/23 धारा 363,366,323, 342, 506 भादवि में वांछित अभियुक्त यूसूफ खान पुत्र शौकत अली व टीपू उर्फ शहंशाह पुत्र जलालुद्दीन निवासीगण भीरा थाना घोसी मऊ को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### दो लाख से अधिक की धनराशि लेकर चलने पर देना होगा प्रमाण

**मऊ।** नगरीय निकाय निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के कब्जे में रू० 2 लाख से अधिक नकदी पायी जाती है और उसका कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जाता है तथा संदेह का पर्याप्त आधार है कि इसका प्रयोग मतदाताओं को रिश्वत देने में किया जा सकता है।

# पिकअप की चपेट में आने से छात्रा की मौत

**रसड़ा।** आजाद चैराहा प्राइवेट बस स्टैंड डूंगरवा संकल्प कोचिंग के समीप पिकअप के चपेट में आने से एक छात्रा की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि लड़की के चाचा ने पिकअप चालक और गाड़ी के विरुद्ध नामजद तहरीर दे दिया है, पुलिस ने चालक को जेल भेज दिया और गाड़ी को कब्जे में ले लिया। रसड़ा कस्बा के वार्ड 12 मुहल्ला सुसाइटी प्राइवेट बस स्टैंड निवासी सुरभि गुप्ता उर्फ कोमल गुप्ता 19 वर्ष पुत्री सुधीर कुमार गुप्ता रोजमर्रा की तरह अपने घर से बुधवार की सुबह गोमडेरवा स्थित संकल्प कोचिंग पढ़ने गयी हुई थी, कोचिंग पढ़ने के बाद लगभग 9 बजे घर आ रही थी कि आजाद चैराहा की तरफ से तेज गति से आ रही पिकअप ने छात्रा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे सुरभि गुप्ता उर्फ कोमल गंभीर रूप से घायल हो गयी, आस-पास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही घरवालें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस सीएचसी पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया, जबकि लड़की के चाचा ने सुजीत गुप्ता ने नामजद तहरीर दे दिया। पुलिस ने चालक के विरुद्ध और गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक को जेल भेज दिया। छात्रा की मौत के बाद घर वालों की हालत रोते-रोते बुरा था। सूचना मिलते ही समाजसेवी विनय शंकर जयसवाल मौके पर पहुंचकर परिवार के लोगों को सांत्वना देते नजर आए।

# 36 अध्यक्ष के 249 सभासद पद के नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**तीसरा दिन**

### अध्यक्ष पद के 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 62 नामांकन हुए दाखिल

**मऊ।** बुधवार को नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के तीसरे दिन पूरे जनपद में नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु कुल 36 एवं सदस्य पद हेतु 249 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इसके अलावा अध्यक्ष पद के 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 62 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 1 एवं सदस्य पद हेतु 60, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु 23,नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 17 नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 2 सदस्य पद हेतु 13, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 20, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 12 नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतु 2 सदस्य पद हेतु 10 नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 18,नगर पंचायत बलीदपुर में अध्यक्ष पद हेतु 6 एवं सदस्य पद हेतु 11, नगर पंचायत चिरैयाकोट में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 55, नगर पंचायत मधुबन में अध्यक्ष पद हेतु 6 एवं सदस्य पद हेतु 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

इस प्रकार पूरे जनपद में अध्यक्ष पद हेतु कुल 36 एवं सदस्य पद हेतु 249 नामांकन पत्रों की तीसरे दिन बिक्री हुई। नामांकन के तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 62 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु 0 एवं सदस्य पद हेतु 23 नामांकन पत्र तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु कुल 39 नामांकन पत्र उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए।

### चेचक की जांच करने स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुँची प्राथमिक विद्यालय, बच्चो की हुई जांच

**दोहरीघाट, मऊ।** ब्लॉक अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय खरकौली मे स्वास्थ्य विभाग की टीम चेचक का जांच करने पहुँची तथा एक एक कर सभी बच्चो की जांच की तथा कुछ बच्चो को पहले चेचक हुआ था जो अब ठीक है जिसकी रिपोर्ट भी तैयार की गयी। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राहुल नायक ने बताया कि इस समय चेचक के प्रकोप से बचने के लिये साफ सफाई बहुत जरूरी तथा जैसे ही चेचक का लक्षण दिखाई दे तुरंत चिकित्सक के पास जाये तथा चेचक के मरीज ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरते प्राथमिक विद्यालय पर करीब पचास बच्चो का चेकप किया गया कुछ बच्चो को दवा भी दी गयी। स्वास्थ्य टीम मे ओटी टेक्नीशियन सचिन व प्रधानाध्यापक नीरज राय आशा कार्यकत्री सविता देवी समेत आदि लोग उपस्थित रही।

# अलविदा तनाव कार्यक्रम के सातवें दिन मंच से लेकर पंडाल तक बिखरी रही अलौकिक छटा

**मऊ।** अलविदा तनाव कार्यक्रम के सातवें दिन मंच से लेकर पंडाल तक बिखरी रही दिव्य अलौकिक छटा। कार्यक्रम के दौरान जहां एक ओर मंच पर बाल रूप श्री कृष्ण, श्री राधे के साथ अनेक देवी देवताओं की दिव्य उपस्थिति ने मंच एवं पंडाल को अलौकिक बना दिया वहीं दूसरी ओर पंडाल में श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर पुष्प वर्षा एवं गुलाबासी करते हुए देवी देवताओं ने पूरे माहौल को अलौकिक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक भावों से परिपूर्ण कर दिया। इसी क्रम में सातवें दिन आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था इसके संस्थापक एवं सर्वमान्य निराकार परमात्मा शिव का विस्तार से परिचय देते हुए प्रख्यात तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ बीके पूनम दीदी ने आम जनमानस से लेकर हर एक बुद्धिजीवियों तक को जीवन के प्रति एक नई दिशा और नई दृष्टिकोण प्रदान करने का कार्य किया।

उन्होंने बताया कि एक दिव्य, अलौकिक भावनाओं से परिपूर्ण नया जीवन आपको प्राप्त हुआ है, इसलिए परमात्मा पिता के घर में आपका यह नया अलौकिक जीवन एवं जन्म है, जिसकी जयंती हम सभी मिलकर आज मनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज मेरा दिल खुशी से भर आया है जो कि मऊ जनपद की हजारों आत्माएं एक साथ अपने प्रभु पिता को पहचानकर, नया ईश्वरीय जन्म का शुभ-जन्मोत्सव मना रही हैं। कार्यक्रम में देवी देवताओं के शुभ आगमन के साथ बजे सुबह जन्मोत्सव एवं अनेक प्रेरक दिव्य गीतों पर पूरी सभा झूम उठी। ऐसा लग रहा था मानो मऊ की धरनी पर चैतन्य देवी-देवताओं की पूरी महफिल उतर आई हो। इससे पूर्व कार्यक्रम का संस्थागत सदस्यों एवं स्थानीय विशिष्टजनों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन में प्रमुख रूप से कार्डियोलॉजिस्ट डा कृष्ण गोपाल राय, आरपी सिंह, आकर्षिका पाण्डेय, रामप्रसाद गुप्ता, जयवर्धन सिंह, ममता जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार गण रविन्द्र सैनी, मुकेश चौधरी, ऋषिकेश पाण्डेय, रामेश्वर राय, सिस्टर रोसिया, प्रतीक जायसवाल, राजेन्द्र, बनारस स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्रों की प्रभारी बहनें वंदना, अंजलि, राधिका, गीता, जानकी, सरिता, स्मिता, ममता आदि रहे।

### 24 जून को खुले रहेंगे न्यायालय व कार्यालय

**मऊ।** जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयन्ती के कारण सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था एवं जिसके एवज में वर्ष के किसी माह के एक चतुर्थ शनिवार को न्यायालय/कार्यालय खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके अनुपालन में 24 जून 2023 दिन (चतुर्थ शनिवार) को जनपद न्यायालय, मऊ के समस्त न्यायालय/कार्यालय खुलें रहेंगे।

# किसान की धारदार हथियार से हत्या

## पुराने विवाद को लेकर हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के बलुआ टप्पा शाहपुर गांव के अमलाख मौजे में एक अधेड़ का शव खून से लथपथ मिला है। अधेड़ की किसी धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी हितेन्द्र कृष्ण भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों से घटना के बावत जानकारी ली। इसके साथ ही थाना प्रभारी को घटना का जल्द खुलासा करने को कहा।



बलुआ टप्पा शाहपुर गांव में हत्या के बाद छानबीन करती पुलिस।

धरमपुरा गांव निवासी रविन्द्र गौड़ (58) पुत्र सुदर्शन गौड़ का अपने पड़ोसियों के साथ दो दिन पूर्व मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। लोगों का अनुमान है कि इसी विवाद के चलते बीते मंगलवार की रात रविन्द्र की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। मृतक पिछले आठ वर्षों से वीरपुर गांव निवासी बंगा उपाध्याय के डेरे पर रहकर खेती-बाड़ी का कार्य करता था। वह बलुआ टप्पा शाहपुर गांव के अमलाख मौजे में झोपड़ी बनाकर रहता था। मंगलवार को भी खाना खा कर सोने चला गया। सुबह जब एक महिला खेती का सामान उस झोपड़ी में रखने गई तो देखा कि रविन्द्र खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ा है। जिसकी सूचना उसने मृतक के भतीजे को दी। उसी ने पुलिस को सूचना दी। मृतक के पुत्र मनोज गौड़ ने थाने में गांव के ही रहने वाले हरिनाथ यादव के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मनोज ,मृतक रविन्द्र का इकलौता संतान है। मनोज की मां का पहले ही निधन हो गया है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


हालांकि, इस मामले में जरूर नामजदगी की गई है लेकिन पुलिस हत्या के इस मामले में अन्यों की संलिप्तता होने के एंगल से भी तफ्तीश कर रही है।

# रिहायशी झोपड़ी में लगी आग, बाइक जली

**सेवराई।** गहमर थाना के स्थानीय गांव के समीप समीप एक रिहायशी झोपड़ी में आग लग जाने से घर में रखे अनाज कपड़े के साथ-साथ बाइक भी जल गई। पीड़ित द्वारा आग लगी कि इस घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई है। जानकारी अनुसार गहमर गांव के बीरबर मैमर सिंह खेल मैदान के समीप आशा देवी पत्नी स्व. शिवबहादुर यादव रिहायशी झोपड़ी बनाकर अपने पूरे परिवार के साथ रहती हैं। परिवार के मुख्य आजिविका का साधन खेती-बाड़ी ही है। मंगलवार की देर शाम परिवार के लोग खेतों में काम करने गए हुए थे कि अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था जिसमें झोपड़ी में रखे अनाज कपड़े आदि के साथ-साथ साइकिल और बाइक भी जल गई ।आग लगी कि इस घटना के बाद पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है । पीड़ित द्वारा घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई। प्रधान बलवन्त सिंह बाला ने संबंधित लेखपाल को फोन कर मौका मुआयना करने एवं क्षतिपूर्ति दिलवाने के लिए कारवाई करने की बात कही। इस संबंध में ग्राम प्रधान बलवंत सिंह बाला ने बताया कि अज्ञात कारणों से आग लगने की घटना घटित हुई है । लेखपाल को बताया गया है जो भी मदद संभव हो सकेगा शासन से कराने का प्रयास किया जायेगा ।

**नुकसान**

**लेखपाल ने आगलगी से क्षति का किया आंकलन**



# मृतका के पिता ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

**संदिग्ध हालात में विवाहिला ने लगाई फांसी, मौत**

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के हकीमपुर सोंठी गांव में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मायका पक्ष ने थाना में तहरीर देकर ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने एवं दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति तथा उसके दादा के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार पठकौली निवासी 19 वर्षीया इंदू देवी की शादी पिछले साल हकीमपुर सोन्ठी निवासी रामशरण बिन्द से हुई थी। बुधवार सुबह उसकी लाश टीनशेड में लगे लकड़ी की धरन से गमछे के फंदे पर लटकी हुई मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। उधर मृतका के पिता मिट्ठू बिन्द को लड़की के आत्महत्या के बारे में पता चला तो वह नंदगंज थाना पहुंचकर ससुराल पक्ष के इंदू के पति रामशरण बिन्द तथा उसके दादा रामकृत बिन्द के खिलाफ दहेज के लिये प्रताड़ित करने एवं दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर देकर गिरफ्तार करने की मांग की। लड़की के पिता मिट्ठू बिन्द ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। आए दिन इंदू के साथ मारपीट करते रहते थे। ये आत्महत्या नहीं दहेज हत्या है। थानाध्यक्ष इंसपेक्टर कमलेश पाल ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि यह आत्महत्या है या दहेज हत्या। पुलिस मृतका के पति तथा उसके दादा को हिराहत में ले लिया है।



इंदू देवी।

# स्कार्पियो के धक्के से बाइक चालक की मौत

**नगसर।** स्थानीय क्षेत्र के नगसर रेलवे क्रासिंग के समीप मंगलवार की देर रात मोटरसाइकिल और स्कार्पियो के आमने सामने टक्कर में मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और स्कार्पियो का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर में बाइक चालक सुहवल थाना के चकिया निवासी कमलेश (25) पुत्र बालेश्वर घायल हो गए लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर अगल बगल के लोग जो अपने खेत मे गेंहू की मड़ाई कर रहे थे। पहुंचे और नगसर थाना को सूचना देने के साथ ही बुरी तरह से घायल कमलेश को निजी वाहन की सहायता से जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। नगसर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर परिजनों को सूचना देने के बाद घायल को जिला अस्पताल भेज दिया गया। अगर परिजनों की तहरीर मिलती है तब कार्रवाई की जायेगी।

# एसपी ने 12 अपराधियों की इनाम राशि बढ़ाई



ओमवीर सिंह

**गाजीपुर।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी पर पुलिस ने अपना शिकंजा कसना तेज कर दिया है। माफिया की फरार पत्नी आफ्शा अंसारी पर इनाम की राशि बढ़ाकर पचास हजार कर दी है। पुलिस ने इनाम घोषित 12 अपराधियों की सूची जारी की है। पुलिस ने कई अपराधियों पर घोषित इनाम पांच हजार से 25 हजार और 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दी है। पुलिस की तेजी से फरार अपराधियों में खौफ का माहौल बन गया है। पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने बीते पांच मार्च को माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी पर 25 हजार इनाम की घोषणा की थी। 13 अप्रैल को वाराणसी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ने इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया। आफ्शा के अलावा कई और बदमाशों पर घोषित इनाम को बढ़ाया गया है। कुख्यात अपराधियों पर 25 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक इनाम घोषित किया गया है।

**लेडी डॉन आफ्शा अंसारी पर पचास हजार का इनाम**

### जाकिर हुसैन पर पचास हजार का इनाम

करीमुद्दीनपुर थाना के जोगा मुसाहिब गांव के अमित राय पर 25 हजार, भांवरकोल थाना के शेरपुर खुर्द निवासी अंगद राय उर्फ लल्लन राय पर 25 हजार, शहर कोतवाली के सैय्यदबाड़ा जाकिर हुसैन पर 50 हजार, सुहवल थाना के चकिया निवासी रवि बिंद पर 25 हजार और शहर कोतवाली के सकरा के सोनू बिंद पर 25 हजार इनाम घोषित किया है।

### कुख्यात अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा

पुलिस कप्तान ने गहमर कोतवाली के मनिया गांव के सोनू मुसहर पर 25 हजार, बहरियाबाद थाना के चकफरीद के सद्दाम हुसैन पर 25 हजार इनाम की घोषणा की है। नंदगंज थाना के अलीपुर बनगावां के वीरेंद्र दुबे उर्फ भुट्टन पर 25 हजार, नंदगंज थाना के इमलिया गांव के अंकित राय उर्फ प्रदीप पर 25 हजार, बिरनो थाना के नसरतपुर के अंकुर यादव 25 हजार, आजमगढ़ जनपद के सिधारी थाना के त्योखर निवासी अशोक यादव उर्फ छोटू पर 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की।

# जर्जर पोल और झूलते तार कौन झेलेगा हादसे की मार

**जंगीपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू के नेतृत्व में अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमंडल**

**बिरनो।** जंगीपुर विधानसभा में बिजली की समस्या को लेकर भाजपा नेता जंगीपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराया। विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद उपखंड अधिकारी संतोष चौधरी और अवर अभियंता मिथिलेश यादव को ग्रामीण क्षेत्रों में खराब बिजली व्यवस्था को तत्काल सही करने को लेकर चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपकर बताया कि गांव में बहुत सी जगह बिजली की बुनियादी सुविधाओं की कमी है। गांवों में मीटर रीडिंग सही नहीं हो रहा है। खराब मीटर जल्द बदला नहीं जा रहा है। वहीं जर्जर तार की वजह से आए दिन बिजली फाल्ट की समस्या होती रहती है। मांग किया कि जर्जर खंभों को भी तत्काल बदला जाए । जिससे क्षेत्र में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। योगी सरकार के निर्देश का हवाला देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार 18 घंटे बिजली देने की बात कह रही है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में 6 से 7 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जा रही है। जिससे विभाग को निपटने की जरूरत है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया कि उक्त समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर उचित समाधान होगा। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय, ऋषभदेव सिंह, विनोद पटेल, धनंजय सिंह, सुरेश सिंह, यशवंत सिंह, राजू कुशवाहा, गुड्डू गुप्ता, शप्पू गुप्ता, संतोष सिंह, पिंटू वर्मा, डब्लू सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



बिरनों उपकेंद्र पर उपखंड अधिकारी संतोष चौधरी से वार्ता करते भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू व अन्य सदस्य।

# लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ के तहत कांग्रेस की नुक्कड़ सभा

**गहमर।** देश में नफरत फैलाने वाली शक्तियों से हमारी लड़ाई चल रही है, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। उक्त बातें बुधवार की शाम गहमर कैप कार्यालय पर कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष -इंटक डा. राजेश शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि हम जय भारत सत्याग्रह के माध्यम से लोकतंत्र और संविधान को बचाने निकले हैं। राहुल गांधी ने देश में नफरत के माहौल को समाप्त करने के लिए चार हजार किमी की पैदल यात्रा की, जिससे भाजपा में बेचैनी छा गई और राहुल की संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई, क्योंकि वे लगातार गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, युवाओं की बात करते हैं। मोदी की सरकार बेचैन हो गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बाल्मिकी सिह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री सिर्फ झूठ और साजिश पर ही भरोसा और विश्वास करते हैं। देश के 75 साल के धरोहर को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष और आम जनमानस को ईडी और सीबीआई से डराया जा रहा है।

# शिक्षामित्र के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन

**दिलदारनगर।** शिक्षा क्षेत्र जमानिया के ग्रामसभा फूली स्थित प्राथमिक विद्यालय शाहपुर पर बुधवार को शिक्षक विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय पर तैनात शिक्षामित्र मुन्ना देवी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत न्याय पंचायत फुली के शिक्षकों द्वारा उनको अंगवस्त्रम व पुष्पहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षामित्र मुन्ना देवी ने ग्राम प्रधान के साथ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान डा. श्याम नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षक पद समाज में एक बहुत ही सम्मानित पद है। उन्होंने कहा कि कबीर दास जी ने तो दोहे में कहा है कि ?गुरु गोविंद दोउ खडे, काके लागूं पाएं। शिक्षामित्र मुन्ना देवी ने कहा कि मैं भले ही आज इस विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रही हूं लेकिन जो सम्मान आप शिक्षकों और छात्रों से मुझे मिला वह मै पूरी जिंदगी नहीं भूल पाऊंगी। कार्यक्रम में महावीर प्रसाद शर्मा, चंद्रशेखर मौर्य, रामभजन राम, सोनू गुप्ता आशुतोष राय, पारसनाथ राय, मनोज यादव, सतेंद्र सिंह, विजेता सिंह, उर्मिला देवी, आदि तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ग्रामीण भी उपस्थित रहे। संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष जमानिया सुरेंद्र नाथ सिंह ने किया।



शाहपुर में शिक्षामित्र की सेवानिवृत्त होने पर अंगवस्त्र देते ग्रामप्रधान श्याम नारायण सिंह।

# एंटी रोमियों टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**सुहवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर बुधवार को पुलिस प्रशासन ने मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन) के क्रम में एंटी रोमियो स्क्वाड ने पूरे थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं-बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर रोकथाम लगाने एवं उन्हें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने के उद्देश्य से अभियान चलाया। टीम ने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले धार्मिक स्थानों, स्कूलों, कोचिंग सेंटरों, कॉलेजों, बाजारों, शॉपिंग मॉल,रेलवे स्टेशन व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मनचलों-शौहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया। साथ ही साथ महिला अपराधों एवं एंटी रोमियो के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को परिवेश की अनुभूति, जन जागरूकता, आत्मरक्षा की कला पैदा करने के लिए महिला हैल्पलाइन-1090, यूपी-112,सीएम हेल्प लाइन नंम्बर 1076,181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 और पुलिस अधिकारियों के सीयूज नंबर के बारे में जानकारी दी।साथ ही महिलाओं के सुरक्षा संबंधी अधिकारों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) का संभल कर उपयोग करने संबंधी जानकारियां देकर जागरूक किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह का अभियान लगातार आगे भी चलता रहेगा।ताकि महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।



महिलाओं को जागरूक करती आरक्षी।

# स्कूल भवन निर्माण में मानक की धज्जियां

**प्राथमिक विद्यालयों का 11 लाख 77 हजार और जूनियर विद्यालयों का 21 लाख 80 हजार की लागत से चल रहा निर्माण कार्य**

**विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से कार्य में लापरवाही**

**गाजीपुर।** मरदह शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मरदह के परिसर में स्कूल भवन निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से दो नंबर का ईट प्रयोग किया जा रहा है। वहीं स्कूल की नींव में सरिया का प्रयोग मानक के अनुसार नहीं किया गया है। मरदह कंपोजिट विधालय के प्रांगण में प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। प्राथमिक विद्यालयों का 11 लाख 77 हजार और जूनियर विद्यालयों का भवन निर्माण 21 लाख 80 हजार के लागत से चल रहा है। प्राथमिक विद्यालय में दो कमरे एक आफिस और एक बरामदा बनना है। इसी प्रकार जूनियर विद्यालय में चार कमरे एक आफिस और एक बरामदा बनेगा। सरकार ने मानक का ध्यान रखते हुए धनराशि तय की है। जबकि मरदह कंपोजिट विद्यालय परिसर मे विद्यालयों के भवन निर्माण में ईट दो नंबर का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं दीवार की जोड़ाई में मानक के आधार पर सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। बतादें, खंड शिक्षा अधिकारी ने ठेकेदार से नींव में मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग करने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद कुछ सुधार हुआ था। लेकिन इसके बाद भी सरिया डालने में भी मानक का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी मरदह राजीव यादव ने बताया कि विद्यालय भवन निर्माण में मानक का ध्यान नहीं रखा गया तो उसका निरीक्षण किया जाएगा।



कंपोजिट विद्यालय मरदह परिसर में भवन निर्माण को लेकर रखी दो नंबर की ईट।

### योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति

योगी सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य करने का दावा कर रही है। लेकिन पीडब्ल्यूडी से लेकर आरईएस विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पा रहा है। पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण में तमाम अनियमितता मिलने के बाद आरईएस विभाग से स्कूलों के भवन निर्माण कार्य में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से भवन निर्माण में मानक के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है।

> मानक के अनुसार ही कार्य होगा। विद्यालय भवन निर्माण में जो खराब ईट लगायी जा रही है उसकी जगह सही ईट लगायी जाएगी। कार्यस्थल का निरीक्षण कर सभी मानकों का ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि अबिसहन और सिंगेरा में भी विद्यालयों का निर्माण कार्य होना है। मई माह के अंत तक विद्यालयों का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। जिले में करीब 100 विद्यालयों का निर्माण कार्य चल रहा है।
>
> **आरईएस विभाग के अवर अभियंता विनोद यादव**

## संक्षेप

### शांति कमेटी की बैठक का आयोजन

**मरदह।** स्थानीय थाना परिसर में ईद के पर्व को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाये जाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन सम्पन्न हुआ। थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि ईद त्यौहार पर आपसी भाईचारा बनाकर आपस में शांति पूर्वक पर्व मनाएं की बात कही। किसी प्रकार के विवाद से बचे कोई दिक्कत परेशानी हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। पुलिस जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। आपसी भाईचारा के द्वारा हर समस्या का हल निकाला जा सकता है। छोटे-छोटे विवादों को यदि समय पर हल कर दिया जाय तो कोई बड़ा विवाद रोका जा सकता है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजेश मिश्रा,राजेश त्रिपाठी,नंदलाल मिश्रा, कौशलेंद्र प्रताप सिंह ,गजेंद्र राय, अवधेश राय समेत ग्राम प्रधान एवं स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।



### कासिमाबाद एसडीएम बने अश्वनी



**कासिमाबाद।** तहसील के नवागत उपजिलाधिकारी अश्वनी पाण्डे बुधवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बताया कि शासन स्तर के सभी प्राथमिकताएं पर काम किया जाएगा। कोई लाचार और परेशान व्यक्ति बार-बार परेशान ना हो उसके लिए समयानुसार मिलकर समाधान किया जाएगा। आपको बता दें कि अश्वनी कुमार पांडे 2021 बैच के के अधिकारी हैं वे लखनऊ के मूल निवासी हैं। कानपुर विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद इतिहास से पीएचडी धारक है तथा जेआरएफ क्वालिफाइड है। भदोही जनपद के भदोही और ज्ञानपुर तहसील के एसडीएम पद पर रह चुके। आपको बता दें कि कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव के आकस्मिक मृत्यु के बाद यहां जगह रिक्त हो गया था।

### आसमान से बरस रही आग, विद्युत कटौती से उड़ी नींद

**चिलचिलाती धूप से जनमानस के साथ पशु-पक्षी बेहाल**

**गहमर।** पारा विगत तीन दिनों से 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। लू के थपेड़े लोगों के हलक को सुखा रहे हैं। साथ में बिजली की कटौती लोगों की दिन का चेन तो रातों की नींद हराम कर रही है। जिसके कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। लूह की थपेड़ों तथा चिलचिलाती धूप व गर्मी से आम जनमानस के साथ पशु पक्षी सभी बेहाल हैं। गर्मी के तेवर तल्ख हो गए हैं। सुबह से ही सूर्य की किरणें बदन को झुलसा रही हैं। आमजनमानस के साथ पशु पक्षी सभी बेहाल हैं। दिन में धमाचौकड़ी मचाने वाली बंदरों की टोली भी पेड़ों की डाल पर अपना डेरा जमाकर आराम फरमाते नजर आ रहे है। क्षेत्र में अगर देखें तो प्रतिदिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। विगत तीन-चार दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। अभी इससे राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। किसान भी तेजी से गेहू की मड़ाई करने में जुटे हुए हैं। वह अपनी गाढ़ी कमाई को जल्द से जल्द घर में पहुंचाने की कोशिश में जुटे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक कार्य करने वाले मजदूरों और किसी कार्य से बाहर निकलने वाले लोगों को हो रही है। धूप के कारण हलख सूख रहा है और क्षेत्र में खराब पड़े प्याऊ के कारण उन्हें पीने के पानी के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। गर्मी का आलम यह है कि सुबह 10 बजे के बाद सड़कों पर निकलना दूभर हो जा रहा है। सूर्य की किरणें बदन को झुलसाना शुरू कर दे रही हैं। जिसके कारण दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो जा रही है। वहीं ग्रामीण इलाकों में हो रही रात की कटौती लोगों की नींद हराम कर रही है। कामाख्या विद्युत उपकेंद्र के गहमर, करहिया फिडर में बिजली की कटौती जारी है।

### एसडीएम के निधन से अधिवक्ताओं में शोक

**दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता**

**कासिमाबाद।** एसडीएम कासिमाबाद वीर बहादुर यादव के आकस्मिक मौत के बाद बुधवार को तहसील के तहसील बार एसोसिएशन एवम सेंट्रल बार एसोसिएशन के संयुक्त बैठक पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एसडीएम रहे वीर बहादुर यादव को शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। अधिवक्ताओं ने बताया की एसडीएम के रूप में वीर बहादुर यादव का कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा।वे जिस प्रकार से न्यायिक कार्यों को निष्पक्षता के साथ निस्तारण किए वह एक सराहनीय रहा है। उनके असमयिक निधन से तहसील के सभी अधिवक्ता काफी दुखी और मर्माहत है। अंत में सभी अधिवक्ता ने उनकी याद में दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया ।बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने एक प्रस्ताव पारित कर इस शोक में दो दिनों के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को सभी न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया । इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी , बिनोद कुमार सिंह,संतोष कुमार, रवि प्रकाश तिवारी ,अजय श्रीवास्तव, रमेश कुमार, आलोक कुमार दुबे ,शेषनाथ सिंह प्रेमसागर, अर्चिता, कमलेश यादव, नीलगगन,रामनरेश,शाहनवाज, अफजाल अहमद, चंद्रशेखर पाण्डे,नागेंद्र आदि मौजूद रहे।

### प्रत्येक मालदार मुसलमान को जकात देना जरूरी

**जकात नहीं देने वाला शख्स अल्लाह की बारगाह में गुनहगार**

**गहमर।** रमजान रहमत व बरकत का महीना है। रमजान में रोजा, नमाज आदि के साथ सदका- ए -फित्र और जकात देना जरुरी है। प्रत्येक मालिके निसाब (मालदार) पर सदका ए-फित्र और जकात देना निहायत जरुरी करार दिया गया है। यह दोनों वाजिब है। मालिके निसाब वह शख्स है, जो साढ़े बावन तोला चांदी या साढ़े सात तोला चांदी के मालिक हो या इनमें से किसी एक की कीमत उसके पास हो। यह कीमत लगभग एक साल तक होना चाहिए। प्रत्येक मालिके निसाब को एक सौ रुपए में ढाई रुपए निकालने का हुक्म है। जकात गरीबों, यतीमों, लाचारों, मजबूरों आदि को देने का हुक्म है। ऐसे मदरसे जहां पर दूर-दराज से बच्चे तालीम हासिल करने के लिए आते है, वहां जकात देना बेहतर है। कहते हैं मौलाना- जकात नहीं देना वाला शख्स अल्लाह की बारगाह में गुनहगार है। उसका माल कयामत के दिन जहरीला सांप बन जाएगा और उसे डसेगा। जकात अदा करने से माल चोरी होने से महफूज रहती है। जकात अदा करने से घर के अंदर की मुसीबतें दूर होती हैं। अदा करने वाला शख्स अल्लाह की पनाह में रहता है। जकात से दुनिया और आखिरत बेहतर हो जाती है। हर मुसलमान को चाहिए कि जकात को अदा करे। हाफिज इंतेखाब, मौलाना अहमद रजा खां, इमाम ने बताया कि गोड़सरा नमाज के बाद जकात ही का दर्जा है। जकात के मानी है पाक होना, बढ़ाना। जकात माली इबादत है। यह ऐसी इबादत है जो दिल और रुह के मैल भी साफ करती है। इंसान को अल्लाह का महबूब बंदा बनाती है। जकात देने वाले पर अल्लाह की रहमत की झमाझम बरसात होती है। जकात देने से परहेजगारी हासिल होती है। जकात देने से माल पाक हो जाता है। जकात देने वाले का माल कम नहीं होता।

### मैत्रेई पुष्पा के कथा साहित्य में स्त्री विमर्श पर शोध

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय (हिंदी विभाग) में डॉ. शशि कला जायसवाल के निर्देशन में शोध कर रही शोध-छात्रा सरिता यादव ने "मैत्रेई पुष्पा के कथा साहित्य में स्त्री विमर्श" विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण कर कर लिया। पीएच.डी.प्री सबमिशन सेमिनार जो शोध कार्य का एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य भाग है, आज हिंदी विभाग में संपन्न हुआ। सेमिनार में अध्यक्षता कर रही प्राचार्य प्रो. सविता भारद्वाज ने शोध निर्देशिका और शोध छात्रा को बधाई दी और कहा कि -छात्रा का यह शोध कार्य "स्त्री विमर्श" के विभिन्न आयामों को रेखांकित करता है। शोध छात्रा ने संपूर्ण शोध कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि ग्रामीण परिवेश की स्त्रियों को अपनी कथा की विषयवस्तु के रूप में चयन करने और उनके संघर्षों को वाणी देने का कार्य मैत्रेई पुष्पा का कथा साहित्य बखूबी से करता है।सेमिनार में डॉ. संगीता डॉ. निरंजन यादव, डॉ. शिवकुमार,डॉ. शंभू शरण डॉ. आजम,डॉ. रामनाथ केसरवानी,डॉ.संतन कुमार, प्रो. उमाशंकर, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ सारिका सिंह सहित महाविद्यालय विभिन्न विभागों के आचार्यगण, शोधार्थी एवं स्नातकोत्तर की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले ब्लाक ईकाई मनिहारी की मासिक बैठक बुधवार को प्रा.वि कटघरा के परिसर में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षक समस्याएं, सदस्यता अभियान, न्याय पंचायत गठन आदि पर चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। बैठक में पूर्व प्रांतीय मंत्री लहजू, जिला मंत्री रामाशीष,डा.राहुल सिंन्हा, विपिन सिंह रहें। अध्यक्षता राणा जय सिंह एवं संचालन रामप्रवेश सिंह ने किया।

## जनसंपादकीय

# 2021 की नगालैंड नागरिक हत्याएं: आरोपी सैनिकों को अभयदान के निहितार्थ

**दिनकर कुमार**



रक्षा मंत्रालय ने दिसंबर 2021 में नगालैंड के ओटिंग गांव में निहत्थे नागरिकों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी 30 भारतीय सैनिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। नगालैंड पुलिस ने 13 अप्रैल को कहा कि रक्षा मंत्रालय के तहत सैन्य मामलों के विभाग ने आरोपी सैनिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने के राज्य सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया है।

5 दिसंबर, 2021 को सेना के 21 पैरा स्पेशल फोर्स ने कोयला खनिकों को तिरू से मोन जिले के ओटिंग गांव ले जा रही एक पिक-अप वैन पर गोलीबारी की थी, जिसमें सवार आठ ग्रामीणों में से छह की मौत हो गई थी।

नागरिकों की हत्या से गुस्साए ग्रामीणों ने सेना के जवानों पर हमला किया, जिन्होंने जवाबी कार्रवाई में उन पर गोलियां चलाई, जिसमें सात और मारे गए। एक जवान की भी मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए।

**केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 30 सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी से इनकार कर दिया है। इसके बाद नगालैंड पुलिस एक बयान में कहा है--केंद्र से अभियोजन स्वीकृति के बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती है।**

सेना ने दावा किया था कि यह गलत पहचान का मामला था और टीम ने सोचा था कि ग्रामीण एनएससीएन उग्रवादी थे। हालांकि सेना की अपनी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में पाया गया कि एक मेजर रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में घात लगाकर हमला करने वाली टीम ने मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया और उग्रवादियों के रूप में निश्चित रूप से पहचान किए बिना ग्रामीणों पर गोलियां चला दी थीं।

मई 2020 में सेना ने हत्याओं की अपनी कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी पूरी की और कहा कि यह गलत पहचान और निर्णय की त्रुटि का मामला था।

बड़े पैमाने पर जन प्रतिरोध के बाद नगालैंड सरकार ने हत्याओं की एसआईटी जांच का आदेश दिया था। नगालैंड पुलिस की एसआईटी जांच में पाया गया कि सेना के 21 पैरा स्पेशल फोर्स ने हत्या करने और नागरिकों को घायल करने के इरादे से स्वचालित गोलियां चलाईं।

नगालैंड पुलिस ने 21 पैरा स्पेशल फोर्स के 30 सदस्यों को भी चार्जशीट किया था, जिसमें एक अधिकारी सहित हत्या, हत्या के प्रयास और सबूत नष्ट करने से संबंधित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला शामिल था।

घटना के एक साल से भी कम समय के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 30 सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी से इनकार कर दिया है। इसके बाद नगालैंड पुलिस एक बयान में कहा है--केंद्र से अभियोजन स्वीकृति के बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत क्षेत्रों में सुरक्षा कर्मियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती है। सेना की अलग कोर्ट ऑफ इंक्वायरी पूरी हो गई है, लेकिन आगे की कार्रवाई पर अभी फैसला लेना बाकी है।

घटना के बाद के हफ्तों में नगालैंड में जगह जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे, खासकर राज्य के पूर्वी जिलों में, जहां ओटिंग पड़ता है। प्रभावशाली पूर्वी नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन, जो पूर्वी नगा जनजातियों का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही कोन्याक जनजाति के प्रतिनिधि निकाय कोन्याक संघ ने कहा था कि वे तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक कि न्याय नहीं दिया जाता और अफस्पा को हटा नहीं दिया जाता।

हालांकि कई स्थानीय लोगों का कहना है कि उबलता गुस्सा काफी हद तक दूर हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्रामीणों की ओर से सरकार के साथ मध्यस्थता करने वाले नागरिक समाज संगठन मामले को पहले की तरह सक्रिय रूप से आगे नहीं बढ़ा रहे हैं।

सैनिकों को अभयदान दिये जाने पर ओटिंग के गाँव के लोग विशेष रूप से खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। ह्ययह दुखद है क्योंकि हमारे नेता अब इस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। प्रभावित लोगों में ज्यादातर गरीब और अशिक्षित हैं, ओटिंग छात्र संघ के अध्यक्ष और घटना में मारे गए कुछ लोगों के मित्र केपवांग कोन्याक का कहना है। नगालैंड कांग्रेस ने मामले को आगे नहीं बढ़ाने के लिए सरकार पर निशाना साधा। नगालैंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के थेरी ने कहा, कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। भाजपा शांति की बात कर सकती है लेकिन उसने कुछ भी हासिल नहीं किया है, कांग्रेस के जीके झिमोमी ने कहा।

इसके जवाब में, नगालैंड के बीजेपी विधायक इमकोंग इमचेन ने कहा कि राज्य सरकार असहाय थी क्योंकि अफस्पा के तहत आने वाले क्षेत्र केंद्र सरकार के आदेश के अंतर्गत आते हैं। एनडीपीपी मंत्री केजी केन्ये, जिनके पास संसदीय मामलों का विभाग है, ने कहा कि कोई केंद्र या राज्य प्राधिकरण को दोष नहीं दे सकता, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को उठाया था। जुलाई 2022 में, शीर्ष अदालत ने प्राथमिकी और एसआईटी की रिपोर्ट पर कार्यवाही पर रोक लगा दी थी, जिसमें सुरक्षा बलों को अफस्पा द्वारा दी गई छूट का हवाला दिया गया था। यह निर्देश ऑपरेशन का नेतृत्व करने वाले सेना अधिकारी की पत्नी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया गया था। याचिकाकर्ता ने सैन्य मामलों के विभाग द्वारा मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं देने का हवाला देते हुए चार्जशीट पर रोक लगाने की मांग की थी।

**(लेखक वरिष्ठ कवि एवं पूर्वोत्तर स्थित पत्रकार हैं)**

# उधारी के जाल में फंसता भारत

## समय-संदर्भ

**विमलशंकर सिंह**



कहतें हैं कि उधारी (लोन), मनुष्य को आबाद या बर्बाद कर सकती है । अर्थव्यवस्थाएं इसकी अपवाद नहीं हो सकतीं हैं । संभल कर उधारी के दलदल में घुसे तो निकल आएंगे वरना भीतर समां जायेंगे । हमारे पडोसी देश श्रीलंका की बबार्दी, इसी उधारी के भंवरजाल में फंसने और श्रीहीन होने की कहानी बयां करती है । स्वर्ग सरीखा श्रीलंका, एचडीआई के अच्छे पायदान पर खड़ा श्रीलंका, आज उधारी के ज्वार के थपेड़े खा रहा है और भारत की तरफ निहार रहा है । दूसरी तरफ, भारत माता को दंश देकर जनमा पाकिस्तान भी, उधारी के डंक से ही आहत हुआ, बेहाल हुआ है ।लेकिन वह बेचारा तो भारत को निहार भी नहीं सकता है, टकटकी लगा भी नहीं सकता है । मुसल्सल ईमान की कहानी बनने, गढ़ने चला वो, पाकिस्तान बनने चला जो, आज उधार की ही मार से बेजार, बेहाल पड़ा हुआ है मझधार में । तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था की दीवारें दरक गईं उधारी के चक्कर में । तो क्या लोन लेना इतना ही खतरनाक है ? यह तो इस बात पर निर्भर करता है कि उधारी का सदुपयोग हुआ या कि दुरुपयोग ।

उधारी (लोन) की जरूरत क्यों होती है ? पूंजी की जरूरत होती है विकास के लिए और कोई इसका सदुपयोग कर अर्थव्यवस्था को खुशहाल बना लेता है तो कोई खर्च को पूरा करने के लिए हाथ फैलाता है और भिखारी बन जाता है। विकास के मार्ग पर चल पड़ी अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत को, अपने नागरिकों के जीवन को आबाद करने के लिए भारी पूंजी की आवश्यकता होती है ।पूंजी से यदि पूंजीगत सम्पतियों, आधारभूत संरचना का विकास किया गया जैसे मशीन, बांध, नहर निर्माण, यातायात व्यवस्था में सुधार, तो अर्थव्यवस्था में चार चांद लग जाते हैं । दूसरी तरफ, कुछ अर्थव्यवस्थाएं दैनिक खर्चे को पूरा करने में जैसे वेतन और पेंशन देनें में खर्च कर देती हैं उधार ली गई पूंजी को, तो बबार्दी तो लिखी ही होती है उनकी । यह तो वैसे ही है जैसे किसी ने उधार लिया और उससे शराब पी गए । तो जैसे मूलधन और व्याज दोनों ही गटक गए एक साथ, तो उधारी का भार तो बढ़ ही जायेगा । पूंजी लेकर उत्पादन क्रियाओं में उसे लगाना आवश्यक है जिससे बढ़े उत्पादन से मूलधन और व्याज दोनों लौटाया जा सके ।लेकिन उधारी लेता कौन है ? उधारी, केंद्रीय और राज्य सरकारें एवं कुछ निजी क्षेत्र भी लेते हैं । किन्तु उधारी का दाता कौन होता हैं ? उधार, देश के भीतर से या विदेश से लिया जा सकता है । तो दाता कोई भी हो सकता है, शर्त केवल एक ही होती है कि मूलधन और व्याज समय पर लौटा दिया जाय। लेकिन विदेशी कर्जे में ज्यादा जोखिम है क्योंकि विनिमय दर में उतार चढ़ाव से उधार राशि प्रभावित होने लगती है जैसा अभी भारत में। देखा जाय कि हिन्दोस्तान की अर्थव्यवस्था क्या लोन तले दब गई है या अभी जान बाकी है हमारी? क्या ऊँट, उधारी के पहाड़ के नीचे आ जायेगा ?

उधारी का चक्कर सन 1947 से बदस्तूर जारी है आज तक, विकास के नाम पर । केंद्रीय सरकार पर 31 मार्च सन 2023 तक कुल रु 15261122.12 करोड़ की उधारी की देयता थी जिसमें से आंतरिक स्त्रोतों से लिए गए ऋण का भार 96.83 प्रतिशत (रु.14777724.43 करोड़ )था और विदेशी कर्जा रु. 15261122.12 करोड़ (3.17 %) का रहा । पुनः मार्च सन 2024 के अंत तक केंद्रीय सरकार का कुल उधार बढ़ कर रु. 16946666.85 करोड़ हो जाने की संभावना है । कर्ज लेने में हम किसी से कम नहीं हैं। सावधानी हटी, दुर्घटना घटी की पूरी संभावना है । उधारी के चक्कर को और गहरे से समझने की आवश्यकता है ।सन 1947 से लेकर मार्च सन 2014 के अंत तक भारत सरकार पर कुल रु.5587149.33 करोड़ का उधार था ।जून 2020 में कुल उधार हो गया था रु. 10130000 करोड़ । छह वर्षों में, कोरोना फैलने के पूर्व ही उधार दुगना हो गया । मार्च सन 2020 में कोरोना फैला। तो 1अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2023 के बीच हमने कुल 9673972.79 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज लिया ।अर्थात सन 1947 से सन 2023 के बीच जितना कर्ज लिया गया केंद्र सरकार द्वारा, उसका 36.61 प्रतिशत सन 2014 तक और 63 प्रतिशत के आस पास पिछले नौ वर्षों में कर्ज लिया गया । जीडीपी-कर्ज (किसी देश के सार्वजानिक ऋण की तुलना में उसके वार्षिक आर्थिक उत्पादन से है), अनुपात भी सन 2021-22 में बढ़ कर 62 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है जो सन 1991-92 में 56 प्रतिशत था । हाल के वर्षों में स्थिति भयावह हो रही है और वर्तमान केंद्रीय सरकार आकंठ कर्ज में डूबती प्रतीत होती है । ऊपर से राज्य सरकारें भी कर्ज लेने के लिए ताल ठोंकती प्रतीत हो रही हैं । क्रिसिल के अनुसार राज्यों का कुल उधार वित्त वर्ष 2022 तक रु.7.2 लाख करोड़ होने की संभावना है । स्टेट जीडीपी और उधार का अनुपात जो सन 1991-92 में 22 प्रतिशत के आस पास होता था वह बढ़ कर सन 2021-22 में 31.2 प्रतिशत हो गया था । इसके सन 2022-23 तक बढ़ कर 33.3 प्रतिशत हो जाने की संभावना थी । राज्यों की बकाया देनदारियां (जीडीपी-कर्ज अनुपात) तेजी से बढ़ी हैं। उन पर कर्ज ही कर्ज है । अब केंद्र और राज्य सरकारों के सम्मिलित उधार को लें तो अर्थव्यवस्था की लौ उधार के थपेड़े से कब बुझने लगे, कह नहीं सकते हैं क्योंकि सम्मिलित जीडीपी-उधार अनुपात बढ़ कर लगभग 90 प्रतिशत हो गया है । रु.100 की कमाई में से रु 90 तो उधार लौटाने में चले जायेंगे । सरकारें अपनी आय-कमाई (सकल घरेलू उत्पाद) में से, लिए गए ऋण को लौटाती हैं । इसका अर्थ है कि यदि कर्ज का भार ज्यादा है तो अन्य कार्यो के लिए धन नहीं बचेगा, विकास कार्य नहीं होगा ।इसका दूसरा अर्थ है कि या तो जीडीपी ज्यादा हो या कर्ज कम हो तो अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा । अर्थव्यवस्था की नाव, कर्ज के भार तले डूबने से तभी तक बची रहेगी जब तक खेवैया अपनी सम्पूर्ण कला कौशल का उपयोग करता रहेगा । एक ही अच्छी बात यह है कि विदेशी ऋण के भार को सरकारों ने सीमित रखने की कोशिश की है। निजी क्षेत्र का ऋण-जीडीपी अनुपात मार्च सन 2022 में 51 प्रतिशत से ज्यादा रहा बताते हैं। हम कर्ज की अर्थव्यवस्था बनते जा रहे हैं । कर्ज क्यों बढ़ रहा है ? अनेक कारण हैं। एक तो सरकारें विकास करना चाहतीं हैं और कर्ज ले रही हैं । दूसरी तरफ, विकास दर अनेक वर्षों में धीमी भी रही है जिससे कर्ज का मूलधन और व्याज लौटाना मुश्किल होता है । अतः कर्ज लौटाने के लिए भी कर्ज लेना होता है । सरकारों की देनदारियां बढ़ी हैं ।राजस्व और राजकोषीय घाटा, दोनों बढ़ा है । सामान्य भाषा में कुल सरकारी आय और कुल सरकारी व्यय का अंतर राजस्व घाटा कहलाता है । जबकि किसी वित्तीय वर्ष के राजस्व घाटे और सरकार द्वारा लिए गए ऋण और अन्य देयताओं के भुगतान का योग राजकोषीय घाटा कहलाता है। राजस्व घाटा कितना है ? सन 2008-09 में यह 4.6% रहा । सन 2018-19, सन 2021-22 में यह क्रमसः 2.4% और 7.3% रहा । सन 2022-23 में इसको 3.8 % तक लाने की योजना थी । आमदनी अठ्ठनी और खर्चा रूप्पया जैसी स्थिति बनती रही और ऋण और व्याज भी तो देना होता है। ऐसे में उधार लेना आवश्यक बन जाता है । इससे राजकोषीय घाटा भी अनियंत्रित सा हो रहा है । क्योंकि राज्यों का राजकोषीय घाटा मान्य स्तर (जीडीपी का 3 प्रतिशत) से बहुत ज्यादा है ।सन 2021-22 में यह राजस्थान में (4.0%), नागालैंड (4.0%), तेलंगाना (4.0%), मेघालय (4.1%), पश्चिमी बंगाल (4.2%), हरियाणा (4.3%), असम (4.4%), हिमाचल प्रदेश (4.5%), सिक्किम (4.5%), छत्तीसगढ़ (4.6%), पंजाब (4.6%), एम पी (4.6%), यू पी (4.7%), तमिलनाडु (4.8%), त्रिपुरा (5.7%), गोवा (6.6%), तथा मणिपुर में (9.2%) रही ।अन्य राज्यों में यह चार प्रतिशत से कम रही । स्पष्ट है कि कुछ राज्यों में राजकोषीय घाटा काफी ज्यादा रहा है और घाटे की पूर्ति के लिए ये और कर्ज ले रहे हैं । केंद्र सरकार का भी राजकोषीय घाटा असामान्य रूप से ज्यादा है । फिर हाल के वर्षों में सब्सिडी पर नियंत्रण रखने के प्रयास के बावजूद भी यह बहुत ज्यादा रही है ।सन 2021-22, सन 2022-23 में यह क्रमसः रु. 503907 करोड़ और 562079 करोड़ थी तथा सन 2023-24 में इसके 403083 करोड़ होनें की संभावना है । ऊपर से रेवड़ी संस्कृति ने भी न केवल सरकारों और विभिन्न राजनैतिक दलों के बीच प्रतियोगिता बढ़ाई है अपितु आम जनता भी मुग्ध है इस खेल पर और खुश है विभिन्न रेवड़ियों से सुख प्राप्ति पर । रेवड़ी बांटने और लूटने का खेल बदस्तूर जारी है जो राज कोष पर भारी है ।

**उधारी का चक्कर सन 1947 से बदस्तूर जारी है आज तक, विकास के नाम पर । केंद्रीय सरकार पर 31 मार्च सन 2023 तक कुल रु 15261122.12 करोड़ की उधारी की देयता थी जिसमें से आंतरिक स्त्रोतों से लिए गए ऋण का भार 96.83 प्रतिशत (रु.14777724.43 करोड़ )था और विदेशी कर्जा रु. 15261122.12 करोड़ (3.17 %) का रहा । पुनः मार्च सन 2024 के अंत तक केंद्रीय सरकार का कुल उधार बढ़ कर रु. 16946666.85 करोड़ हो जाने की संभावना है । कर्ज लेने में हम किसी से कम नहीं हैं । सावधानी हटी, दुर्घटना घटी की पूरी संभावना है । उधारी के चक्कर को और गहरे से समझने की आवश्यकता है ।**

उधारी के भंवर में हमारी नाव फंसी है, डगमगा रही है किन्तु अभी डूबी नहीं तो कारण क्या है। कहते हैं कि ऋण लेना ही विकास की कुंजी होती है ।सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने भारी ऋण ले रखा है । भारत भी भारी ऋण को पचा सकता है । केवल पचाने की कला आनी चाहिए । उधार लेकर भी आप एक स्थिर अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। लोन लीजिये, आधारभूत संरचना जैसे सड़क, रेल मार्ग, पुल, बंदरगाह आदि का निर्माण कीजिये । समझना होगा कि यही तो केंद्र और राज्य सरकारें और अडानी जैसी कम्पनियां कर रही हैं आज कल । लोन लीजिये, विकास कीजिये का महामन्त्र, गूढ़ मन्त्र हमने अपना रखा है । दूसरा मन्त्र हमने अपनाया है कि विदेशी कर्ज हम कम से कम लेंगे । कम विदेशी ऋण से ही (3.2% के लगभग) हम सब की जान बची है अब तक ।डॉलर की तुलना में रूपया तेजी से सस्ता होने पर भी विदेशी कर्ज के बावजूद हमारी नाव अभी डूबी नहीं ।दूसरी तरफ, पाकिस्तान और श्रीलंका के कंगाली का राज इसी भारी विदेशी ऋण में ही छुपा हुआ है । सन 1991-92 के पश्चात की सभी सरकारों को क्या धन्यवाद न दिया जाय? लेकिन केवल कम विदेशी ऋण ही हमारी अर्थव्यवस्था की दुर्दशा के बचाव का एक मात्र कारण नहीं है ।

विकास दर, जीडीपी का स्तर, महंगाई दर, बैंक दर, बैंकों का एनपीए, पूंजी की स्थिति, व्यापार घाटा सभी निर्धारित करते हैं कि अर्थव्यवस्था कितने संकट में है या होगी ।यदि सभी संकेतकों की स्थिति नियंत्रण में है तो अर्थव्यवस्था में स्थिरता होगी । फिर ऋण लौटाने का चक्र, समय क्या है, भी महत्वपूर्ण है। क्या हमारी स्थिति हमको अभी कंगाली की तरफ नहीं ले जा रही है ? पिछले कुछ वर्षों में विकास दर पर ग्रहण सा लगा है ।जीडीपी लगभग कम ही रही है विभिन्न वर्षों में । फिर कहां से हम उधार लौटा पाएंगे? महंगाई तेजी से बढ़ी है ।इसी महंगाई से तो पाकिस्तान, श्रीलंका बेहाल हैं। क्या हम इसकी मार से बच जायेंगे? आप ही बताईये कि आप बेतहासा बढ़ती कीमतों से खुश हैं क्या ? बैंक दिवालिया न हों इसके लिए आरबीआई सजग नहीं हो रही क्या ? फिर भी कुछ बैंक संकट में क्या नहीं पड़े? क्या इधर निर्यात की तुलना में आयात तेजी से नहीं बढ़ा है ? तो क्या व्यापार घाटा, हमारी खुशहाली की स्थिति बयां करती है ? प्रश्न ही प्रश्न हैं ।उत्तर केवल यह है कि हमारी आर्थिक स्थिति किसी भी तरह से संतोष प्रद नहीं है । ऊपर से हमारे राजनेताओं की राजनीति, पाकिस्तानी नेताओं से क्या कुछ कम है? शायद कुछ कम है तभी तो हम अभी भी बचे हैं डूबने से । रेवड़ी का खेल खेलने से परहेज करने की जरूरत है । रेवड़ी के चक्कर का आरोप जब हम आप लगाते हैं दूसरों पर उंगली दिखा कर, तो चार उंगलियां आप-हम पर भी इशारा करतीं हैं।समझना होगा कि टाइटेनिक जहाज जब डूबा तो सभी हजारों सवार भी डूब गे। क्या श्रीलंका डूबा तो राष्ट्रपति गोटाबया राजपक्षा बच पाए? जरा सोचिये ।

**(लेखक डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी के अर्थशास्त्र विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं, संपर्क 9450545510)**

# कर्नाटक चुनाव: राजनीतिक पैंतरे और चुनौतियां

## प्रसंगवश

**चेतनादित्य आलोक**



कर्नाटक विधानसभा चुनाव कुछेक सबसे बड़े और कड़े चुनावी मुकाबलों में से एक साबित होने वाला है, जहां 10 मई को 224 सीटों के लिए मतदान होगा और 13 मई को परिणाम घोषित किये जायेंगे। कर्नाटक में वैसे तो मुकाबला त्रिकोणीय यानी भाजपा, कांग्रेस एवं जनता दल-एस के बीच होता रहा है, लेकिन इस बार उम्मीद है कि मुख्य चुनावी संघर्ष भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा। बहरहाल, राज्य में चुनाव की घोषणा होते ही विभिन्न राजनीतिक दल चुनावी तैयारियों में जुट गये, जबकि भाजपा ने राज्य में चुनावी आगाज पिछले वर्ष नवंबर महीने में ही कर दिया था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगलुरू हवाई अड्डे के नवनिर्मित दूसरे हिस्से का उद्घाटन करने के बाद कर्नाटक की जनता के साथ एक भावनात्मक संवाद स्थापित किया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने 400 वर्ष पुराने बंगलुरू शहर की स्थापना करने वाले केम्पेगौड़ा जी की 110 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया था। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री का वह कार्यक्रम हमेशा की तरह स्थानीय जनता के हृदय में पैठ बनाने की एक शानदार पहल थी, जिसे आगामी विधानसभा चुनाव के बरक्स एक महत्वपूर्ण एवं कारगर राजनीतिक प्रयास कहना गलत नहीं होगा। वैसे भी नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह वाली भाजपा चुनावी तैयारियों के लिए अब घोषणाओं की मोहताज नहीं रहती, बल्कि उसकी चुनावी तैयारियां तो अब सालों भर लगातार चलती ही रहती हैं।

एक सर्वे के आधार पर इस बार भाजपा एवं जनता दल-एस (जेडीएस) के वोट शेयर में थोड़ी गिरावट की आशंका जतायी जा रही है। सर्वे में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस बार भाजपा के कुल वोट शेयर में 1.3 प्रतिशत और जेडीएस के पिछली बार के 18 प्रतिशत वोट शेयर में भी थोड़ी गिरावट की आशंका है। वहीं कांग्रेस के वोट शेयर में लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना जतायी गयी है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि इस बार राज्य में भाजपा का कुल वोट शेयर लगभग 34.7 प्रतिशत एवं कांग्रेस का कुल वोट शेयर 40 प्रतिशत तक रह सकता है। सर्वे के अनुसार राज्य की 50 प्रतिशत जनता ने राज्य की भाजपा सरकार के कामकाज को खराब, जबकि 28 प्रतिशत ने अच्छा और 22 प्रतिशत ने औसत स्तर का बताया। हालांकि यह आवश्यक नहीं कि सर्वे में प्राप्त आंकड़े हमेशा सही साबित हों। चुनावी इतिहास में विशेष कर नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में अब तक कई बार ये आंकड़े गलत साबित हुए हैं। इन सबके बावजूद इस बार के विधान सभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस और जेडीएस के लिए राज्य में अनेक चुनौतियां भी हैं, जो चुनावी परिदृश्य को अंशतः या पूर्णतः बदल सकती हैं।

एक तरफ बोम्मई सरकार के विरूद्ध स×ा विरोधी लहर तथा पार्टी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भाजपा की प्रमुख चुनौतियां हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी तथा राहुल के करीबी नेताओं समेत राज्य पार्टी अध्यक्ष की साख भी दांव पर लगी हुई है, जिनसे पार्टी एवं समर्थकों को बड़ी अपेक्षाएं हैं। यही नहीं, चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा के प्रमुख स्थानीय नेता बीएस येदिउरप्पा के अतिरिक्त राज्य में विशेष रूप से सक्रिय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन और सरकार के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं धर्मेंद्र प्रधान की साख भी दांव पर लगी हुई है, जिनके कंधे पर पार्टी ने इस बार कर्नाटक का दंगल जीताने की जिम्मेदारी डाली है। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के पुराने धार्मिक एवं सामाजिक ध्रुवीकरण की राजनीति को मात देने के लिए भाजपा द्वारा चला गया नया सामाजिक ध्रुवीकरण वाला दांव भी इस चुनाव में कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पिछले पांच दशकों से ओबीसी, दलित, आदिवासी और मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करती आ रही है, जबकि वर्तमान बोम्मई सरकार ने बीसी कैटेगरी में 2बी के अंतर्गत अब तक मुस्लिमों को मिलने वाले चार प्रतिशत आरक्षण को संवैधानिक रूप से अवैध बताते हुए राज्य में प्रभावशाली वोक्कालिंगा एवं वीरशैवा लिंगायत समुदायों के बीच क्रमशः 2सी और 2डी श्रेणी के अंतर्गत दो-दो प्रतिशत बांट दी। सरकार के इस फैसले के बाद 2बी श्रेणी समाप्त हो गई, जिससे मुस्लिम नाराज हैं, जबकि वोक्कालिंगा समुदाय का आरक्षण चार से बढ़कर छह प्रतिशत तथा लिंगायत समुदाय का पांच से बढ़कर सात प्रतिशत हो गया।

**चुनावी सरगर्मियों के बीच भाजपा के प्रमुख स्थानीय नेता बीएस येदिउरप्पा के अतिरिक्त राज्य में विशेष रूप से सक्रिय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन और सरकार के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया एवं धर्मेंद्र प्रधान की साख भी दांव पर लगी हुई है, जिनके कंधे पर पार्टी ने इस बार कर्नाटक का दंगल जीताने की जिम्मेदारी डाली है। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के पुराने धार्मिक एवं सामाजिक ध्रुवीकरण की राजनीति को मात देने के लिए भाजपा द्वारा चला गया नया सामाजिक ध्रुवीकरण वाला दांव भी इस चुनाव में कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।**

भाजपा ने पिछड़े वर्गों की छोटी-छोटी उपजातियों को भी अपने पाले में करने के लिए राज्य के सामाजिक ताने-बाने को नये सिरे से गढ़ने का प्रयास किया, जिसे समझने में अन्य दलों को बहुत देर लग गयी। दरअसल, भाजपा ने टीपू सुल्तान एवं अंग्रेजों के विरूद्ध युद्ध लड़ने वाले महान योद्धाओं उरी गौड़ा एवं नन्जे गौड़ा जी को सच्चे स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में प्रस्तुत कर अपने विरोधियों के सामने एक नयी चुनौती खड़ी कर दी। यही नहीं, करकला में भगवान परशुराम, बंगलुरू में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, बेलगावी में वीर शिवाजी, बंगलुरू स्थित कन्नड़ साहित्य परिषद् के प्रांगण में भुवनेश्वरी देवी, शिवमोग्गा में प्रगतिशील कवयित्रि अक्का देवी, मंगलुरू में स्वतंत्रता सेनानी केदबंदी रमैया गौड़ा, चामराज नगर में माले महादेश्वर एवं बंगलुरू में फिल्म स्टार राजकुमार आदि समेत स्थानीय राजाओं एवं सरदारों की स्मृतियों में लगभग दो दर्जन प्रतिमाओं की स्थापना एवं उनका अनावरण कर भाजपा ने राज्य की विभिन्न जातियों एवं उपजातियों को खुश करने का कार्य किया।

तात्पर्य यह कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बहाने भाजपा ने स्थानीयता को राष्ट्रवाद का स्वरूप देने का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गंभीर प्रयास किया। आगामी चुनाव में पार्टी को इन सार्थक प्रयासों के अच्छे नतीजे मिलने की पूरी संभावना है। निश्चित रूप से पार्टी को इनसे बड़ी उम्मीदें भी हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की आपसी खींचतान पार्टी के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। हालांकि अभी तक कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने आपसी तालमेल दिखाने की कोशिश तो की है, उदाहरणस्वरूप वे सार्वजनिक रूप से पार्टी के विरूद्ध कुछ भी कहने या करने से बच रहे हैं, लेकिन चुनाव की तिथि ज्यों-ज्यों निकट आती जायेगी, धीरे-धीरे नेताओं के बीच की खटास और बढ़ने एवं सार्वजनिक होने की उम्मीदें भी बढ़ती जायेंगी। संभवतः पार्टी को स्थानीय नेताओं के कुछ आत्मघाती कदमों को भी झेलना पड़े।

**( लेखक पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

# शैलेंद्र शांत की गजलें



1.
कहीं से चल कर बहार आ जाए/ कि बुझे दिल को करार आ जाए
इंतजार में जाने कब से बैठा रहा/ थूककर गुस्सा मेरा यार आ जाए
सफर जिंदगी का साथी कुछ ऐसा/ राह में बाढ़,कभी सुखाड़ आ जाए
काम कर लिया जाए कुछ ऐसा कि/ गैरों को भी तुम पर प्यार आ जाए
बार-बार कमबख्त बुखार ना आए/ भले ही वह भैंसा सवार आ जाए

2.
इलाज मालूम नहीं, बीमारी बता रहे हैं/ शराबी अब नशे की खराबी बता रहे हैं
पूरब निकलना था,पश्चिम को जा रहे हैं/ जो सुनी नहीं कभी,वे किस्से सुना रहे हैं
आते रहे हैं सपने वैसे तो बहुत हसीन/ हकीकत में मगर वे टूटते ही जा रहे हैं
पहले तो गिन-गिन खूबियां बता रहे थे/ बिक गया जब जिंस, नखरे दिखा रहे हैं
कलम को नहीं मंजूर कोई बंदिश साहिब/नाहक ही नाराजगी का डंडे दिखा रहे हैं

## व्यंग्य

# कुछ भी फर्जी नहीं



**डॉ प्रदीप उपाध्याय**

'भाई साहब, आजकल हर जगह फजीवाड़ा चल रहा है।सही बात को भी फर्जी बताया जा रहा है।ऐसे में कोई बात फर्जी है,इसे आप कैसे साबित कर सकते हैं!'

'देखो पंडित, फर्जी कुछ भी नहीं है जबतक कि सरकार स्वयं फर्जी घोषित न कर दे। वरना तो यह साबित करने की जवाबदारी उस व्यक्ति की है जो कहता है कि कोई बात फर्जी है।कानूनन भी यह होता है कि जो आरोप लगाता है,उसे ही आरोप सिद्ध करना पड़ते हैं। हां,जो आरोप को सिरे से नकारता है,उसे अपने बचाव में साक्ष्य देना होते हैं। लेकिन यह सब तुम क्यों पूछ रहे हो!'

'भाई साहब, मैंने जिस डिग्री के बल पर पूरा सेवाकाल निकाल दिया,अब जाकर लोग कह रहे हैं कि डिग्री फर्जी है।'

'अब उनके कहने से क्या होगा और अब तुम भी क्यों चिंता करते हो। चिल्लाने वाले चिल्लाकर अपने आप चुप बैठ जाएंगे। हां, नौकरी में प्रवेश के समय यदि वे चिल्लाते तो तुम्हारा अहित हो सकता था।वैसे भी तुम नाहक चिंता पाल रहे हो जिनके पास फर्जी डिग्रियां हैं, उनके जूं तक नहीं रेंगती तो तुम क्यों!'

'लेकिन भाईसाहब, मैं स्वाभिमानी व्यक्ति हूं। मुझसे यह बर्दाश्त नहीं होता!'

'अरे, स्वाभिमान गया तेल लेने।लोग नकल करके परीक्षा पास कर लेते हैं, प्रश्नपत्र आउट कर परीक्षा पास कर लेते हैं। क्या इनकी डिग्री असली कहीं जाएगी।कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां डिग्रियों की कोई जरूरत ही नहीं रहती।बस शौकिया तौर पर जिस तरह शरीर पर आभूषण पहनकर इतराया जाता है ठीक उसी तरह से डिग्री कबाड़ कर लोग खुश होते रहते हैं।और इसीलिए हमें किसी की खुशी में बाधक नहीं बनना चाहिए और डिग्री के असली -नकली होने पर कोई प्रश्नचिन्ह लगाना चाहिए।'

'फिर भी कोई डिग्री को फर्जी करार देता है तो गुस्सा आता ही है ना।'

'अरे भाई, इसमें गुस्से वाली क्या बात है! पुलिस भी तो अपराधियों को मुठभेड़ में उनका एनकाउंटर कर सटका देती है, उसे भी तो फर्जी मुठभेड़ के आरोप का सामना करना पड़ता है।कहने वाले कहते रहते हैं। हमें उनके असली -नकली होने की तह तक जाने की क्या जरूरत है!'

'फिर भी सच्चाई तो सामने आना ही चाहिए।'


'देखो,असली क्या है,नकली क्या है यह तो किसी के दिल से ही पूछा जा सकता है लेकिन बात वहीं आकर ठहर जाती है कि दिल की बात भला कौन बताता है!तब लगता है कि जो बताया जा रहा है वही सही है। आरोप तो लगते रहते हैं कि सब कुछ फर्जी है।जीवन में कई दृश्य बनाए जाते हैं तो कई अपने आप बन जाते हैं।बनाए गए दृश्यों पर असली-नकली के टैग लगते रहते हैं जबकि बने-बनाए दृश्यों को भी लोग नकली या फर्जी कहने से बाज नहीं आते। इसलिए हमें लोगों के चिल्लाने पर ध्यान न देते हुए अपना दिमाग नहीं लगाना है।जो अधिकृत रूप से कहा जाए,वही सच है,सच के सिवाय कुछ भी नहीं।फर्जी भी नहीं।आया कुछ समझ में।'

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425030009)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## संक्षेप

### जमीन कब्जा करने का आरोप, एसडीएम से लगायी गुहार



बूढ़नपुर (आजमगढ़)। विकास खंड अहरौला के बस्ती भुजवल गांव निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसी पर अवैध कब्जा करने व हैंड पम्प तोड़ दिये जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम बूढ़नपुर से न्याय की गुहार लगायी है। विकास खंड अहरौला अंतर्गत बस्तीभुजबल गांव निवासी हरिकेश गुप्ता पुत्र भरत गुप्ता का आरोप है कि उसकी जमीन पर बगल के ही दबंग व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इतना ही नहीं विपक्षी द्वारा हैंड पम्प तोड़ दी गई। मैं अपनी जमीन पर 25 वर्ष पूर्व से हैंड पंप लगवाया था जिसे विपक्षी द्वारा तोड़कर फेंक दिया गया और पाइप मिट्टी से पाट दिया गया। इस कड़ाके की गर्मी में मेरे परिवार के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। हम इधर उधर से पानी का इंतजाम करते हैं और किसी तरह से अपनी प्यास बुझाते हैं। दबंगई का आलम इस कदर है कि स्थानीय थाने की पुलिस विपक्षी से मिली हुई है और उसके इशारे पर काम कर रही है। इसकी शिकायत मेरे द्वारा स्थानीय थाने पर की गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इतना ही नहीं इसकी शिकायत मेरे द्वारा पुलिस के उच्च अधिकारियों से भी की गई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। हल्का लेखपाल द्वारा जांच की रिपोर्ट उसके ही पक्ष में लगाई गई है। इसकी शिकायत मेरे द्वारा बुधवार को उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद से भी की गई। उन्होंने जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### तमंचा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



आजमगढ़। नगर थाना कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी व नकबजनी करने वाले 2 अभियुक्तों को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते तीन मार्च को डा.पंकज शर्मा निवासी डेढ़गवा गाजीपुर द्वारा तहरीर दिया गया कि वादी के घर का ताला तोड़कर चांदी के बर्तन चोरी कर लिया गया। इसी क्रम में 14 मार्च को गीता यादव पत्नी सुशील यादव निवासी बदरका थाना कोतवाली आजमगढ़ द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि चोरों द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के कमरे से पंखा चोरी कर लिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को सत्यदेव यादव पुत्र गिरिजा यादव निवासी कोल बाजबहादुर थाना कोतवाली आजमगढ़ द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि अभियुक्तों जितेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र स्व. विशुनदेव पाण्डेय निवासी ग्राम बिहटा थाना बिहटा जनपद पटना बिहार, रवि कुमार मिश्र पुत्र स्व.उमेश मिश्र निवासी ग्राम बख्तियारपुर नया टोल संगत थाना बख्तियारपुर जनपद पटना बिहार द्वारा धोखाधड़ी करके 4000 रुपए के बदले वादी से 20000 रुपए ले लिया गया। लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। बुधवार को पुलिस ने घटना का पटाक्षेप करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र स्व.विशुनदेव पाण्डेय निवासी ग्राम बिहटा थाना बिहटा जनपद पटना बिहार व रवि कुमार मिश्र पुत्र स्व.उमेश मिश्र निवासी ग्राम बख्तियारपुर नया टोल संगत थाना बख्तियारपुर जनपद पटना बिहार के प्राइवेट बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 28,500 रुपए नगद व 2 अदद अवैध तमन्चा व जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### किसानों के उत्पीड़न की हो रही साजिशः संयुक्त किसान मोर्चा



लालगंज (आजमगढ़)। संयुक्त किसान मोर्चा के विविध किसान संगठनों किसान संग्राम समिति, अखिल भारतीय किसान महासभा, जनवादी लोकमंच, जनमुक्ति मोर्चा, खेत मजदूर किसान संग्राम समिति, संयुक्त किसान खेत मजदूर संघ के किसान प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन से पहले अमर शहीद कुंवर सिंह उद्यान में बैठक किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के खिलाफ 6 माह से ज्यादा समय से जारी धरना शांतिपूर्ण और बिना किसी सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाएं जारी है। धरना के ग्रामीणों ने बार-बार 12-13 अक्टूबर को हुए महिला उत्पीड़न, एससी, एसटी उत्पीड़न और 24 दिसंबर को किसान नेताओं के अपहरण जैसी घटनाओं के सवालों पर एफआईआर कराने का आवेदन किया लेकिन प्रशासन ने आज तक एफआईआर दर्ज नहीं किया। लेकिन 27 दिसंबर को एसपी ऑफिस में एफआईआर के लिए ग्रामीण पहुंचे तो उल्टे धरनास्थल की जनता व नेताओं और करीब 60 से 70 अज्ञात लोगों पर कोतवाली आजमगढ़ में एफआईआर थोप दी गई है। संयुक्त किसान मोर्चा का मानना है कि प्रशासन द्वारा यह जनता को उकसाने और उनका दमन-उत्पीड़न करने की साजिश का नतीजा है। शासन प्रशासन को शांति में आंदोलन के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए उनके ऊपर थोपे गए एफआईआर वापस करना चाहिए ताकि आगे भी प्रशासन के साथ सौहार्दपूर्ण और शांति में वार्ता का द्वार खुला रहे। बैठक को दुखहरन राम, विनोद सिंह, राजेश आजाद, रामराज, अवधराज आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता नंदलाल और संचालन डा.रविंदनाथ राय ने किया।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत



आजमगढ़। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा की एक बैठक नगर के बड़ा गणेश मंदिर में मंगलवार को हुई। जिसमें राष्ट्रीय समिति द्वारा जनपद के पं. शमानंद पाण्डेय को पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष एवं युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष पं. रितेश कुमार पांडेय को बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने कहा कि ब्राह्मणों ने सदैव समाज को जोड़ने का कार्य किया है और विश्व के सुख व शांति की कल्पना की है। उन्होंने कहा कि कर्मठ व जुझारू समाजसेवी शमानंद पाण्डेय और रितेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पूर्वी उत्तर प्रदेश की कमान सौंपकर राष्ट्रीय संगठन ने सराहनीय कार्य किया है, इससे संगठन को मजबूती मिलेगी। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि ब्राह्मणों द्वारा बताये गए राह पर चलकर ही यह देश विश्व गुरु था। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को अपनी शुभकामना दी। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पं. शमानंद पांडेय ने कहा कि हमारे संगठन द्वारा ब्राह्मण समाज को एकजुट करने के लिए सघन अभियान चलाया जायेगा। ब्राह्मण समाज उन्हीं को समर्थन देगा, जो ब्राह्मण हित व उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, बंशीधर पाठक, रमेश चंद्र पाण्डेय, हरीश पाठक, दीनानाथ मिश्रा, जयराम उपाध्याय पंचदेव पाण्डेय, चन्द्रजीत तिवारी, संजय दुबे, शिवशंकर मिश्रा, राजेश मिश्रा, कन्हैया पाण्डेय, महंत दुर्गेश तिवारी विवेकानंद मिश्रा, हरिगोविन्द तिवारी, सुनीता उपाध्याय, रविप्रकाश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### पत्रकारों ने इफ्तार पार्टी में की शिरकत



सरायमीर (आजमगढ़)। रोजा इफ्तार का आयोजन कस्बा के रामलीला मैदान स्थित वसी सिद्दीकी के आवास पर किया गया जिसमें सरायमीर प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों ने शिरकत किया। वसी सिद्दीकी ने बताया कि रमजान के पवित्र माह में जितना भी नेक काम किया जाय वह कम है। गरीबों और बेसहारों की भरपूर मदद करने का महीना है। कदम कदम पर नेकी और सवाब मिलता है। विशेषकर रमजान के आखरी अशरे यानी रमजान का वक्त खुदा से अपने गुनाहों की माफी मांगने का समय होता है। इसमें जितना चाहे अपने रब को राजी कर लें और एक दूसरे की खूब मदद करें चाहे वह किसी जाति या मजहब के हो, उनका पूरा ख्याल करें। इफ्तार के बाद मुल्क में अमन चैन व हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ देश में खुशहाली की दुआ की गयी। इस मौके पर शोएब आलम, अबुल बशर, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद आजम, यासिर खान, अबु हमजा, नजरुल इस्लाम, रजब अली, मोजम्मिल जमाल, अलीमुल्ला अंसारी, आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विशाल भारद्वाज ने बताया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में पूर्व प्रसारित आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए मतदेय स्थलों पर मूलभूत आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह 9454417592, को प्रभारी अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार मिश्र 9454457357, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह 9453004103, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी वाराणसी ज्ञान प्रकाश वर्मा 9415662983, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वर्षा अग्रवाल 9451182858, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास शशांक सिंह 9582290342, प्रधानाचार्य राजकीय पालिटेक्निक आजमगढ़ 9450426528, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतें तथा प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी एसके दर्वे 9450786907, को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देशित किया गया है कि वे नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।




## तीसरे दिन भी हुई नामांकन पत्रों की बिक्री

फूलपुर (आजमगढ़)। नगर निकाय चुनाव के बुधवार को तीसरे दिन फूलपुर नगर पंचायत में चैदह नामंकन पत्रों की बिक्री हुई। वार्ड चार से सदस्य के लिए शाहनवाज ने नामंकन किया। नगर निकाय चुनाव में फूलपुर माहुल नगर निकायों के नामंकन की सारी प्रक्रिया फुलपुर तहसील प्रांगण स्थित उपजिलाधिकारी कोर्ट व न्यायिक कोर्ट फूलपुर में कराया जा रहा है। सुरक्षा के चाक चैबन्द व्यवस्था में नामंकन पत्रों की बिक्री अब तक हो रही है। फूलपुर नगर निकाय के अध्यक्ष और सदस्यों हेतु सम्भावित उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद रहे हैं। बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए एक फार्म बिका और सदस्य के तेरह नामांकन पत्र खरीदे गए। वार्ड चार से सदस्य के रूप में शाहनवाज ने अपना नामांकन किया। वहीं माहुल नगर पंचायत में 26 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, एक भी नामांकन नहीं हुआ। सुबह 11 बजे से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। चिलचिलाती धूप में पुलिस के जवान खुले आसमान के नीचे खड़े रहे।

## आधा दर्जन विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फुलपुर (आजमगढ़)। विद्युत लोड बढ़ने के कारण विद्युत आपूर्ति बार बार बाधित हो रही थी। अधिकारी रात दिन फाल्ट से परेशान थे। बुधवार की सुबह उपखण्ड अधिकारी विनोद कुमार अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह के नेतृत्व मेंनगर में मार्निंग रेड अभियान पठान पूर्वा उस्मानिया मुहल्ला रोडवेज पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग दो दर्जन से अधिक परिसरों की जांच की गई जिसमें पठान पुरवा व उस्मानिया मुहल्ला में कुल 6 परिसर पर बिद्युत चोरी पकड़ी गई।

इन परिसरों में विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास करके बिजली की चोरी की जा रही थी जिसमे मो.जाहिद, अनिल कुमार सोनकर, मो. अख्तर, बेलाल, शाहिद, मो.शकील खान एवं फमिधा खानम के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। जांच टीम में प्रशांत, आशीष प्रजापति, देविश्याम मौर्य आबिद आदि शामिल रहे।

# मुबारकपुर से सबा शमीम ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जनपद में तीनो नगर पालिका आजमगढ़, मुबारकपुर व बिलरियागंज में अध्यक्ष पद पर नामांकन की प्रक्रिया काफी धीमी रही। वहीं सदस्य पदों पर नामांकन किया जा रहा है।

नगर पालिका चुनाव की सरगर्मी काफी तेज है लेकिन कुद पार्टियों द्वारा प्रत्याशी घोषित न करने के कारण अध्यक्ष पद पर नामाकंन की प्रक्रिया काफी धीमी है। कांग्रेस ने दो पूर्व ही अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी थी वहीं समाजवादी पार्टी ने बुधवार को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी की लेकिन अभी भी भाजपा व बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा नही की है।

आजमगढ़ नगर पालिका चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के लिए एक भी नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं हुई और न ही नामांकन हुआ वहीं सदस्य पद के 33 पर्चे खरीदे गये तथा एक नामाकंन हुआ। मुबारकपुर नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री नहीं हुई जबकि एक नामाकंन किया गया और सदस्य पद के लिए 33 पर्चे खरीदे गये तथा नामांकन शून्य रहा। बिलरियागंज नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 7 नामांकन पत्र खरीदे गये तथा सदस्य पद के लिए 41 नामांकन पत्र खरीदे गये तथा 21 लोगों ने नामाकंन किया।



मुबाकरपुर से अध्यक्ष पद पर नामांकन करती सबा शमीम।

## सपा ने घोषित की प्रत्याशियों की सूची

आजमगढ़। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अनुमोदनोपरांत निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने जनपद के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के चुनाव में प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने बताया कि नगर पालिका परिषद आजमगढ़ अध्यक्ष पद हेतु सरफराज आलम उर्फ मंसूर, नगर पालिका परिषद मुबारकपुर अध्यक्ष पद हेतु तैयबा पत्नी फराज अंजुम, नगर पालिका परिषद बिलरियागंज अध्यक्ष पद हेतु मीना देवी पत्नी राजेश पासवान को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसी क्रम में नगर पंचायत अतरौलिया अध्यक्ष पद हेतु सुबाष चंद, बूढ़नपुर ललित कुमार, महराजगंज नूरजहां पत्नी इरशाद अहमद, जहानागंज सफराज को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है।

# अनपढ़ होना है अभिशाप, अब ना रहेंगे अंगूठा छाप

**आयोजन**

### बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

लालगंज (आजमगढ़)। सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराए जाने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामीण स्तर से लेकर शहरी क्षेत्र तक घर घर जाकर गरीब, कमजोर, मजदूर लोगों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली जा रही है। इस अवसर पर बच्चों व अभिभावकों को मिड डे मील ड्रेस जूता मौजा आदि सभी सुविधा देने की जानकारी प्रदान की गई। जिससे प्रदेश में कोई भी बच्चा अशिक्षित ना रह जाए।

इसी क्रम में बुधवार को शिक्षा क्षेत्र ब्लॉक मोहम्मदपुर के कंपोजिट विद्यालय रानीपुर रजमो, प्राथमिक विद्यालय प्रथम व द्वितीय, तथा प्राथमिक विद्यालय रामपुर के बच्चों की संयुक्त स्कूल चलो अभियान रैली को खंड शिक्षा अधिकारी मुहम्मदपुर राकेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रानीपुर रजमो श्रीमान सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। प्रधानाध्यापक रामपुर घनश्याम उपाध्याय के नेतृत्व में, नोडल संकुल शिक्षक अंजनी मिश्रा, रमाकांत भारतीय, महेंद्र कुमार, धर्मेंद्र, ज्ञान प्रकाश सिंह, सौम्या पाण्डेय, अभिनव त्रिपाठी, शालिनी मिश्रा, मंजू यादव, सरिता, सुनीता, सुजीत सिंह, तथा सम्मानित ग्राम वासियों के द्वारा रानीपुर रजमो, पहलेपुर, खाडेपुर, रामपुर, अंबेडकर मोड़, सिधारीगंज आदि क्षेत्रों में घर-घर जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से ग्राम वसियों को अवगत कराते हुए अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागृत कराया गया और बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए आग्रह किया गया। इस अवसर पर सभी लोगो ने ग्रामवासी से अपील किया की अब परिषदीय स्कूल में शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा हो गया है। उन्होंने कहा कि बच्चो का प्रवेश परिषदीय स्कूल में कराएं। रैली में विद्यालय के बच्चों ने झंडा बैनर के साथ आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे, अनपढ होना है अभिशाप अब ना रहेंगे अंगूठा छाप, पापा सुनो विनय हमारी पढ़ने की है उम्र हमारी, पढ़ेंगे पढ़ाएंगे उन्नत देश बनाएंगे, मेरा भारत करे पुकार शिक्षा है सबका अधिकार, घर घर मैं दीप जलेगा हर बच्चा स्कूल चलेगा, पढ़ी लिखी नारी घर की उजियारी आदि नारे लगाते हुए बच्चों के साथ अध्यापकों ने भ्रमण किया।



रैली निकालते स्कूली बच्चे।

## विद्युत की ट्रिपिंग से जनता बेहाल

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय क्षेत्र में जर्जर तारों की वजह से बार बार विद्युत ट्रिपिंग होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश है। इस तपन भरी गर्मी में रोजेदारों सहित अन्य लोग बेहाल हैं। फूलपुर विद्युत उपखण्ड अंतर्गत अवर अभियंता वर्षो पुराने बिद्युत तार पोल आदि बदलने के लिए जिले के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखते रहे। परंतु बिद्युत उच्चाधिकारियों ने संज्ञान में भी लिया और टेंडर करके कार्यदायी संस्था मोंटी कार्लो को ठेका दे दिया। गांवो में पोल और तार बदलने का कार्य भी शुरू हो गया। परन्तु समय से पूर्व तपिस बढ़ने के कारण उपभोक्ता बिद्युत का उपयोग बढ़ा दिया जिसके कारण पुराने तार केबल में फाल्ट आने लगा जिसके कारण दिन रात बिद्युत कर्मियों की भाग दौड़ बढ़ गयी और आपूर्ति बाधित हो रही है। उपखण्ड अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि एक तो तपिस गर्मी के कारण उपकरण गर्म हो जा रहे हैं। उपर से एक साथ लोड बढ़ जा रहा है जिसके कारण उपकरण फेल हो जा रहे हैं। मई तक ट्रांसफार्मर केबल पुराने तार पूरी तरह बदले जाने के लिए सभी प्रयासरत थे। पर अप्रैल में ही इस कदर गर्मी बढ़ जाएगी उम्मीद नही थीं जिसके कारण आपूर्ति बाधित हो रही है। जल्द से जल्द नए उपकरण और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ जाने पर बिद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सही हो जाएगी।

# रमजान व निकाय चुनाव को लेकर पुलिस का रूट मार्च



वाहन चेकिंग करती अतरौलिया पुलिस।

**कार्रवाई**

### दस वाहनों का काटा ई-चालान

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पंचायत में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में आगामी रमजान तथा निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को समूचे नगर पंचायत के साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाके, चट्टी चौराहे, देसी शराब के ठे-के आदि स्थानों पर रूट मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

इस दौरान देसी शराब के ठेके पर भी चेकिंग की गई तथा संदिग्ध लोगों को रोककर जांच पड़ताल की गई। रूट मार्च के दौरान 10 वाहनों का ई-चालान भी काटा गया। थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टि से आगामी रमजान व निकाय चुनाव को लेकर रूट मार्च किया गया है। इस दौरान लोगों को रमजान तथा निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई, साथ ही साथ संदिग्ध लोगों को हिदायत दी गई। उन्होंने कहा कि सकुशल निकाय चुनाव को संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। इस मौके पर उपनिरीक्षक व पुलिस कांस्टेबल मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते एसडीएम।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार : एसडीएम

फूलपुर आजमगढ़। ईद-उल-फितर के मद्देनजर बुधवार को एसडीएम नरेन्द्र गंगवार की अध्यक्षता मे शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसमे लोगो से त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। कस्बा और आस पास के गांवों के सभ्रांत नागरिकों के साथ आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि ईद का पर्व सौहार्दपूर्वक मनाएं। इस दौरान एसडीएम ने नागरिकों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। साथ ही त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए सुझाव भी मांगे। कोतवाल अनिल सिंह ने प्रशासन का पूरा सहयोग करने तथा त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने का आश्वासन दिया। बैठक मे मोहम्मद आरिफ, नीलू आरिफ, चंदन, यहिया, फैजन अहमद, सुफियान अहमद, आदि लोग उपस्थित थे।

## पास जारी करने हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट नामित

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विशाल भारद्वाज ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 का निर्वाचन लड़ने वाले सम्मीदवारों को प्रचार-प्रसार, मतदान एवं मतगणना हेतु वाहन पास जारी करने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके क्रम में चुनाव प्रचार, सभा, जुलूस, रैली आदि की अनुमति देने एवं प्रचार वाहन, मतदान एवं मतगणना दिवस के लिए वाहन पास जारी करने हेतु संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट को नामित किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरसानी, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूशा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय सुबह 10.30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(नीरज)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. भरसानी, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. भरसानी, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत चत्तुरपुरखास, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूशा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय दोपहर 02 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(संजय सिंह)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. चत्तुरपुरखास, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. चत्तुरपुरखास, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत वैशपुर, वि0ख0 अतरौलिया, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/SLWM/स्वच्छ भारत मिशन/SBM/आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, कुर्सी, कम्प्यूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी कीट/भूशा-चोकर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 25.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 26.04.2023 समय सायं 03 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(विदेशी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. वैशपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ

(राजकुमार )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. वैशपुर, वि.ख. अतरौलिया
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत तोवा, वि0ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इत्थुर आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(वसीऊद्दीन)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. तोवा, वि.ख. मिर्जापुर
आजमगढ

(राकेश यादव )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. तोवा, वि.ख. मिर्जापुर
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत गहनीखुर्द, वि0ख0 मिर्जापुर, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इत्थुर आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 19.04.2023

(सुभावती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गहनीखुर्द, वि.ख. मिर्जापुर
आजमगढ

(राकेश यादव )
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गहनीखुर्द, वि.ख. मिर्जापुर
आजमगढ़

# उपचुनाव में हावी रहेंगे जाति व स्थानीय मुद्दे

**चर्चा**

## वोट को लेकर बिछने लगी विसात

## तीन जातियों का समीकरण चुनाव में बदल सकता है किस्मत

**लालगंज।** छानवे विधानसभा के उपचुनाव में सुरक्षित विधानसभा की सीट पर चुनावी मुद्दों पर गरमा गरम बहस चाय पान चट्टी चौराहे की दुकानों पर शुरू हो चुकी है। खासतौर से जातिय समीकरण और दलीय रुझानों के तर्क में पक्ष विपक्ष के पैरोकार ग्रामीण नेता चटखारेदार आमने-सामने की बहस में बढ़त लेने की कवायद कर रहे हैं।

छानवे विधानसभा उपचुनाव की चुनावी रणभेरी बज चुकी है। इस चुनावी समर में दलीय प्रत्याशी और निर्दल ताल ठोकने की पुरजोर आजमाइश की रणनीति बनाकर मैदान में कुद चुके हैं। समाजवादी पार्टी से पूर्व सांसद पूर्व विधायक स्वर्गीय भाईलाल कोल की पुत्री का नामांकन पहले ही हो चुका है। वहीं कांग्रेस पार्टी से अजय कुमार अपना नामांकन दाखिल कर दिए हैं। अपना दल से स्वर्गी राहुल प्रकाश कोल विधायक की पत्नी रिंकी कोल का नामांकन दाखिल किए जाने की तैयारी है। ऐसे समर में उतरने वाले प्रत्याशी अपने सजातीय बंधुओं का सहयोग लेने का ताना-बाना तैयार कर रखे हैं। देखा यह जा रहा है कि चुनावी समर में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों दल के जनाधार पर प्रत्याशियों के भविष्य का दांव लगा हुआ है। वही बाजारों में सुबह शाम दोपहर नियमित बैठने उठने वाले क्षेत्रीय लोगों द्वारा गुणा गणित से हार जीत बताने की भविष्यवाणी भी कर रहे हैं। ऐसे बहसबाजों की माने तो घोषित करते हैं कि विधानसभा में बहुसंख्यक तीन जातियों का समीकरण बैठा लिया जाए तो चुनाव विजय में बदल जाएगा। वहीं निरपेक्ष बुजुर्ग कहते हैं कि चुनाव का अपना मिजाज और स्वभाव होता है जो सामूहिक सोच पर विजय हो जाती है। छानवे लालगंज हलिया की भौगोलिक समीकरण अलग-अलग मुद्दों की प्रतिनिधित्व करती हैं। खासतौर से जातीय व्यवस्था में तीनों स्थानों का समीकरण अलग है।

# भाड़े के प्रत्याशी के सहारे नैया पार करने की फिराक में है सपा

## अमिताभ पाण्डेय की नहीं गली दाल, मिश्रा जी कर गये कमाल

**जनसंदेश न्यूज**

**चुनावी हलचल**

## नगर निकाय में सपा प्रत्याशी सतीश मिश्रा ने किया नामांकन




## अध्यक्ष के लिए कांग्रेस छोड़ आये सतीश ने विकास और सहूलियत का किया वादा

**मीरजापुर।** कुछ दिन पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर आए सतीश मिश्रा व अमिताभ पांडे टिकट की आस में सपा जॉइन किया लेकिन श्री पांडे की दाल नहीं गली और मिश्रा जी कमाल कर गए। कुछ इसी तरह का माहौल नगर पालिका चुनाव में देखने को मिल रहा है। जब बड़ी उम्मीद लगाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व में कांग्रेस के प्रत्याशी भी थे उन्होंने पार्टी बदल कर सपा की नाव पर सवार तो हो गए लेकिन उनके सपनों पर पानी फिर गया और उनसे थोड़े महीने पहले आए सतीश मिश्रा को जब समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया तो लोगों के जेहन में कई सवाल कौंध रहे थे। वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जो नगर पालिका परिषद में प्रत्याशी के लाइन में लगे थे उनमें भी आक्रोश व्याप्त हो गया। पार्टी की कई दशकों से सेवा की लेकिन जब मलाई खाने का मौका मिला तो पार्टी के हाईकमान ने भाड़े के प्रत्याशी के सहारे नैया पार करने का प्लान बनाया यह बात पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को ही हजम नहीं हो रही है कि किसके कहने पर भाड़े के प्रत्याशी पर समाजवादी पार्टी ने अपना दांव खेला है। नगर निकाय चुनाव के लिए स्थानीय इकाई के अध्यक्ष पद के लिए सपा प्रत्याशी सतीश मिश्रा ने नारेबाजी के बीच कलेक्ट्रेट परिसर में जाकर नामांकन किया। कांग्रेस छोड़कर सपा में आने के बाद सपा के आम लोगों के भी समर्थन मिलने का दावा किया। कहा कि नगर की नारकीय व्यवस्था को समाप्त कर हर वर्ग के सुख और सुविधा के लिए काम किया जायेगा। कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यप्रणाली के चलते विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया गया। जनता तब भी त्रस्त थी और आज भी त्रस्त है। कांग्रेस छोड़कर सपा में आये सतीश मिश्र के प्रत्याशी के रूप में नाम की चर्चा कल आरम्भ हुई। बुधवार को उन्होंने अपना नामांकन भी कर दिया। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, अशोक यादव एवं पूर्व मीडिया प्रभारी रमेश ओझा समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रत्याशी के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं को कलेक्ट्रेट रोड पर ही रोक दिया गया। गेट बंद हो जाने के बाद सड़क पर ही समर्थक नारेबाजी कर अपना जोश दिखाते रहे। सतीश मिश्रा ने कक्ष में जाकर नामांकन दाखिल किया। नारेबाजी करते हुए पहुंचे समर्थकों के हंगामे को देखते हुए सुरक्षा में तैनात जवान सतर्क रहें। सपा प्रत्याशी सतीश मिश्रा ने नगर निकाय क्षेत्र में अव्यवस्था की लंबी फेहरिस्त गिनाई। कहा कि नगर पालिका में के रग रग में भ्रष्टाचार भरा हुआ है। उन्होंने जनता का समर्थन मिलने पर नगर में बेहतर व्यवस्था और सफाई के समुचित इंतजाम की जाने की बात कही।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर होगी कारवाई

**बोली डीएम**

## पीस कमेटी की बैठक में डीएम व एसपी ने दिया निर्देश

## आपसी तालमेल के बीच मनायें त्यौहार



बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहारों अल-विदा व जुम्मा की नमाज, ईद-उल-फितर, भगवान परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद के पुलिस व प्रशासन के सभी उच्चाधिकारीगण, समस्त धर्मों के धर्मगुरूओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। इस दौरान आगामी अल-विदा व जुम्मा की नमाज, ईद-उल-फितर, भगवान परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया त्यौहारों के मद्देनजर सम्पूर्ण जनपद को जोन व सेक्टर में विभाजित कर मंदिरों, मस्जिदों, ईदगाह आदि व आसपास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण के साथ पर्याप्त पुलिस बल एवं पी.ए.सी. बल का डिप्लायमेंट किया गया है।

इस दौरान अवांछित तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने तथा त्यौहार में वर्चुअली या प्रत्यक्ष रूप से गड़बड़ी करने वालों पर सतर्क नजर रखने के लिए सोशल मीडिया सेल द्वारा तथा पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। विधि विरूद्ध कृत करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। आगामी पर्वों के दृष्टिगत सम्बन्धित धर्मगुरूओं के साथ बैठक के दौरान जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने एवं आपसी भाई-चारे व सौहार्द को कायम रखते हुए पर्व को मनायें जाने तथा शांति पूर्ण तरीके से सभी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में शासन प्रशासन के सहयोग की अपील भी की गयी। उपस्थित समस्त अधिकारीगण को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर सतर्क दृष्टि रखते हुए त्यौहारों के सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह, क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सभासद पद के लिए लगभग 467 लोगों ने नामांकन किया

**मीरजापुर।** जिले में लगातार निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवार अपना नामांकन कर रहे हैं। प्रशासन के द्वारा नामांकन को लेकर चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था किया गया है, जहां तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में अध्यक्ष पद के लिए 54 सहित सभासद पद के लिए लगभग 467 लोगों ने नामांकन किया। छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कीर्ति कोल ने एक सेट में फिर नामांकन किया। नगर निकाय चुनावी प्रक्रिया में बुधवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के दौरान नगर पालिका व नगर पंचायत के लिए कुल 521 नामांकन फार्म की बिक्री की गई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 54 एवं सभासद पद के लिए 467 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र बेचा गया। बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए एक ने नामांकन किया। वहीं सदस्य पद के लिए 18 लोगों ने नामांकन किया। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 54 लोगों ने नामांकन पत्र एवं सभासद के लिए 467 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। अध्यक्ष पद के लिए एक ने नामांकन किया जबकि सदस्य के पद के लिए 18 लोगों ने नामांकन किया।

## विधानसभा उप चुनाव में पांच लोगों ने किया नामांकन

छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर 5 लोगों ने अपना नामांकन किया। राष्ट्रीय समाज पक्ष से उम्मीदवार इंजीनियर शिवपूजन ने अपना नामांकन किया। इंडियन नेशनल कांग्रेस से अजय कुमार ने फिर एक सेट में अपना नामांकन किया। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार कीर्ति कोल ने भी पुनः एक बार फिर से एक सेट में अपना नामांकन किया। जितेंद्र कुमार ने भारतीय मानव समाज पार्टी से अपना नामांकन किया है। कीर्ति कोल ने इससे पहले भी अपना नामांकन किया था, लेकिन फिर भी उन्होंने एक बार और नामांकन कर दिया, ताकि पर्चा निरस्त होने की स्थिति न उत्पन्न होने पाये।

## चुनार व अहरौरा में प्रत्याशियों ने खरीदे 55 नामांकन फार्म

**चुनार।** निकाय चुनाव की प्रकिया में बुधवार को चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से मसूर अहमद दो सेट में आम आदमी पार्टी से मोहन यादव एक सेट में व अहरौरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से उमेश कुमार दो एक सेट में व रविशंकर ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। बिक्री हुई। चुनार नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस से मंसूर अहमद पुत्र अब्दुल जहुर ने दो सेट में व आम आदमी पार्टी से मोहन यादव पुत्र लालता प्रसाद यादव ने एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा। वहीं अहरौरा नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से उमेश कुमार एक सेट में व रविशंकर ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। रिटर्निंग आफिसर उपजिलाधकिरी नगर पालिका परिषद चुनार नवनीत सेहरा ने बताया कि अध्यक्ष व सभासद सहित कुल 23 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

# अद की प्रत्याशी रिंकी का नामांकन 20 को

**उपचुनाव**

## पति के निधन से सीट हुई है खाली

## कांटे की टक्कर देने के लिए सपा ने उतारा कीर्ति कोल को

**जनसंदेश न्यूज**



नामांकन करते प्रत्याशी

**मीरजापुर।** जिले की छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में अपना दल एस की प्रत्याशी के रूप में रिंकी कोल 20 अप्रैल को नामांकन करेंगी। विधायक राहुल कोल के निधन के बाद रिक्त सीट पर उनकी पत्नी रिंकी को अपना दल ने उम्मीदवार बनाया है। राहुल अपना दल एस युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। मुंबई में इलाज के दौरान 2 फरवरी को उनका निधन हो गया था। विधान सभा चुनाव 2022 में राहुल प्रकाश कोल को 1,02,502 मत मिला था। जबकि क्षेत्र के भाजपा और सपा के पूर्व विधायक भाईलाल की पुत्री सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल को 64,389 वोट मिला था। बसपा के धनेश्वर को 32,145 तथा कांग्रेस के भगवती प्रसाद को महज 3935 वोट मिला था। पोस्टल वोटिंग में कीर्ति कोल को 343 और राहुल प्रकाश कोल को महज 136 वोट मिला था। पति राहुल कुल के निधन के बाद क्षेत्र की सीट रिक्त हुआ है। इस इस सीट पर भाईलाल कोल की पुत्री कीर्ति कोल सपा प्रत्याशी हैं। जबकि कांग्रेस ने अजय कुमार को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर 10 को मतदान और मतगणना 13 मई को होगी। इस सीट पर कुल मतदाता की संख्या 3,64,218 हैं। जिसमें 192414 पुरुष तथा 171748 महिला मतदाता हैं। 1952 से 1962 तक इस सामान्य सीट पर तीन बार कांग्रेस के अजीज इमाम विधायक रहे। 1967 में जनसंघ के स्वामी ब्रह्मानंद विधायक बने। 1969 में जनसंघ के श्रीनिवास प्रताप पर लोगों ने भरोसा जताया। 1974, 1977 और 1980 में कांग्रेस के पुरुषोत्तम चौधरी ने जीत की हैट्रिक लगाई। उनके निधन के बाद इस सीट पर 1985 में उनके पुत्र भगवती प्रसाद चौधरी कांग्रेस के विधायक बने। 1989 कालीचरण जेडी और 1999 में दुलारे लाल जेडी विधायक चुने गए। बीएसपी ने 1993 में पहली बार श्रीराम को मिले बंपर जीत पर जश्न मनाया। 1996 में बीजेपी के भाईलाल कोल ने विजय श्री का वरण किया। पाला बदलकर भाईलाल सपा में शामिल हुए और दुबारा विधायक चुने गए। 2017 और 22 में अपना दल का भाजपा के साथ हुए गठबंधन के बाद अपना दल ने राहुल प्रकाश कोल को अपना प्रत्याशी बनाया। दल के झोली में जीत कर उन्होंने सीट दी। उनके आकस्मिक निधन के बाद उपचुनाव के मैदान में राहुल की पत्नी रिंकी को अपना दल ने प्रत्याशी बनाया है। जबकि सपा ने कीर्ति कोल पर भरोसा जताते हुए पुनः मैदान में उतारा है।

# सपा ने बदला अपना प्रत्याशी गोपाल जायसवाल पर दांव

**जनसंदेश न्यूज**

**फेर बदल**

## आप से चुनाव लड़ेंगे रमेश चंद केसरी

**अहरौरा।** राजनीति में अंतिम समय तक बदलाव होता रहता है कुछ ऐसा ही देखने को नगर पालिका परिषद के चुनाव में भी मिल रहा है। नगर पालिका परिषद अहरौरा से कल तक समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ाने वाले पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सोनकर अब चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है और समाजवादी पार्टी ने भी नया दांव खेलते हुए वैश्य समाज से उनसे भी मजबूत प्रत्याशी गोपालदास जायसवाल को चुनाव मैदान में उतार दिया है।

वहीं आम आदमी पार्टी ने नगर में रमेशचंद्र केसरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी से कौन होगा। नगर पालिका अध्यक्ष पद का प्रत्याशी इसका कयास जारी है। नगर पालिका चुनाव की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है नगर में चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है वैसे तो नामांकन संपन्न होने एवं चुनाव चिन्ह मिल जाने के बाद ही कौन किस पार्टी से चुनाव लड रहा है इसका सही अंदाजा लग पाएगा। लेकिन अभी तक की स्थितियों पर नजर डाला जाए तो कांग्रेस पार्टी से उमाशंकर प्रजापति जहां चुनाव मैदान में उतर चुके हैं वहीं समाजवादी पार्टी ने अपना पूर्व प्रत्याशी बदलते हुए गोपालदास जायसवाल को अपना नया प्रत्याशी बनाया है। गोपाल दास जायसवाल पूर्व में एक हिंदी दैनिक के पत्रकार भी रह चुके हैं और वर्तमान समय में व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी हैं।

पुराने समाजवादी गोपालदास जायसवाल का कहना है कि समाजवादी पार्टी ने हमको प्रत्याशी बनाकर जो जिम्मेदारी सौंपी है उस जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा।

वहीं आम आदमी पार्टी ने ट्रांसपोर्ट से जुड़े रमेश चंद केसरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। निर्दल प्रत्याशी के रूप में वर्तमान सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह चुनाव मैदान में है और जोरदार ढंग से अपने प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ने की चर्चा वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष गुलाब मौर्य की होने के कारण बसपा प्रत्याशी के रूप में अपना प्रचार कर रहे दिलदार सोनकर शांत पड़ गए हैं। नगर में चर्चा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी ने गुलाब मौर्य को अपना प्रत्याशी बनाया तो दिलदार सोनकर बसपा से चुनाव नहीं लड़ेंगे अब आगे क्या होगा यह आने वाला समय ही बताएगा।

# तेजी से बढ़ रही धूप व तपन के दौरान गहराया पेयजल संकट

## ग्राम पंचायत की ओर से की गयी व्यवस्था साबित हो रही नाकाफी

**जनसंदेश न्यूज**

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल संकट तेजी से गहराता जा रहा है। जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी सुलभ नहीं हो रहा है। वहीं अपनी जरुरत भर पानी के लिए दूर दराज से ढोने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। विकास खंड क्षेत्र के गरेरी, पतेरी, विशुनपुर, मटिहानी, गोरथरा, इमीलियां, तथा नदिहार, चौखड़ा, निकरिका, आदि दर्जनों गांवों में टैंकर की व्यवस्था ग्राम सभा की ओर से लगातार संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन गांव की आबादी के हिसाब से जन जन तक पानी पहुंचाना मुश्किल साबित हो रहा है। जबकि शासन स्तर पर पेयजल संबंधित समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु स्थानीय विकास खंड कार्यालय के सहायक विकास अधिकारी एवं संबंधित गांव के सचिवों को एलर्ट जारी किया गया है कि गांव में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है ऐसे में पहाड़ी इलाकों में अतिरिक्त पेयजल मुहैया कराए जाने की मांग किया जा रहा है।



# बेबसी से दरक रहा नारी सम्मान में बना पक्का घाट

**यह है हाल**

## निर्माण में हुआ था 1.82 लाख खर्च

## नमामि गंगे योजना में 27 करोड़ खर्च पर हाल जस का तस

**जनसंदेश न्यूज**



पक्का घाट

**मीरजापुर।** विंध्य क्षेत्र आदिकाल से ही शक्ति साधना का केंद्र रहा है। माता विंध्यवासिनी के अनन्य भक्त नवाबलक साव ने अपनी शक्ति स्वरूपा धर्मपत्नी तुलसी देवी के सम्मान में अपनी पूंजी से नगर में गंगा के तट पर बेजोड़ आकर्षक नक्काशी वाले पत्थरों से पक्का घाट का निर्माण कराया था। करीब 175 वर्ष बाद भी आलीशान पक्का घाट नारी सम्मान के प्रतीक के रूप में खड़ा है। जो वक्त की मार और उपेक्षा से धसकने की ओर बढ़ रहा है।

कहने को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 7 मार्च 2019 में इसी घाट से नमामि गंगे योजना के प्रस्तावित योजना का शुभारम्भ किया था। घाट के जीर्णोद्धार एवं शवदाह गृह के निर्माण के लिए 27 करोड़ की योजना भले ही खत्म हो गई। लेकिन घाट जस का तस रह गया। पक्काघाट के निर्माण में जनपद के ही पत्थरों का प्रयोग कर आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया। तीन वर्ष तक चले घाट के निर्माण कार्य में करीब एक लाख 82 हजार खर्च किया गया था। बेजोड़ शिल्पकारी से चित्रित पत्थरों से सजा पक्काघाट बारहदरी से छनकर आने वाली हवा व पतित पावनी माँ गंगा नदी का दिव्य दर्शन आज भी घाट पर आने वालो को सुकून प्रदान करता है। सरकारी स्तर बरती जा रही लापरवाही से घाट की बदहाली देख जर्रा जर्रा सिसक रहा है। जिससे पड़ी दरारे खुद हकीकत बयां कर रही हैं।

कहने को घाट के सौंदर्यीकरण के नाम पर 17 करोड़ खर्च कर दिया गया। लेकिन पक्का घाट की दशा नहीं बदली। 31 दिसम्बर 2017 से प्रतिदिन माँ गंगा की आरती विंध्य हेरिटेज फाउंडेशन के द्वारा जन सहयोग से किया जा रहा है। घाट पर लगा रंगीन फौवारा लोगों को मोहित करता है। जिसे बाढ़ के दौरान हटा दिया गया, धनाभाव के कारण दुबारा नहीं लग सका है।

दरकती घाट की सीढ़ियों व ईमारत में पड़ते दरार अपने बेबसी पर सिसक रहे है। रवि शंकर साहू ने महिला मार्केट के रूप में विख्यात पक्का घाट बाजार में अतिक्रमण की अनदेखी पर आश्चर्य जताया। अतिक्रमण की होड़ से घाट का मार्ग दुबला होता जा रहा हैं। बढ़ती आबादी और उपेक्षित घाट की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो फोटो में ही बेजोड़ धरोहर पक्काघाट नजर आयेगा।

# संक्षेप

## चूल्हे की चिंगारी से मड़हे में लगी आग



**जमालपुर।** चूल्हे की निकली चिंगारी से बुधवार को दो लोगों का मड़हा जलकर राख हो गया। आग लगने से मड़हे में बँधी दो बेजुबान झुलस गई। ग्रामीणों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। घटना के दौरान मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने चूल्हे से लगी आग पर आशंका जताते हुए बताया कि जमालपुर मिल्की गांव निवासी लोचन खरवार और उसके पड़ोसी केशव खरवार के मड़हा में आग लग गई और देखते ही देखते मड़हा जलकर राख हो गया तथा मड़हा में बंधी दोनों पड़ोसियों की एक एक भैंस आग से झुलस गई। मड़हा में खड़ी टीवीएस मोपेड के साथ भूसा जलकर खाक हो गया। अगलगी देख लोगों की भीड़ पर जुट गई और अफरातफरी मच गया। आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक दोनों पड़ोसियों के आग से घिरी भैंस झुलस गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फोन से हल्का लेखपाल को दिया है।

## मतदान में न हो किसी प्रकार की दिक्कत : डीएम

**मीरजापुर।** जिले में सकुशल निकाय चुनाव संपन्न कराने को लेकर लगातार संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा पोलिंग बूथ का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया जा रहा है। मीरजापुर नगर पालिका क्षेत्र के जुबली इंटर कॉलेज, सेंट मैरी स्कूल, बसंत इंटर कॉलेज, माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज व आर्य कन्या स्कूल का जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र पर आने वाले कर्मचारी व मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किया जाएगा। पोलिंग बूथ के इर्द-गिर्द सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम अच्छे रखें। इसके साथ ही अराजक तत्वों के ऊपर भी पुलिस नजर बनाए रखें।

## न्यायालय ने सुनायी कारावास की सजा

**मीरजापुर।** एसपी द्वारा प्राथमिकता से प्रभावी पैरवी कराई गई, जिसके फलस्वरूप एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से सम्बन्धित अभियुक्त 02 वर्ष, 1.5 वर्ष व 10 माह के कठोर कारावास एवं 30 हजार के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई। 15 जनवरी 2015 को थाना को0कटरा पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना को0कटरा पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था। 24 सितंबर 2013 को थाना को0शहर पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बंध में थाना को0शहर पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर बुधवार को थाना को0कटरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिलीप कुमार यादव उर्फ ललऊ पुत्र श्याम भोले यादव निवासी उपाध्याय की गली डंकीनगंज थाना को0कटरा थाना को न्यायालय द्वारा कारावास की सजा सुनाई गई।

## नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया जिले का गौरव

**अहरौरा।** मीरजापुर जिले के चुनार तहसील स्थित पौनी गांव निवासी शिक्षक स्व. हरी के पुत्र रत्नेश कुमार गुप्त ने यूजीसी नेट की परीक्षा सोशल वर्क विषय में उत्तीर्ण किया है, जिससे लोगों में खुशी का माहौल है। लोग उनके घरों पर बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। जिला पंचायत पंकज उपाध्याय ने घर जाकर बधाई दिया है। बताया जाता है कि रत्नेश बचपन से ही दिव्यांग है, इसके बावजूद भी इन्होंने एम एड, एम एस डब्लू सहित कुल चार विषयों में मास्टर डिग्री हासिल की है। पूर्व में रत्नेश ने सन 2020 में शिक्षाशास्त्र, 2022 में इतिहास अब 2023 में सोशल वर्क विषय में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। रत्नेश वर्तमान में बीएन कालेज आफ एजूकेशन धोरैया, बांका में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय कालेज के डायरेक्टर डॉ अमर कुमार शाह को दिया है।

## दहेज हत्या के आरोपी पति समेत तीन को पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया।** थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में बीते 10 अप्रैल को 22 वर्षीया विवाहिता पूजा कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो जाने के बाद बीते 16 अप्रैल को मृत विवाहिता के भाई बुद्धि लाल की तहरीर पर पुलिस ने पति तथा उसके दो भाइयों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई थी, कि बुधवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह हमराही कांस्टेबल मोहन खरवार, सोनू यादव व महिला कांस्टेबल रीमा यादव के साथ विवाहिता के पति मुकेश, जेठ राजकुमार तथा देवर बृजेश उर्फ बबलू को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृत विवाहिता की बीते वर्ष 27 मई को शादी हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो जाने के बाद विवाहिता के भाई ने पति तथा उसके दो भाइयों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फत्तेपुर टोल प्लाजा के पास बुद्धवार को प्रातः टहलने के लिए निकले वृद्ध की अज्ञात वाहन के टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में एक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी राम प्रसाद उम्र 61 वर्ष पुत्र स्व. सुख्खू हर दिन की भाँति सुबह टहलने निकले थे कि फत्तेपुर गांव के सामने सोनभद्र से वाराणसी की ओर जा रही अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसी दौरान टहलने निकले थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामकेश पटेल उम्र 48 वर्ष पुत्र दुख्खू पटेल को भी भागते हुए धक्का मार दिया। जिसे गंभीर हालत में स्थानीय इलाज के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई। मृतक के बेटे राजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के सचिव हृदय शंकर चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में जिला के वरिष्ठ अधिवक्ता के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया, और 2 मिनट का मौन रखकर दिनभर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव की कॉपी सभी न्यायालयों में भेजी गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रमा प्रसाद सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। बैठक में 2 मिनट मौन रखते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। अधिवक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। सचिव ने समिति के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से आज दिन भर न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में प्रस्ताव की कॉपी न्यायालय उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वय, एवं चकबंदी अधिकारी, के न्यायालय मे भेजा गया। इस अवसर पर प्रभुनाथ दुबे, चंद्रदत्त त्रिपाठी, केदारनाथ शुक्ला, रामेश्वर मिश्रा, जीतनारायण दुबे, विपिन तिवारी, राजकुमार पांडये, राकेश दुबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में लगी सिवान में आग

**जिगना।** स्थानीय थाना के अंतर्गत चडैचा गांव में बुधवार की सुबह 8:00 बजे महुआ के पेड़ की पत्ती जलाने के कारण बगल के सिवान में लगभग 2 किलोमीटर के एरिया में स्थित सरपत में आग लग गई। देखते देखते आग ने पूरे सरपत को अपने आगोश में ले लिया। बगल में बसे गांव तक आग पहुंच गई। गांव वालों के अथक परिश्रम के बाद आग को काबू में किया गया। जिसकी सूचना गांव वालों ने अग्निशमन विभाग को दिया। थानाध्यक्ष जिगना अरविंद कुमार पांडेय को भी आग लगने की सूचना दी गई। आग की सूचना पर दमकल की गाड़ी समेंत घटनास्थल पर पहुंच गए। लेकिन रास्ता ना होने के कारण दमकल गाड़ी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से घटना की जानकारी देते हुए बिजली चालू कराया। बिजली आने के बाद गांव की मशीनों को चालू कराकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण व ग्राम प्रधान घनश्याम वर्मा मौजूद रहे। ग्राम प्रधान ने बताया कि आग से धन व जन हानि नहीं हुई है। इस दौरान नायब तहसीलदार 96 घटनास्थल पर मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक जख्मी

**मड़िहान।** मध्यप्रदेश के महराजपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी 25 वर्षीय युवक रामऔतार पुत्र भूरा पाल अपने रिश्तेदारी में संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया कलां में आया हुआ था जो किसी काम से अपने साथी के साथ दीपनगर बाजार गया हुआ था कि वापस घर आते समय कलवारी - लालगंज सम्पर्क मार्ग के पटेहरा सांसद चौराहा के पास पहुँचा ही था कि अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार जख्मी हो गया। राहगीरों के सहयोग से घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा भेजवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मण्डलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया व साथी युवक को मामूली चोटें आई जो बिना इलाज के ही घर चला गया। सूचना मिलते ही मौके पर संतनगर पुलिस व परिजन पहुँच गये। डॉक्टरों द्वारा गम्भीर रूप से घायल युवक को मण्डलीय अस्पताल रेफर करने के बाद परिजन एम्बुलेंस को सूचना देकर घंटों इंतजार करते रह गये लेकिन एम्बुलेंस के घंटो बाद भी नहीं आने से परिजन परेशान रहें व एम्बुलेंस के इंतजार में घायल युवक तड़पता रह गया।

# शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता पर 14 अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**जनपदस्तरीय अधिकारियों व छह खण्ड विकास अधिकारियों के एक दिन के वेतन भुगतान पर डीएम ने लगायी रोक**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनसुनवाई-समाधान प्रणाली आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिथिलता बरतने पर 14 अधिकारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी किया है। वहीं कई जनपदस्तरीय अधिकारियों समेत आधा दर्जन खंड विकास अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है।

डीएम ने बताया कि आनलाईन एवं ऑफलाईन प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण जिन अधिकारियों द्वारा नहीं की जाती है, ऐसे शिकायतें पुनः प्राप्त होती हैं और उसका फीडबैक असंतोषजनक रहता है। डीएम ने बताया कि असंतोषजनक फिडबैक प्राप्त होने वाले अधिकारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है, जिनमें उप निदेशक कृषि, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी-राबट्र्सगंज, खण्ड विकास अधिकारी दुद्धी, खण्ड विकास अधिकारी घोरावल, खण्ड विकास अधिकारी नगवां, खण्ड विकास अधिकारी चतरा, खण्ड विकास अधिकारी चोपन, एडीओ पंचायत घोरावल, राबट्र्सगंज, बाल विकास अधिकारी घोरावल, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण शामिल हैं। इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिथिलता बरतने पर, फिडबैक बेहतर प्राप्त न होने पर जिला आबकारी अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप निदेशक कृषि, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धन सहकारिता, जिलापूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, श्रम परिवर्तन अधिकारी, प्रभारी वनाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला दिव्यांग जन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला समन्वयक कौशल विकास, परियोजना निदेशक डीआरडीए, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी, समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त पशु चिकित्साधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षक, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार का शिकायतों के निस्तारण में फिडबैक बेहतर न पाये जाने पर और जनपद की रैकिंग प्रभावित होने पर माह अप्रैल का एक दिन का वेतन भुगतान पर रोक लगायी जाती है।

### चोरी मामले में चार गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सेक्टर नौ में बीते दिनों तापीय परियोजना में सहायक अभियंता के पद पर कार्यत ई जयविन्द सिंह के आवास में हुई चोरी का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि बीती रात मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ युवक परियोजना अस्पताल के पीछे रामदास होटल पर बैठकर चोरी करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम सूरज यादव निवासी सेक्टर 9 पीजी कॉलेज के पीछे, गुलाम रब्बानी निवासी भलुआ टोला, ललित कुमार निषाद निवासी सेक्टर 3 व सूरज गुप्ता निवासी सेक्टर 2, ओबरा बताया। आरोपियों पास से चोरी के सामान सहित नगद 2600 रुपये बरामद किए गये। पूछताछ में चोरों ने बीते दिनों उक्त सहायक अभियंता के घर पर चोरी करने की बात कबूली। पुलिस ने बताया कि चारों का संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया। पुलिस टीम में कस्बा चौकी प्रभारी अमित त्रिपाठी, एसआई बालकिशुन कुशवाहा, इमरान खान, हेमंत बारी, राम सिंह शामिल रहे।

# अध्यक्ष पांच, सभासद के लिए 55 ने किया नामांकन

**निकाय चुनाव**

**अध्यक्ष के 34 व सभासद के खरीदे गए 219 पर्चे**

**सोनभद्र/ओबरा/दुद्धी।** जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन बुधवार को दस निकायों के लिए अध्यक्ष पद के लिए 34 और सभासद पद के लिए 219 पर्चे क्रय किए गए। वहीं 60 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 5 व सभासद के लिए 55 नामांकन हुआ। रावर्ट्सगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 2 व सभासद के लिए 34 पर्चे खरीदे गये। नगर पंचायत चुर्क में सभासद के लिए 10 पर्चे खरीदे गये। वहीं घोरावल नपं सभासद के लिए 6 पर्चा खरीदा गया। दुद्धी संवाददाता के अनुसार-स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नगर पंचायत चुनाव को लेकर नाम निर्देशन पत्रों के दाखिले के तीसरे दिन बुधवार को चारों नगर पंचायत क्रमशः दुद्धी ,रेनुकूट, पिपरी, अनपरा में बुधवार को दुद्धी अध्यक्ष पद पर किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं विभिन्न वार्डों से 9 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। रेनुकूट से अध्यक्ष पद हेतु अनिल सिंह की पत्नी ममता सिंह ने दो सेट में, सोनी सिंह पत्नी राकेश सिंह ने एक सेट में व राजपति साहनी ने एक सेट में पर्चा दाखिल किया। वहीं विभिन्न वार्ड सदस्य पद हेतु 20 लोगों ने नामांकन दाखिल किया। पिपरी से अध्यक्ष पद हेतु किसी ने नामांकन दाखिल नही किया। वहीं वार्ड सदस्य पद हेतु 3 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। अनपरा नगर पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु देवेंद्र कुमार, चुनकुंवर ने एक एक सेट में नामांकन दाखिल किया। वहीं सभासद को 19 लोगों ने पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर सीओ दद्दन गौड़, प्रभारी निरीक्षक संतोष चंद्र राय, कस्बा इंचार्ज संजय सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे। ओबरा संवाददाता के अनुसार-नगर निकाय चुनाव के नामांकन केंद्र पीजी कालेज में तीसरे दिन बुधवार को 18 अध्यक्ष तथा 57 सभासद पद के पर्चो की बिक्री हुई। जिनमें ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु 8 तथा सभासद हेतु 21, चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु 9 तथा सभासद पद हेतु 19 तथा डाला नगर पंचायत अध्यक्ष हेतु 1 व सभासद पद के लिए 17 लोगों ने पर्चे खरीदे। वहीं ओबरा के वार्ड 5 से 2 तथा चोपन के वार्ड 1 व 10 से एक-एक सभासद पद के प्रत्याशियों ने नामांकन किया। चुनाव नामांकन प्रक्रिया 24 अप्रैल तक रहेगी। इस बीच नामांकन पत्र बिक्री तथा प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल और वापसी की तिथि 27 अप्रैल तय की गई है। इस अवसर पर एसडीएम प्रभाकर सिंह, सीओ डा. चारु द्विवेदी, निकाय चुनाव प्रभारी सुशील कुमार, कोतवाल मिथिलेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ईद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



पीस कमेटी की बैठक में शामिल लोग

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली में अलविदा व ईद के पर्व को लेकर बुधवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान ईदगाह के व मस्जिद के आसपास के स्थानों की सफाई पर चर्चा कर बिजली को दुरुस्त करने की बात कही गयी। सदर कल्लन खां ने बताया कि अलविदा का नमाज ब ईद का नमाज तीन स्थानों में पढ़ाई जायेगी। रजा जामा मस्जिद मकतब स्कूल और मलदेवा दारुल उलूम मे अदा किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष चद्र राय ने कहा कि ईद अमन, शान्ति और भाई चारा आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। इस मौके पर संजय सिंह, उपेंद्र तिवारी, सेफुल्लाह, तबरेज आलम, आशिफ खां, आजम खां, रिजवान इदरीसी, अरशद, जिशान खां आदि मौजूद रहे।

### युवक को दबंगो ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गौरसिंघा गांव निवासी एक युवक को दबंगों ने मंगलवार की शाम पिटाई कर दी। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों के धर पकड़ में जुट गयी है। राकेश कुमार पुत्र रामदेव ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वह मंगलवार की शाम उसके बड़े भाई उमेश यादव के साथ बाजार से अपने घर गौरसिंघा वापस आ रहे थे कि घर पहुंचने से कुछ पहले ही उमेश कुमार पुत्र ताराचंद व संजय कुमार पुत्र अशर्फी ने राह रोककर मेरे भाई को मारा पीटा व गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने राकेश की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर धर पकड़ में जुट गई है।

### विवाहिता ने लगायी फांसी, मौत

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 2 में मंगलवार की देर रात पति पत्नी में हुए विवाद के बाद पत्नी ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेणुकूट नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 2 शिवा पार्क निवासी अंजली सोनी 25 पत्नी पंकज सोनी ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक घटना के वक्त पति कहीं बाहर गया हुआ था। इस दौरान पत्नी ने घर में फांसी लगा ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अन्तर्प्रान्तीय बैठक में सकुशल चुनाव संपन्न कराने की बनी रणनीति

**बभनी।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती थाना प्रभारी के साथ पुलिस ने बैठक कर नगर निकाय चुनाव को लेकर संन्दिग्धों पर नजर रखने पर मंत्रणा की गई। छत्तीसगढ़ के शीशटोला सीमा पर बभनी और रघुनाथ नगर थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ मंत्रणा की। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह और रघुनाथ नगर थाना इंचार्ज बाजी लाल सिंह ने चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा किया। इस दौरान सन्दिग्धों के आवागमन पर चर्चा क गयी। वहीं चुनाव को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर दोनों प्रान्तों की फोर्स मौजूद रही।

### आरओ किट के प्रयोग का कराया गया भौतिक सत्यापन

**सोनभद्र।** डीएम ने बताया कि कोन ब्लाक के कचनरवा गांव में वितरित की गयी आरओ किट का भौतिक सत्यापन एडीओ पंचायत के माध्यम से कराया गया। कचनरवा गांव में लगभग 33 लोगों को आरओ किट का वितरण किया गया था, जिसमें से 25 परिवारों के लोग आरओ रिमूवल किट का नियमित रूप से प्रयोग कर रहे हैं और उससे लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें से 8 परिवार के लोगों द्वारा आरओ किट का प्रयोग नहीं किया जा रहा था, उन्हें भी रिमूवल किट के प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया और इससे होने वाले लाभ के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बताया गया कि नियमित रूप से पानी की गुणवत्ता को परखें, ताकि पीने वाले पानी में गंदगी न रहें और नागरिकगण स्वस्थ्य रहें।

### सपा ने की निकाय अध्यक्ष प्रत्याशियों की घोषणा

**सोनभद्र।** नगर निकाय चुनाव के लिए बुधवार को समाजवादी पार्टी ने नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया। हालांकि चोपन, पिपरी व दुद्धी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हो सकी। ऐसे में माना जा रहा है सपा इन सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारेगी। जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव ने बताया कि जनपद की एक मात्र नगर पालिका परिषद राबट्र्सगंज के अध्यक्ष पद के लिए उषा सोनकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा चुर्क गुरमा नपं से शमा परवीन, डाला नपं से कु. फुलवंती, घोरावल नपं से रमेश चंद्र पाण्डेय, रेणुकूट नपं से अमरेंद्र सिंह पटेल, अनपरा प्रशांत सिंह व ओबरा नपं अध्यक्ष पद के लिए चांदनी को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### खत्मे कुरान पर जामा मस्जिद में सजी महफिल



**दुद्धी।** शबे कद्र की रात में खत्मे कुरान के मौके पर कस्बा स्थित रजा जामा मस्जिद में रात भर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नवाफिल व कजाये उमरी का एहतमाम किया। हाफिज तौहीद ने शबे कद्र हजारों महीनों से अफजल बताया। हाफीज रज्जाक ने पूरे महीने कुरान सुनाकर तराबी में लोगों के दिलो को जीत लिया। अंजुमन फैजाने कमेटी ने उम्दा नात खानी कर लोगों का दिल जीत लिया। इस मौके पर हाफिज रज्जाक, हाफीज तौहिद, कासिम, कल्लन खां, आसिफ खां, आदिल खां, सैफुल्लाह, मुन्नहन हवारी, फतेह मोहम्मद, राफे खाँ, कलीमुल्लाह खां, इब्राहीम खां, रिजवान अहमद, सेराज अहमद, महमूद जिशान आदि मौजूद रहे। संचालन रियाजुल मुस्तफा ने किया।

## ओवर लोडिंग में 85 वाहनों का चालान

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में 16, 17 व 18 अप्रैल तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमे कुल 85 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के करण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमे 21 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया, इस दौरान 26 वाहन स्वामियों द्वारा नोटिस की धनराशि मौके पर जमा करा लिया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# एचआर हेड पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर श्रमिक यूनियनों में उबाल

**नाराजगी**

**हिंडालको श्रमिक संघ ने गलत बयानी की निंदा की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** बीते दिनों हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक प्रमुख अधिकारी पर सोशल मीडिया पर वायरल हुए गलत बयानी के पत्र को लेकर स्थानीय श्रमिक यूनियनों में उबाल है। इंटक से संबद्ध हिंडालको श्रमिक संघ के महामंत्री देवेंद्र कुमार शुक्ला ने मंगलवार की शाम यूनियन कार्यालय में प्रेस वार्ता कर इस घटना की कठोर शब्दों में निंदा की। पुलिस प्रशासन से इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंडालको में कर्मचारियों और प्रबंधन के मध्य जो सौहार्दपूर्ण माहौल बना है उसे कतिपय अवांछनीय तत्व बिगाड़ना चाहते हैं। प्रबंधन में बैठे शीर्ष



पत्रकार वार्ता करते श्रमिक संघ के महामंत्री

अधिकारी श्रमिक हितों को लेकर गंभीरतापूर्वक एक से बढ़कर एक कार्य कर रहे हैं। कंपनी के सीओओ एन नागेश एवं क्लस्टर एचआर हेड जसवीर सिंह के अगुवाई में श्रमिकों एवं नगर वासियों के लिए विकास कार्यों का सौगात दिया जा रहा है। दोनों अधिकारियों के कार्यकाल में रिकॉर्ड उत्पादन गुणवत्ता के साथ कर्मचारियों के लिए उच्चस्तरीय सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कॉलोनी परिसर में कर्मचारियों के आवास का विस्तारीकरण, पूरे परिसर में रंग रोगन सड़कों के मरम्मत का कार्य सेकंड प्लांट कॉलोनी परिसर में फर्स्ट एड सेंटर मंदिर इत्यादि निर्माण का कार्य हाल के दिनों में किया गया। देवेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि वर्तमान कंपनी प्रबंधन उत्पादन से ज्यादा कर्मचारियों के जीवन स्तर एवं सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखा रहा है। वर्षों बाद एन नागेश एवं जसवीर सिंह जैसे अधिकारियों के आने से नगर का कायाकल्प हो रहा है।

ऐसे में उनकी छवि को धूमिल करने के लिए कतिपय अवांछनीय तत्व सक्रिय हो गए हैं। जो सोशल मीडिया के जरिए इन अधिकारियों पर छींटाकशी एवं अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं जो औद्योगिक विकास एवं समाज हित में बिल्कुल ठीक नहीं है। उन्होंने बीते दिनों सोशल मीडिया पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के कलस्टर एचआर हेड पर निराधार एवं अनर्गल आरोप लगाकर छवि खराब करने के मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की पुलिस के उच्चाधिकारियों से मांग की। इस अवसर पर यूनियन के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कुलदीप अध्यक्ष, राजीव कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित

**ओबरा।** उप्र लेखपाल संघ की उप शाखा तहसील ओबरा के कार्य कारिणी का चुनाव तहसील सभागार में शांति पूर्वक सम्पन्न कराया गया। जिसमें कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिलाध्यक्ष ज्योति कुमार गुप्ता ने बताया कि सर्व सम्मति से कुलदीप सिंह को तहसील अध्यक्ष, राजीव कुमार कुशवाहा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशाल कुमार मौर्या को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश को मंत्री, अजय कुमार उप मंत्री, अम्बुज देव पाण्डेय, कोषाध्यक्ष व नीलम द्विवेदी को आडिटर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक बृज बिहारी मौर्या, चंद्र कांत दूबे, योगेंद्र यादव के देखरेख में चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को लेखपाल अशोक शर्मा, चंदन शर्मा, दुर्गेश पाण्डेय, प्रवीण कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव, विनोद कुमार पाल आदि ने बधाई दिया।

# गैंगरेप के दोषियों को उम्रकैद 50-50 हजार रुपये जुर्माना

**सोनभद्र।** 5 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर गैंगरेप के दोषियों राम औतार व लट्ठू को उम्रकैद एवं 50- 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि एक लाख रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 15 मई 2018 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी 14 मई 2018 को रात 8- 9 बजे शौच के लिए रेलवे लाइन की ओर निकली थी, जहां पर पहले से मौजूद राम औतार पुत्र स्वर्गीय धर्मजीत निवासी परसवार राजा थाना शक्तिनगर ने बेटी को पकड़ लिया और उसे पटक दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। दौरान विवेचना लट्ठु पुत्र राजेंद्र बैगा निवासी परसवार राजा का नाम भी प्रकाश में आया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में राम औतार व लट्ठु के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर गैंगरेप के दोषियों राम औतार व लट्ठु को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### सीओ कानपुर नगर को 50 रुपए अर्थदंड की सजा

**सोनभद्र।** साढ़े 14 वर्ष पूर्व कुल्हाड़ी से काटकर हुई भोला की हत्या के मामले में साक्ष्य के लिए बार -बार बुलाने के बावजूद भी सीओ कानपुर नगर अमरनाथ यादव के कोर्ट में हाजिर न आने पर गैर जमानतीय वारंट व धारा 350 सीआरपीसी की नोटिस के साथ ही प्रकीर्ण वाद दर्ज किया गया है। तामिला के बावजूद भी कोर्ट में हाजिर न आने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने 50 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की धनराशि की कटौती सीओ के वेतन से की जाएगी। बता दें कि पन्नूगंज थाना क्षेत्र के ऊंची खुर्द गांव निवासी भोला की 11 सितंबर 2008 को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी सूचना थाने पर भोला के बेटे श्री राम ने दी जिसपर चार लोगों के विरुद्ध हत्या की एफ आई आर दर्ज की गई। मामले की विवेचना तत्कालीन पन्नूगंज एसओ रहे अमरनाथ यादव जो वर्तमान में सीओ कानपुर नगर पद पर तैनात हैं ने किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर अभियुक्तगणों परमेश्वर, राजू, राजन व बिंदेश्वरी के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इसी मामले में साक्ष्य के लिए कोर्ट द्वारा बार - बार बुलाया जा रहा, लेकिन वे नहीं आए। कोर्ट ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया फिर भी नहीं आए। उसके बाद धारा 350 सीआरपीसी की नोटिस भी भेजी गई। तामिला होने के बावजूद भी वे नहीं आए। जिसपर कोर्ट ने अलग से सीओ कानपुर नगर के विरुद्ध प्रकिर्ण वाद दर्ज कराया। लेकिन वे सफाई देने के लिए नहीं आए। सुनवाई करते हुए अदालत ने यह मानते हुए कि सीओ कानपुर नगर अमरनाथ यादव को सफाई में कुछ नहीं कहना है, क्योंकि तमिला के बाद भी नहीं आए। अर्थदंड की धनराशि की कटौती वेतन से करने का आदेश दिया है।

# निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**चोपन।** प्रदेश में यूपी में निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। पुलिस और प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए तैयारियों में जुटा हुआ है। जहां प्रशासनिक अधिकारी मतदान केंद्रों पर दौरा कर व्यवस्थाओं को पूरा कराने में लगे हुए हैं, तो वहीं पुलिस भी उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का पालन कराए जाने के लिए दूसरे जनपदों से आने वाले वाहनों की चेकिंग कर तलाशी ले रही है। इसी क्रम में बुधवार को चोपन बैरियर पर थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में दूसरे जनपदों से आने वाले वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम ने कार व अन्य बड़े वाहनों की डिग्गियों व बोनटों को खुलवाकर तलाशी ली और वाहन चालकों से भी चुनावी समय में कोई भी ऐसा सामान जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो व चुनाव प्रचार सामग्री साथ लेकर ना चलने के लिए कहा। अचानक चले चेकिंग व तलाशी अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।



वाहन की तलाशी लेती पुलिस

### विद्यालयों को निपुण बनाने की बनी रणनीति

**सोनभद्र।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिले के समस्त विकास खण्डों के एआरपी एवं एसआरजी की बैठक प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रंजना शुक्ला की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जनपद के समस्त विद्यालयों को शासन के निदेर्शानुसार निश्चित समयावधि के अन्दर निपुण बनाए जाने की रणनीति तैयार की गई। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्राप्त हुआ। बैठक में जयकिशोर वर्मा, संजय मिश्रा, विनोद कुमार, विद्यासागर समेत तमाम लोग उपास्थित रहे।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह अग्नि सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक



**रेणुकूट।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड परिसर के स्टाफ क्लब में मुख्य अतिथि एसपी डा. यशवीर सिंह व संस्थान प्रमुख ने दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अग्नि सुरक्षा के बारे में सुझाव दिए। संस्थान की तरफ से इकाई प्रमुख एस एन शास्त्री एवं नवागत इकाई प्रमुख मनीष गर्ग ने भी अग्नि सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में केडीकेवीएम स्कूल के बच्चों और कारखाना के कर्मचारियों द्वारा स्टेज नुक्कड़ नाटक करके जागरूकता का सन्देश दिया। इस मौके पर राजीव दुबे, विकास माहेश्वरी, गौतम गुप्ता, बिभु पांडेय, प्रभात पांडेय, निमिषा सिंह, संदीप सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में फायर, सिक्योरिटी, एडमिन, प्लांट टीम, स्कूल के बच्चे व अध्यापक, ग्रासिम कालोनी परिसर के कर्मचारी व महिलाओं का योगदान रहा। मुख्य सुरक्षा अधिकारी धारा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कुपोषण मुक्त बनाने में सभी विभाग निभाएं जिम्मेदारी

**बोले डीएम**

**शिशु एवं मातृ मृत्यु दर कुपोषण की रोकथाम को कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण व प्रमाण पत्र**

**सोनभद्र।** डीएम की विशेष पहल पर जिला प्रशासन के सहयोग से शिशु एवं मात मृत्यु दर तथा कुपोषण की रोकथाम के लिए विकास भवन में बुधवार को आईसीडीएस व स्वास्थ्य विभाग के कार्यकत्रियों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान डीएम ने कहा कि शिशु एवं छोटे बच्चों को आहारपूर्ति, अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबन्धन, मातृत्व पोषण, नवजात शिशुओं की देख-भाल तथा वृद्धि निगरानी विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण 30 जनवरी से लगातार जारी है, जिसमें अभी तक 1275 आंगनबाड़ी, आशा और अन्य लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। डीएम व मुख्य विकास अधिकारी ने 21वें बैच के प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस पर प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र का वितरण भी किया। कहा कि इस प्रशिक्षण की सार्थकता तभी है, जब इसका लाभ गांव में पंजीकृत अन्तिम लाभार्थियों तक कुपोषण से मुक्ति सम्बन्धी जानकारी पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण गोरखपुर से आयी राज्य स्तरीय टीम द्वारा प्रशासन के सहयोग से पंचायत और विकास खण्ड स्तर पर कराया जायेगा, जिसका लाभ दूर दराज के लाभार्थियों को मिल सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, आशा और एएनएम मिलकर वीएचएसएनडी सत्र को प्रभावी बनाते हुए जनपद में शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, कुपोषण को समाप्त करने का सतत प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रवीण दूबे, आईएम ओझा, नाजमिन खान, अशोक पाण्डेय, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# हिण्डाल्को में राज्य स्तरीय दंगल प्रतियोगिता आयोजित



**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में राज्य स्तरीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन फुटबॉल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह तथा कर्मचारी सम्बंध प्रमुख परनीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसी क्रम में अतिथियों द्वारा डीएलडब्ल्यू अखाड़े के पहलवान रविन्द्र मिश्र, जौनपुर अखाड़े के पहलवान मंगला प्रसाद, मुगलसराय के पहलवान बबलू सिंह, डीएलडब्ल्यू अखाड़े के पहलवान सुरेंद्र पटेल, प्रयागराज से पहलवान राजू एवं रेणुकूट अखाड़े से पहलवान बंसराज यादव व पहलवान रामप्यारे को शाल पहना कर सम्मानित किया गया। जसबीर सिंह द्वारा अखाड़े के जनक बंसराज के साथ अखाड़े की पूजा कर दंगल का आरंभ कराया गया। दंगल का आयोजन तीन भार वर्ग में किया गया, जिसमें सबसे बड़ी जोड़ी 100 किलोग्राम की रही। वहीं मध्यम वर्ग में 75-95 और 60-75 भार वर्ग के पहलवानों के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ। आयोजित 15 कुश्तियों में 4 बड़ी कुश्तियां, 6 मध्यम एवं 5 छोटी कुश्तियां लड़ी गईं। इस दौरान शांति बनाए रखने में क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

# भूख हड़ताल पर बैठे वादाखिलाफी से खफा गोरारी के ग्रामीण


बिछियां धरनास्थल पर भूख हड़ताल करते गोरारी गांव के ग्रामीण।

**चंदौली।** क्षेत्र के गोरारी गांव के अपनी समस्याओं के निदान के लिए भूख हड़ताल पर बैठ गए है। वे गंद पानी की निकासी और आवागमन के लिए रास्ते की मांग लंबे समय से करते चले आ रहे हैं। बिछियां धरनास्थल पर गुरुवार भूख हड़ताल करके अपनी मांगों को पूरा किए जाने की आवश्यकता जताई। पीड़ित मुंशी चौहान ने कहा कि प्रशासन द्वारा बार-बार आश्वासन दिया जाता है कि पीड़ित परिवारों के समस्या का निदान कर दिया जाएगा। परन्तु 90 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का निवारण नहीं हो पाया है।

गोरारी संघर्ष मोर्चा इस समस्या को लेकर कई बार जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी से मिलकर समस्या सम्बन्धी पत्रक देकर अवगत करा चुका है। संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुर्वेदी ने कहा कि प्रशासन के झूठे आश्वासन पर आश्वासन को देखते हुए गांव के लोगों का अब धैर्य का बांध टूट चुका है। कोई अधिकारी ये नहीं कहता कि पीड़ितों को रास्ता नहीं मिलेगा। पर ये सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित रह जाता है। गांव के लोग अधिकारियों के इस रवैये से मानसिक, शारिरिक, आर्थिक और सामाजिकी रूप से प्रताड़ित हो रहे है। बुधवार को मुंशी चौहान, मीरा देवी, शामू चौहान, कांति देवी, उमरावती, लोग समस्या के समाधान होने तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे। मोर्चे के अध्यक्ष मणि देव चतुर्वेदी ने माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठने वालों का स्वागत किया। संघर्ष मोर्चा के कोषाध्यक्ष खिचडू चौहान ने कहा कि अगर प्रशासन समस्या को लेकर कोई ठोस कार्यवाही नहीं किया तो ये संख्या बढ़ भी सकती है। शरणार्थी शिविर में भाई लाल चौहान, संकठा चौहान, रामेश्वर चौहान, लक्षिमन चौहान, कन्हैया, अध्यक्ष प्रभाकर मौर्या, प्रचार मंत्री ओमवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बिजली कटौती बनी परेशानी पानी के लिए तरस रहे लोग

**चहनिया।** गर्मी के मौसम में तापमान 40 से 42 डिग्री है। दिन में बिजली की सप्लाई गेंहू में आग लगने के डर से पूरी तरह से ठप है। शाम से रात्रि तक जो सप्लाई मिल रही है उसमें भी जबरदस्त कटौती किया जा रहा है। मंगलवार को हर आधे घंटे पर सप्लाई आती जाती रही। विभागीय अधिकारी ओवरलोड का हवाला दे रहे है। प्रदेश सरकार ग्रामीण इलाकों में 18 घण्टे सप्लाई देने घोषणा करती है। जबकि इस समय 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तापमान है। इन दिनों गेंहू कटाई के कारण बिजली की सप्लाई दिन में पूरी तरह काट दिया जा रहा है ताकि किसानों को किसी प्रकार से गेंहू के खेत में आग न लगे। बिजली सप्लाई शाम को 7 बजे आ रहा है। उसमें भी बिजली की कटौती जोरो पर है। मंगलवार को तो हद ही कर दिया। हर आधे घण्टे पर पूरी रात बिजली की कटौती किया गया। जो पानी टंकी पर पानी चढ़ाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभागीय अधिकारी अब ओवरलोडिंग का हवाला देने लगे है। जब जब गर्मी की शुरुआत होती है या फिर उमस भरी भीषण गर्मी पड़ती है तो 18 घण्टे सप्लाई देने की घोषणा हवा हवाई साबित होने लगती है।

# अपहृत राजस्व विभाग के सर्वेयर को जीआरपी ने कराया मुक्त

सफलता

### स्टेशन के आउटर पर युवक बदहवास हालत में मिला


अपहृत युवक के साथ पुलिस टीम।

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस ने बिहार के किशनगंज से अपहृत राजस्व विभाग के सर्वेयर को बुधवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मुक्त कराया। अपहरण की सूचना पर जीआरपी ने ट्रेनों में और स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिससे अपहरणकर्ता युवक को स्टेशन के आउटर पर छोड़ कर भाग गए। जीआरपी ने सर्वेयर को बरामद कर किशनगंज पुलिस के हवाले कर दिया। इस बाबत जीआरपी निरीक्षक प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

तभी सूचना मिला कि 18 अप्रैल को बिहार के किशनगंज जिले के कोचाधामन ब्लाक में राजस्व विभाग के सर्वेयर पद पर तैनात नरौली सलीमपुर पटना निवासी 26 वर्षीय प्रिंस का कुछ बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। वर्तमान में उसना लोकेशन डीडीयू स्टेशन के आस पास मिल रहा है। इस सूचना के बाद जीआरपी सक्रिय हो गई।

ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बुधवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन के आउटर पर एक युवक बदहवास हालत में बैठा हुआ मिला। पूछताछ करने पर पता चला कि वह प्रिंस है। स्टेशन पर चेकिंग देख अपहरणकर्ता उसे यही छोड़ कर भाग निकले हैं। जीआरपी ने प्रिंस के बरामदगी की सूचना किशनगंज के पुलिस अधीक्षक को दी। इस सूचना के बाद किशनगंज जिले के कोचाधामन थाने के एसआई राकेश प्रसाद राय स्थानीय जीआरपी थाना आए। पुलिस ने प्रिंस को कोचाधामन पुलिस के हवाले कर दिया। प्रिंस की बरामदगी पर पुलिस और प्रिंस के परिवार वालों ने जीआरपी का धन्यवाद दिया। निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि आगे की कार्रवाई कोचाधामन पुलिस करेगी।

## संक्षेप

### अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं व ट्रैक्टर जला


पुआल में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के उजारी कटवा गांव में बुधवार की दोपहर को खलिहान में रखा गेंहू, पुआल व टैज्क्टर का टायर जल गया। फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बताते हैं कि गांव निवासी रामू चौहान के खलिहान में अज्ञात कारणों से पुआल में आग लग गया बहुत तेज हवा की वजह से आग की लपेट तेज होने के कारण पास में रखा 3 बीघा गेहूं व भूसा पास में खड़ी ट्रैक्टर का टायर और छतरी व 16 बीघा पुआल जल गया। ग्रामीणों ने तेज हवा व आग की लपटों के कारण किसी तरह से हिम्मत जुटाया, लेकिन आग बुझाने में सफलता नहीं मिली। फायर ब्रिगेड पहुंचकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। इस दौरान थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग, उपनिरीक्षक रमाशंकर, आनंद प्रजापति सहित पुलिस कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस व रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने बुधवार की सुबह स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या सात और आठ के पूर्वी छोर पर स्टेशन नाम पट्टिका के समीप से एक युवक को आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया। बरामद गांजा की कीमत अस्सी हजार रुपये बताई गई है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह और आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए स्टेशन और सकुर्लेटिंग एरिया में लगातार जांच पड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार की भोर में टीम जब सात और आठ नंबर प्लेटफार्म के पूर्वी छोर पर स्टेशन नाम पट्टिका के समीप पहुंची। तभी एक युवक संदिग्ध हाल में दिखा। उसे पकड़ कर कर बैग की तलाशी ली गई तो उसमें आठ किलो गांजा बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम छोटू कुमार निवासी वार्ड नंबर 13 पुरुषोत्तमपुर थाना रुस्तमपुर जिला वैशाली बिहार बताया। निरीक्षकों ने बताया कि युवक ट्रेनो के माध्यम से ट्रेन बदल बदल कर गांजा दिल्ली ले जाकर ऊंचे दामों में बेचता है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के भोजापुर बरठीं मुख्य मार्ग के बढवलडीह गेट के समीप आमने सामने बाइक की टक्कर हो जाने से एक बाइक सवार गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दूसरा बाइक सवार मौका देख फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को देख 108 एम्बुलेंस से सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के दौरान डा.उग्रसेन ने हालात गंभीर देख घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल अमित कुमार 26 पुत्र विजय बहादुर निवासी वरठी गांव बताया गया। इस मौके पर फार्मासिस्ट राजकिशोर वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, नन्दलाल चौरसिया, गुड्डू सिंह, सहित अन्य मौजूद रहे।

### दिल्ली, मुंबई के लिए नहीं मिलेगा आरक्षित टिकट

**डीडीयू नगर।** गर्मी में ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 12 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों के चलाने की घोषणा की है। इसके बावजूद मई में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई सहित अन्य महानगरों के लिए ट्रेनों में सीटें नहीं मिल रही हैं। बिहार, झारखंड, बंगाल सहित पूरे देश के विभिन्न इलाकों के लोग पीडीडीयू नगर में बसे हुए हैं। स्कूलों में बच्चों की छूट्टी होने पर वे अपने गांव पर जाते हैं। अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से मई और जून के पहले सप्ताह तक ट्रेनों में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, जम्मू, चेन्नई, उदयपुर आदि के लिए सीट उपलब्ध नहीं है। ट्रेनों में तीस से लेकर पचास तक वेटिंग मिल रही है।

# लगातार अनुपस्थित होने पर सचिवों पर होगी सख्त कार्रवाईः बीडीओ

बैठक

### गांव-गांव में विशेष नजर बनाये रखने का निर्देश


सचिवों के साथ बैठक करते बीडीओ अरूण पांडेय व ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह

**सकलडीहा।** खंड विकास कार्यालय पर बुधवार को बीडीओ अरुण कुमार पांडेय व ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह सचिवों को समीक्षा बैठक के लिये बुलाया था। लेकिन अधिकांश सचिव अनुपस्थित रहे। इस दौरान लगातार अनुपस्थित रहने वाले सचिवों के खिलाफ कार्रवाई का संकेत दिया। अंत में सभी सचिवों के निदेर्शों का पालन कराने के लिये अवगत कराया गया। प्रयागराज की घटना को लेकर पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट है। जिले को पांच जोन और पन्द्रह सेक्टर में बांटा गया है। जोनल मजिस्ट्रेट से लेकर जोनल पुलिस अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगायी गयी है। गांव गांव में विशेष नजर बनाये रखने का निर्देश है।

इस क्रम में सेक्टर प्रभारी को लेकर तहसीलदार और बीडीओ के साथ थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी है। बुधवार को बीडीओ ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान सचिवों को मिटिंग में उपस्थित रहने का निर्देश दिया था।

इसके बाद भी कई सचिव आसपास होने के बाद भी मिटिंग में नही पहुंचे। जिसे लेकर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई का संकेत दिया। अंत में सभी सचिवों को आवास, मनरेगा कार्य के साथ साथ प्रत्येक सचिवों को सौ सौ कुंतल भूसी जुटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही ईद उल फितर की नमाज को लेकर गांवों में साफ सफाई के साथ हैंडपंपों को ठीक कराने का निर्देश दिया। चेताया कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर ज्वाइंट बीडीओ केके सिंह, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, सचिव गणेश यादव, प्रिया मौर्या, जितेन्द्र यादव, संजय, महेन्द्र, पवन दूबे सहित अन्य मौजूद रहे।

## घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**चकिया।** नौगढ़ थाना क्षेत्र के भैसोड़ा बांध के पास सड़क दुर्घटना में घायल 16 वर्षीय विकास यादव की इलाज के दौरान जिला संयुक्त चिकित्सालय में बुधवार की दोपहर मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची नौगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चकिया कोतवाली क्षेत्र के बलिया कला गांव निवासी गिरजा यादव का पुत्र विकास यादव बाइक से अपने एक साथी के साथ बीते मंगलवार की सायं नौगढ़ क्षेत्र के भैसोड़ा के पास दवा लेने जा रहा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे नौगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बुधवार की दोपहर हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया रेफर कर दिया। जहां दोपहर 2 बजे के आसपास इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सकलडीहा में सांसद व विधायक निधि से लगा हाईमास्ट बना शोपीस


सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर सांसद निधि से लगा हाइमास्ट बना शोपीश।

**सकलडीहा।** सांसद विधायक निधि से लेकर ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत की ओर से जगह जगह हाईमास्ट और स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। लेकिन लगने के कुछ दिनों बाद हाईमास्ट से लेकर स्ट्रीट लाइट शोपीस बनकर रह जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। जबकि अधिकारियों ने ठीक कराने का निर्देश दिया है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है।

गांव गांव में स्ट्रीट लाइट से लेकर हाईमास्ट लगाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों के साथ राहगीरों को काफी सहूलियत मिलने लगा है। कहीं-कहीं स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट खराब होने के कारण शोपीस हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महीनों से सकलडीहा अलीनगर तिराहा और ईटवा ब्लॉक तिराहा पर व तहसील मुख्यालय पर विधायक निधि से लगा स्ट्रीट लाइट शोपीश बना हुआ है। जबकि सीडीओ ने लगे स्ट्रीट लाईट और हाईमास्ट का सत्यापन कर मरम्मत का निर्देश दिया है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ प्रत्याशी को चुनाव जिताएंः अजय


डीडीयू नगर में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन करते अजय राय

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रयागराज जोन के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लगकर प्रत्याशी को चुनाव जिताने के लिए संकल्पित है। नगर पालिका परिषद चुनाव के कांग्रेस की चेयरमैन पद की प्रत्याशी सविता खरवार के कार्यालय का उद्घाटन करने के दौरान कही। पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का नगर के प्रत्येक वार्ड में काफी लोकप्रियता का आलम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से कार्यकर्ता पुरी ताकत के साथ लगकर चुनाव जिताने के लिए संकल्पित है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी मकसूद खान ने कहा की जनता ने सभी दलों को चुनकर देख लिया। गैर कांग्रेस दलों ने पूरी तरह जेब भरने का काम किया।कहीं विकास नहीं हुआ। चेयरमैन पद के प्रत्याशी सविता खरवार ने कहा कि मैं नगर का समुचित विकास करूंगी। जनता का पूरा सामान करूंगी। जनता के विकास व हितों के लिए हर वक्त मैं तैयार हूं। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, रामजी गुप्ता, मधु राय, आनंद शुक्ला, सतीश बिंद, दयाराम पटेल, भवानी शरण सिंह आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### बरौनी से मुजफ्फरपुर और यशवंतपुर के बीच चलेगी ट्रेनें

**डीडीयू नगर।** गर्मी के दिनों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बरौनी से मुजफ्फरपुर और यशवंतपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इससे पहले 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की पहले घोषणा की जा चुकी है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बरौनी से पटना, डीडीयू नगर, प्रयागराज, छिवकी, जबलपुर के रास्ते मुजफ्फरपुर और बरौनी से यशवंतपुर के बीच एक-एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। मुजफ्फरपुर यशवंतपुर समर स्पेशल पांच से 26 मई तक मुजफ्फरपुर से प्रत्येक शुक्रवार की शाम साढ़े तीन बजे खुलेगी। यह ट्रेन रविवार की शाम साढ़े चार बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार को सुबह 07.30 बजे खुलकर बुधवार की सुबह 06.40 बजे डीडीयू स्टेशन पहुंचेगी और यहां से होते हुए दोपहर 12 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। बरौनी से और नौ से तीस मई तक यशवंतपुर से प्रत्येक मंगलवार को खुलेगी। बरौनी से प्रत्येक शनिवार की दोपहर 14.30 बजे यह ट्रेन खुलकर 21.14 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर रूकते हुए सोमवार की शाम 16.30 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी।

# सड़क पर नहीं होगी ईद उल फितर की नमाज

जनसंदेश न्यूज


सकलडीहा कोतवाली में मुस्लिम धर्मगुरू और प्रधानों के साथ बैठक करते एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश कुमार राय।

**सकलडीहा।** ईद उल फितर की नमाज की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट है। डीएम और एसपी के निर्देश पर बुधवार को सकलडीहा कोतवाली में जोनल मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने मुस्लिम धर्म गुरू और प्रधानों के साथ बैठक किया। इस दौरान ईद उल फितर की नमाज सड़क पर बैठकर नही करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर बीडीओ को फोन कर मस्जिदों के समीप साफ सफाई और बिजली व्यवस्था को दुरूस्थ रखने का निर्देश दिया। सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के अर्न्तगत सकलडीहा, खडेहरा, अलहिया, पपौरा, नईबाजार, बथावर, औरंगाबाद, पदुमनाथपुर, तेनुवट, पौरा, खोर बरठीआदि तेरह मस्जिद और ईदगाहों पर ईद उल फितर की नमाज पढ़ी जाती है। इसको लेकर जोनल मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से सकलडीहा कोतवाली में आगामी 22 अप्रैल को ईद उल फितर की नमाज को लेकर बैठक किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसी प्रकार की सोशल मिडिया पर अफवाह न फैलाने व पुराने वीडियों को फारवर्ड नही करने की जानकारी दिया। किसी प्रकार की विवाद की आशंका होने पर पुलिस को सूचित करने को बताया। अंत में सड़क पर नमाज नही पढ़ने की निर्देश दिया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य, दरोगा मोहन प्रसाद, महफूज अहमद, शिवप्रसाद गिरी, प्रधान अरविंद राय, राजेश सेठ, मुराहु विश्वकर्मा, महताब आलम, मोलू राजभर, आशिफ,सदर जब्बार, अनीश, जलील अहमद, मुहम्मद शौकत, डा. अकबर, गुलाब प्रसाद मौर्य, महंत चौबे सहित अन्य मौजूद रहे।

# लोक अदालत में निस्तारित कराएं अधिक से अधिक वाद


लोक अदालत के संदर्भ में बैठक करते जनपद न्यायाधीश।

**चंदौली।** जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार चतुर्थ ने कहा कि 13 मई को आयोजित लोक अदालत के जरिए अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण किया जा सकता है। इसके लिए वरिष्ठ नागरिकों के साथ विभागीय अधिकारियों को भी आगे आने की जरूरत है। खासकर ग्रामीण इलाके के लोगों में जन जागरूकता आवश्यक है, ताकि मध्यस्थता के जरिए बिखरे परिवारों को एक किया जा सके। वह बुधवार को कचहरी स्थित विश्राम कक्ष में बैंक के अधिकारियों व पत्र प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि लोक अदालत के मायने व्यापक हैं।

मसलन हमारे देश की बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है। आज भी गांव के लोग न्यायिक प्रक्रिया से अनजान हैं। गांवों में जमीन संबंधित मामलों के साथ पारिवारिक मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। ऐसे में लोक अदालत के जरिए ऐसे में मामलों को सुलह समझौते के आधार हल किया जा सकता है। खासकर पारिवारिक मामलों में लोगों को जागरूक किया जाए तो दोनों पक्षों को समझाकर विवाद को खत्म किया जा सकता है। कहा कि 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपराधिक शमनीय वाद, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक परिवाद, राजस्व, रेलवे दावा, आपदा क्षतिपूर्ति, सेल टैक्स, इनकम टैक्स आदि से संबंधित वादों का निस्तारण किया जाएगा। कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण किया जाना है। इस अवसर पर एसडीओ टेलीफोन गोविन्द नाथ गुप्ता, एलडीएम अभिलाष साह, सन्तोष कुमार गोपाल कुवैर सिंह, अर्जुन त्रिपाठी, निशान्त, जेपी त्रिपाठी, पन्ना लाल मिश्र, मनोज सिंह, अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, डा.जय नरायण यादव उपस्थित रहे।

# धूप बनी जानलेवा स्कूली बच्चे परेशान


सकलडीहा कस्बा में स्कूल की छुट्टी होने पर परेशान बच्चे।

**सकलडीहा।** भगवान भाष्कर के तीखे प्रकोप से आमजन परेशान है। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशान परिषदीय स्कूल के बच्चे है। स्कूल की छुट्टी होने पर स्कूल बच्चे घर पहुंचते पहुंचते बेहाल हो जा रहे है। अभिभावकों ने जिला प्रशासन से स्कूल का समय बदलने की मांग किया है। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक सहित कम्पोजिट विद्यालय में सुबह आठ बजे से दो बजे तक पठन पाठन चल रहा है। इसके अलावा हाईस्कूल से लेकर इंटरमीडिएट के बच्चों का पठन पाठन जारी है। दोपहर दो बजे स्कूल की छुट्टी होने पर चिलचिलाती धूप और उमस में वाहन और पैदल घर जाने पर बच्चे तिलमिला जा रहे है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल से घर आते आते बच्चे परेशान और बीमार हो जा रहे है। कस्बा के हरिकुमार जायसवाल, अमित, मुन्ना, संतोष, प्रिंस, राजकुमार आदि ने जिला प्रशासन से स्कूल का समय बदलने की मांग किया है, जिससे बच्चों को राहत मिल सके। एबीएसए अवधेश कुमार राय ने बताया है कि शासन से निर्देश मिलने पर समय में परिवर्तन किया जायेगा।

### सुबह शाम चाय-पान की दुकानों पर चुनावी माहौल गर्म

**डीडीयू नगर।** नगर निकाय चुनाव में नामांकन के बाद नगर की फिजा में चुनावी रंग पूरी तरह से घुलने लगा है। निकाय चुनाव को लेकर नगर की चाय, पान की दुकानों, चौराहों गलियां गुलजार सी हो गई हैं। जहां लोग मिल रहे है वहीं अपने-अपने तरीके से प्रत्याशियों को हरा, जीता रहे है। प्रत्याशियों के जातीय समीकरण से लेकर उसके व्यक्तिगत भाव का आकलन किया जा रहा है। कौन कहां पर कमजोर है और कहां मजबूत है इसकी चर्चा तेज हो गई है। प्रत्याशियों के शिक्षा को लेकर भी चचाएं खूब हो रही है राजनीतिक दलों के लोग भी चचाओं का बाजार गर्म करने में लगे है। नगर पालिका परिषद 25 वार्डों के सभासद पद के साथ अध्यक्ष लिए चुनाव होना है। इस समय पूरा शहर चुनावी माहौल में रंगता जा रहा है। जगह-जगह चुनावी चर्चा ही गूंज रही है। नामांकन के बाद प्रत्याशियों के चेहरे स्पष्ट होने के बाद चुनावी माहौल और अधिक गर्म हो गया है। नगर के विभिन्न चौराहे चुनावी चर्चा का अड्डा बना हुआ है। चुनावी रणभेरी बजने के बाद से सुबह शाम की चुनावी चकल्लस जोरों पर है। लोग सभी प्रत्याशियों को विभिन्न कसौटियों पर कसकर उन्हें हरा-जीता रहे है।

# बच्चों के सेहत को लेकर स्कूल की समय बदलने की मांग



**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक बुधवार को मुख्यालय स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। वही बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों के सुरक्षा के लिए विद्यालय के समय में बदलाव की मांग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह को पत्र सौंपकर किया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप चल रहा है ऐसे में बच्चों के सुरक्षा को देखते हुए विद्यालय के समय में बदलाव किया जाए, ताकि बच्चों को लू व कड़ाके की धूप से बचाया जा सके। कहा कि मौसम परिवर्तन के कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ सकता है। ऐसे में स्कूल का समय नहीं बदला गया तो बच्चों के सेहत पर इसका प्रभाव पढ़ना संभव है। इस पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों ने कहा कि अगर बच्चों को कुछ हुआ तो इसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान देवेंद्र प्रताप सिंह, जिला संयोजक आनंद सिंह, जय बहादुर सिंह,सुधीर सिंह, राजेश कुमार, राजेश बहादुर सिंह, प्रवीण, सतेंद्र सिंह, राजीव यादव, छोटेलाल,सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मोहम्मद सिराज से एक अज्ञात व्यक्ति ने किया संपर्क, दिया मोटी रकम का लालच... आरसीबी के तेज गेंदबाज ने किया खुलासा



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाइ (एसीयू) को जानकारी दी है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने आईपीएल के पिछले मैच में भारी पैसा हारने के बाद उनकी टीम की अंदरूनी जानकारी के लिये उनसे संपर्क किया था। सिराज ने फोन आने के बाद तुरंत एसीयू अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया , जिसने सिराज से संपर्क किया वह सटोरिया नहीं था। वह मैचों पर सट्टा लगाने का आदी हैदराबाद का एक ड्राइवर था । उसने काफी पैसा गंवा दिया था इसलिये उसने अंदरूनी जानकारी के लिये सिराज से संपर्क किया। उन्होंने कहा, सिराज ने तुरंत इसकी सूचना दी । उस व्यक्ति को पकड़ लिया गया है और विस्तार से जानकारी का इंतजार है ।

# दिल्ली के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

## खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को जीतना होगा

**नई दिल्ली।** खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग के करो या मरो के मुकाबले में बृहस्पतिवार को हर हालत में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराना होगा और पिछले सत्र में टीम के स्टार रहे पृथ्वी साव पर गाज गिर सकती है । इस सत्र में पांच मैचों में साव 34 रन ही बना सके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 15 रन रहा है । इससे उनके टीम से बाहर किये जाने की आशंका प्रबल है। दिल्ली इस सत्र में अभी तक पांचों मैच गंवा चुकी है जिससे केकेआर के खिलाफ मैच में शीर्षक्रम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं।



विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में आजमाये गए सरफराज खान को पावरप्ले के ओवरों के लिये विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता है जबकि दूसरा विकल्प अनुभवी मनीष पांडे को ऊपर भेजने का हो सकता है । डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम अगर यह मैच हार जाती है तो प्लेआफ में पहुंचने के सारे दरवाजे लगभग बंद हो जायेंगे। दूसरी ओर केकेआर पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार को भुलाना चाहेगी। कप्तान नितिश राणा, मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह और वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज आंद्रे रसेल के पास किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने की काबिलियत है। दिल्ली के लिये सबसे बुरी खबर साव का खराब फॉर्म रहा है । पूर्व अंडर 19 विश्व कप विजेता कप्तान अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखे हैं । उन्होंने 2021 में 479 और पिछले साल दस मैचों में 283 रन बनाये थे लेकिन इस बार तेज गेंदबाजों का वह सामना भी नहीं कर पा रहे हैं । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पिछले मैच में वह रन आउट हो गए जिसमें दिल्ली को 23 रन से पराजय झेलनी पड़ी। वॉर्नर के खराब फॉर्म की आलोचना भले ही हो रही है लेकिन दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बीच उन्हें खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिल रहा। उन्होंने पांच मैचों में 116 की स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाये हैं । आस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श तीसरे नंबर पर चल नहीं सके हैं । ऐसे में रिली रोसोयू या रोवमैन पावेल को उतारा जा सकता है । यश धुल के पास तकनीक की कमी है और वह इससे उबर नहीं पा रहे हैं । दिल्ली की बेंच स्ट्रेंथ भी काफी कमजोर है जिसकी वजह से खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों के विकल्प ही नहीं है । केकेआर टीम में रहमानुल्लाह गुरबाज की जगह इंग्लैंड के जैसन रॉय को उतारा जा सकता है । लेग स्पिनर सुयश शर्मा का अपने घरेलू मैदान पर यह पहला मैच होगा । केकेआर की सफलता की कुंजी नितिश, रिंकू, रसेल और वेंकटेश अय्यर का फॉर्म रहेगी ।

***टीमें*** :-

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और जेसन रॉय।

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसोयू, एनरिच नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल। मैच का समय : शाम 7.30 से ।

## 'मैंने हमेशा भारत में घर जैसा महसूस किया है', पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने होगी जारी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसी की आत्मकथा अगले महीने जारी होगी जिसमें खेल को लेकर उनके संघर्ष और लगाव के साथ इसके बाहर की यात्रा का जिक्र होगा। 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' की 'ईबरी प्रेस' द्वारा प्रकाशित होने वाली इस किताब का नाम 'फाफ थ्रू फायर' है। इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान पाठकों को क्रिकेट के साथ साथ इस खेल से बाहर की अपनी जिंदगी की कहानी से रूबरू करवायेंगे। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के 38 साल के पूर्व कप्तान ने इस किताब में महेंद्र सिंह धोनी, गैरी कर्स्टन, स्टीफन फ्लेमिंग, ग्रीम स्मिथ और एबी डिविलियर्स सहित कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ अपने अनुभवों के बारे में बात की। यहां जारी विज्ञप्ति में डु प्लेसी ने कहा, मैं अपनी किताब 'फाफ थ्रू फायर' के भारत में लॉन्च होने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने हमेशा यहां घर जैसा महसूस किया है और वर्षों से भारत में खेलने के दौरान मुझे अपार समर्थन मिला है। मुझे उम्मीद है कि पाठक इसे पढ़ने का उतना ही आनंद लेंगे जितना मुझे इसे साझा करने में मजा आया। डु प्लेसी के नाम 200 से अधिक टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट मैचों में 22 शतक और 56 अर्धशतक हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-अखईपुर वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-सुमन** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**


## बॉलीवुड न्यूज

### सिटाडेल के प्रीमियर के लिए दुनिया भर के जासूस लंदन पहुंचे



**मुंबई।** अमेजन ओरिजिनल सीरीज सिटाडेल के स्पाई प्राइम वीडियो पर 28 अप्रैल को एक एपिक वर्ल्ड प्रीमियर के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, प्रमुख अभिनेता रिचर्ड मैडेन, प्रियंका चोपड़ा जोनास, और स्टेनली टुची, लेस्ली मैनविल ने कार्यकारी निमाता जो और एंथोनी रूसो और शोरनर डेविड वील के साथ अपने ग्लोबल टूर में एक पिट-स्टॉप किया लंदन प्रीमियर में। रोमांचकारी स्पाई यूनिवर्स की शुरूआत को चिह्नित करते हुए, लंदन प्रीमियर के लिए बहुत से फ्रेंचाइजी एजेंट शामिल हुए, जिसमें वरुण धवन, समांथा रुथ प्रभु के साथ लेखक और निमार्ता राज एंड डीके, और सिटाडेल के भारतीय भाग के सह-लेखक सीता मेनन और इटालियन भाग के प्रमुख, मटिल्डा डी एंजेलिस और जीना गार्डिनी, कार्यकारी निमार्ता और शोरनर मौजूद थे। प्रीमियर में सुशांत श्रीराम- कंट्री डायरेक्टर, प्राइम वीडियो इंडिया, और अपर्णा पुरोहित, इंडिया ओरिजिनल्स की प्रमुख, प्राइम वीडियो की उपस्थिति भी देखी गई। रुसो ब्रदर्स के एजीबीओ और शो रनर डेविड वेइल द्वारा निर्मित इस 6 एपिसोड वाली सीरीज में रिचर्ड मैडेन, प्रियंका चोपड़ा जोनास, स्टेनली टुकी और लेस्ली मैनविल मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिसमें दो एपिसोड 28 अप्रैल को और एक एपिसोड 26 मई से हर हफ़्ते लॉन्च किया जाएगा। ग्लोबल सीरीज 240 देशों और क्षेत्रों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और अन्य अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में स्ट्रीम की जाएगी।

## आईपीएल में हमें राहुल तेवतिया और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी चाहिये : ब्रायन लारा



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में पावरप्ले में कई विकेट गंवाना उनकी टीम की परेशानी बनी हुई है और उन्हें मध्यक्रम में लंबी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाने वाला बल्लेबाज चाहिये। लारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, विकेट गंवाने से हमेशा आप दबाव में आ जाते हैं। हमने जब भी जीत दर्ज की है, तब सलामी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी बल्लेबाजी में कितनी गहराई है। आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि सही बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका मिले और इस मैच में वह मौका नहीं लिया। मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स को मंगलवार को 14 रन से हराया। लारा ने कहा, हमारा मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी चाहिये जो आखिर तक खेलकर जीत दिलायें। आईपीएल में राहुल तेवतिया, डेविड मिलर जैसे उदाहरण है। हमें भी वैसे ही बल्लेबाज चाहिये। हम उस पर काम कर रहे हैं लेकिन इस मैच में हम बेहतर टीम नहीं थे। इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा, हमने पांचों मैचों में पावरप्ले में काफी विकेट गंवाये। इससे हम शुरू ही से दबाव में आ गए । हमें इसमें सुधार करना होगा। वहीं 17 गेंद में 37 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि वह टीम के लिये किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी क्रम पर खेलने को तैयार हूं। मैने हालात के अनुरूप बल्लेबाजी के लिये खुद को तैयार किया है। मैने टीम प्रबंधन को भी बता दिया है कि मैं किसी भी क्रम पर खेल सकता हूं।

### चंदौली में कोरोना के पांच नए मरीज मिले

चंदौली। स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त जांच रिपोर्ट में 5 व्यक्ति कोविड पॉजिटिव पाए गए है। जिनमें 02 महिला एवं 03 पुरुष है। ये क्रमशः ब्लाक चकिया, नौगढ़, बरहनी एवं चन्दौली के रहने वाले है। वहीं आज 06 व्यक्ति के स्वस्थ्य होने की सूचना भी प्राप्त हुई है। जनपद में कोविड जांच हेतु आज कुल 456 नमूने संग्रहित किये गए। इस प्रकार जनपद चन्दौली में कोविड के कुल 18524 केस व इनमें एक्टिव केस की संख्या 19 है। अब तक 18120 स्वस्थ्य हो चुके हैं।

# कर्म करने से ही मिलता है फलः सुंदरराज

**कथा**

### महुआरी में भागवत कथा सुनकर झूम उठे श्रोता

जनसंदेश न्यूज



महुआरी खास गांव में भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते श्रोतो।

**चहनियां।** महुआरी खास गांव में गंगा तट पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा के 38वें दिन सन्त सुंदरराज स्वामी ने कहा कि कर्म करेंगे तो हम सब सुखी रहेंगे। ईश्वर भी कहते है बिना कर्म किये कुछ मिलता नहीं है। सबरी कहती है कि प्रभु बड़े बड़े आपको नहीं पहचान पाए तो हम कहां से पहचान पाते। ये तो आपका तेज है जो मैंने अपने प्रभु को पहचान लिया। मैं अपना कर्म किया तो आज अपने प्रभु को पाया। भगवान श्रीकृष्ण जब बंशी बजाते थे तो गोपियां भागी भागी चली आती थी। जब भगवान श्रीकृष्ण बंशी बजाते थे तो जितनी भी गोपियां थी।

सबको अलग अलग धुन सुनाती थी। जो जैसे जहां कार्य करती थी तो जैसे तैसे कार्य छोड़कर भागकर भगवान के पास आ जाती थी। परीक्षित बोले है ये कौन सा धुन है जो सुनकर भागकर आती है। समाज मे एक रिश्ता भी है। ये कृष्ण का छल है।

तब शुक्लाचार्य बोले कि दृष्टि बिगड़ी तो जीवन बिगड़ जाता है। गोपियां तो जाती थी पर प्रेम तो राधा से था। ये दृष्टि बिगड़ने की बात है। जो आप समझ नहीं पा रहे है। गोपियां जब भागकर श्रीकृष्ण के पास पहुँची तो भगवान बोले कि आप लोग यहां भागकर कैसे आ गयी। गोपियों ये बात अच्छी नहीं है कि रात में भागकर आ गयी। तुम्हारे घर के लोग परेशान होंगे। भगवान पहले जीव को बुलाते है फिर उनकी परीक्षा लेते है। इस दौरान आयोजक ग्राम प्रधान सतेन्द्र सिंह मिंटु, दीपक सिंह, सरिद्वार यादव, नरेंद्र गुप्ता, अभय सिंह, शिवानन्द पाण्डेय, कृष्ण कुमार सिंह, महेंद्र यादव, रंगीले तिवारी, गोपेश सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चांद के दीदार का है इंतजार, ईद पर खरीदारी को बाजारों में उमड़ रही भीड़

**जौनपुर।** जश्न-ए-ईद की तैयारी अंतिम दौर में है बस अब लोगों को चाँद के दीदार का इंतजार है। ईद को लेकर रोजेदारों ने खरीदारी तेज कर दी है। सबसे ज्यादा उत्साहित बच्चे नजर आ रहे हैं। उस दिन ईद की नमाज पढ़ने के बाद उन्हें बड़ों से ईदी मिलने का इंतजार रहता है। देर रात तक बाजारों में भीड़ जुट रही है। फुटपाथ से लेकर प्रमुख दुकानों पर खाने-पीने के सामान से लेकर विभिन्न सामानों की दुकानें गुलजार है। जूते-चप्पल, रंग बिरंगी ओढ़नी, नकाब, किराना कपड़ों की दुकानें व खानपान की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। सबसे अधिक भीड़ रेडीमेड कपड़ों व कास्मैटिक्स की दुकानों पर है। वहीं बड़ी संख्या में लोग चांद रात की खरीदारी का भी इंतजार कर रहे हैं। गर्मी का पारा हाई होने के कारण दिन में महिला व पुरूष कम ही बाजारों में निकल रहे हैं लेकिन इफ्तार के बाद बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ती है। नगर के अटाला मस्जिद, कोतवाली, हरलालका रोड, नवाब युसुफ रोड, सब्जीमण्डी, चहारसू चौराहा, ओलन्दगंज आदि बाजार देर रात तक गुलजार हैं। बाजारों में कपड़े से लेकर जूते-चप्पल आदि की दुकानों पर महिलाओं की काफी भीड़ लग रही है। लोग अपनी क्षमता के अनुसार सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। त्योहार पर किसी तरह की कोई कमी न रह जाए इसके लिए लोगों ने खरीदारी तेज कर दी है। ईद पर पारंपरिक कुर्ता पायजामे की खूब डिमांड है। बड़े-बुजुर्गों में ही नहीं युवाओं में भी कुर्ता पायजामा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। पाक रमजान माह समाप्ति की ओर है। चांद दिखने के अनुसार सम्भावित आगामी 22 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाना है। इसके लिए घर-घर तैयारियां चल रही हैं।

**ईद से पहले अदा करना होगा फितरा**

ईद की नमाज से पहले अनिवार्य रूप से परिवार का मुखिया अपने प्रत्येक सदस्य (बालिग या नाबालिग) की ओर से फितरा (दान) अदा करता है। इसकी दरें हर वर्ष कीमत के आधार पर तय की जाती है।

**बाजार पर नहीं दिख रहा महंगाई का असर**

रमजान का आखिरी हफ्ता चल रहा है और ईद की भी तैयारी तेज हो गई है। ईदगाहों, मस्जिदों और घरों की सफाई में लोग जुट गए हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-बरमलपुर वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-दुर्गावती** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**



## कार्यालय ग्राम पंचायत-कनौरा वि0 ख0-डोभी, जौनपुर

### अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.04.2023 से 27.04.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 28.04.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय एस.एल. डब्लू.एम. योजनान्तर्गत | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | |
| 9 | भूसा, वृक्षारोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट वाहन क्रय कूड़ा गाड़ी, ई. रिक्शा | | |
| 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्लास्टिक बैक, कचरा, एन.पी.3नाली | | |
| 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा, ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास कूड़ा केन्द्र, यू.पी.एस. निर्माण हेतु | | |
| 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर /फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तें**-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**ग्राम प्रधान-जितेन्द्र यादव** **ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0-अजीत कुमार**

# पीयू में आग बुझाने का दिया गया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय और रज्जू भैया भौतिकी संस्थान में बुधवार को लीडिंग फायरमैन ओंकारनाथ सिंह के साथ उनकी टीम ने अग्निसुरक्षा से बचाव के टिप्स दिए।

उन्होंने प्रदर्शन कर दिखाया की कैसे आग पर काबू पाया जा सके। गैस सिलेंडर की आग को घर के उपयोग में आने वाली प्लास्टिक की बाल्टी और सूती कपड़े, कंबल, जूट की बोरी के झटके के साथ ढककर आग बुझाया गया। साथ ही सबको आग बुझाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। यह प्रदर्शन कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव महेंद्र कुमार के सामने किया गया। कुलपति के निर्देशन पर यह आयोजन विश्वविद्यालय के अग्निसुरक्षा अधिकारी डा. मनोज कुमार पाण्डेय ने कराया। बताते चले की शासन की ओर से 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। विश्वविद्यालय में आई फायर ब्रिगेड की टीम में रविकांत यादव, आशुतोष सिंह, कमलेश कुमार, अनुपम सिंह शामिल थे। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी के लिए यह प्रशिक्षण बहुत ही लाभकारी है। विद्यार्थी जो आज सीख रहे हो उसे अपने घर जाकर मम्मी और दीदी जो किचेन में खाना बनाती हैं उन्हें जरूर बताना। लीडिंग फायरमैन ओंकारनाथ सिंह ने कहा कि कहीं भी आग लगे फायर बिग्रेड के पहुंचने तक आग बुझाने की हर संभव कोशिश स्थानीय लोगों द्वारा की जानी चाहिए। घी, तेल और पेट्रोलियम की आग को पानी से नहीं बुझाना चाहिए। इसे फोम एक्सटिंग्युशर, मिट्टी और बालू से बुझाना चाहिए। इसी तरह बिजली की शार्टसर्किट से लगी आग को बुझाने के लिए मेनस्वीच को आफ कर देना चाहिए। इसके बाद कार्बन डाई आक्साइड या ड्राई पाऊडर एक्सटिंग्यूशर, सूखी मिट्टी और बालू से उसे बुझाना चाहिए। आग हवा के माध्यम से तेजी से फैलती है ऐसे में जिस कमरे में आग लगी हो उसके खिड़की दरवाजे को बंद कर देना चाहिए। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा क्लब के सदस्य डा. मनीष गुप्ता, डा. आशीष गुप्ता, डा. विद्युत मल, डा. सुशील प्रजापति, डा. प्रमोद यादव, डा. नितेश जायसवाल, डा. श्याम कन्हैया, डा. प्रमोद यादव, डा. सुनील कुमार, डा. नीरज अवस्थी, डा. दिग्विजय सिंह राठौर समेत शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित थे।


आग बुझाने का प्रशिक्षण देती फायर ब्रिगेड की टीम

**आयोजन**

**अग्निसुरक्षा की टीम ने किया प्रदर्शन**

# प्रो. बीबी तिवारी पीयू कार्यपरिषद के सदस्य बने

**इंजीनियरिंग वैज्ञानिक के रूप में सैकड़ों सेमिनार में ले चुके हैं भाग**

जनसंदेश न्यूज


प्रो. बीबी तिवारी

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के आदेश पर इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संकाय के वरिष्ठ डीन के नाते सदस्य बनाया गया है। प्रो. बीबी तिवारी शिक्षक एवं प्रबंधन कार्य कुशलता व प्रशासनिक क्षमता के लिए जाने जाते हैं। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य द्वारा प्रोफेसर बीबी तिवारी को विश्वविद्यालय कार्यपरिषद का सदस्य बनाया गया है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने पत्र जारी करते हुए उन्हें अपने दायित्वों को निर्वहन करने को कहा है।

बता दें कि प्रोफेसर बीवी तिवारी इसके पूर्व प्रयागराज में ट्रिपल आईटी में प्रोफेसर रहते हुए बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य व सचिव का भी कार्यभार संभाल चुके हैं और गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार हरियाणा में भी प्रोफेसर के रूप में सेवा दे चुके हैं। यह डीआरडीओ एवं एआईसीपीई नई दिल्ली से करोड़ों शोध परियोजनाओं पर कार्य कर चुके हैं।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में टेकिप-थ्री परियोजना के निर्देशन के रूप में लगभग 12 करोड़ की परियोजना संचालन कर चुके हैं। यह जाने माने इंजीनियरिंग वैज्ञानिक है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए सक्रिय सकारात्मक योगदान वह अपना बेबाक पक्ष रखने के लिए के लिए भी जाने जाते हैं। देश के विभिन्न विश्वविद्यालय संस्थानों में भी सैकड़ों सेमिनार में भाग लेकर पूर्वांचल विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ा चुके हैं। कार्य परिषद का सदस्य बनने से प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. संदीप कुमार सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पार्थिडेकर, प्रो. वीडी शर्मा, प्रो. मुराद अली, प्रो. बंदना राय, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रामनारायण समेत परिसर के सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

# नीम हकीम पशु चिकित्सक के इलाज करते ही गोवंश की गई जान

**पशु पालक ने थाने पर लिखित तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के हनुआडीह गांव में बुधवार को सुबह एक नीम हकीम पशु चिकित्सक की लापरवाही से एक गर्भवती गाय ने पच्चीस मिनट में ही दम तोड़ दिया।

उक्त थाना क्षेत्र के हनुआडीह गांव निवासी अरविंद यादव का आरोप है कि उसकी गाय दो दिनों से बीमार चल रही थी। क्षेत्र में घूम-घूम कर पशुओं का इलाज करने वाले नीम हकीम पशु चिकित्सक को पशु पालक ने फोन करके अपनी गाय का इलाज करवाने के लिए बुलाया। इलाज के नाम पर उक्त नीम हकीम पशु चिकित्सक ने पहुंचकर बीमार गाय को तीन से चार इंजेक्शन लगाए और पैसे लेकर चलता बना। थोड़ी देर बाद गाय की हालत गंभीर होने लगी और वह हाथ पैर पटकने लगी। जब पशु पालक ने दोबारा पशु चिकित्सक को फोन किया तो उसका नम्बर स्विच ऑफ हो गया। जब तक वह गाय को किसी दूसरे पशु चिकित्सक को बुलाकर दिखाता तब तक गाय ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना पशु पालक ने डायल 112 पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन किया। पशु पालक ने थाने पर पहुंचकर उक्त नीम हकीम पशु चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया तथा कार्रवाई की मांग की। पशु पालक अरविंद यादव ने बताया कि उसकी गाय अच्छे नस्ल की थी तथा उसकी कीमत लगभग 50 हजार थी।



# सार्वजनिक नाला उपयोग की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** सार्वजनिक नाले की जमीन पर कोर्ट से स्टे के बावजूद कस्बे के एक रसूखदार व्यक्ति ने बुधवार को एक बार फिर चोरी छिपे निर्माण कार्य कराने की चेष्टा की। समय रहते इसकी सूचना मिलते ही तहसील के नायब तहसीलदार अमित कुमार सरोज और कस्बा लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद करा दिया।

**दुस्साहस**

**सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार और कस्बा लेखपाल ने बंद कराया निर्माण कार्य**

**सांसद ने एसडीएम को समुचित कार्रवाई का दिया निर्देश**

हालांकि अवैध ढंग से निर्माण कार्य कराए जाने की सूचना देने वाले स्थानीय नागरिक संदीप कुमार राजस्व टीम की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनकी शिकायत है कि राजस्व टीम को निर्माण कार्य कराने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। कस्बे के ही एक अन्य नागरिक पिंकू कमलापुरी ने इसकी सूचना सांसद वीपी सरोज को दी जिस पर वे एसडीएम नेहा मिश्रा पर भड़क गए और कब्जा करने वाले के खिलाफ समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया और दोबारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने की हिदायत दी।

उल्लेखनीय है कि केराकत टाउन के नरहन मोहल्ले में आराजी संख्या 2184 सार्वजनिक उपयोग का नाला है। जिस पर कस्बे का एक रसूखदार व्यक्ति पैसे के बल पर अवैध ढंग से कब्जा करना चाहता है। शिकायत है कि उसने उक्त जमीन पर मिट्टी गिराकर कुछ निर्माण कार्य करा भी लिया है जबकि उस आराजी संख्या पर कोर्ट से स्टे है।



## संक्षेप


शांति समिति की बैठक को सम्बोधित करते डीएम

### त्योहार पर अभियान चलाकर सफाई करायें : जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में त्योहार को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु विस्तार से चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी धर्मगुरुओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि त्योहार को देखते हुए अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये। उन्होंने ईदगाह पर खराब हैंडपंप ठीक कराने के निर्देश दिए और कहा कि जनपद की ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनी रहे। त्योहार के दौरान विद्युत आपूर्ति बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में पुलिस की तरफ से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जा रही है। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनपदवासियो से अपील करते हुए कहा कि पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाकर सभी लोग सद्भाव का परिचय दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी शहर कुलदीप गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ननिहाल आयी युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया रिश्तेदार

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में ननिहाल में आयी युवती को उसका रिश्तेदार 13 अप्रैल को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती को भगाने में रामकुमार यादव व उसकी पुत्री ने भी सहयोग किया है। युवती के ननिहाल व उसके परिवार के लोग काफी खोजबीन किये लेकिन पता नहीं चला। थक-हारकर युवती के भाई ने थाने पर तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ धारा 363, 366 आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### अभियुक्त को संरक्षण देने का आरोपी गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने अभियुक्त को संरक्षण देने के आरोप में दो संरक्षणदाताओं को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि अभियुक्त अभिषेक निषाद पुत्र विनोद को संरक्षण देने के आरोपी गोबरा गांव के मंदिर के पास खड़े हैं। पुलिस तत्परता से आशीष निषाद पुत्र अशोक निवासी गुलराघाट, बम्बावन व अमन नागर पुत्र सभाजीत निवासी नरहन चकरारेत कोतवाली केराकत को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### भूत प्रेत के विवाद में मारपीट, चार घायल

**जफराबाद।** क्षेत्र के समोपुर गांव में भूतप्रेत के विवाद में मारपीट हो गयी। मारपीट में तीन महिलाओं तथा एक किशोरी को चोटे आयीं हैं। घटना की सूचना और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। उक्त गांव निवासी लालमनी देवी पत्नी बृजेश कुमार से पड़ोस के धर्मवीर के परिवार से पुराना भूतप्रेत देने का विवाद चल रहा था। उसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। मारपीट के दौरान सन्तिमा पुत्री बृजेश कुमार को राज कुमार पुत्र धर्मबीर ने गाल में दाँत से काट लिया। तीन महिलाएं भी एक दूसरे से से मारपीट के दौरान घायल हो गयी। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग थाने गए जहां पर पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया।

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय मे चल रहे वांछित पांच वारंटियों को न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के मडवां मोहिद्दिनपुर गांव निवासी मिठाई लाल पुत्र शिवजोर एवं कन्हैया पुत्रगण जगपत, गनपत, पतिराम और क्षेत्र के हाजी रफीपुर गांव निवासी नन्दलाल पुत्र गोविंद को न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने घर से बुधवार को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### रसोइया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मुफ्तीगंज।** रसोइया संघ ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुफ्तीगंज को प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश रसोइया संघ शिव शंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में एक बैठक करके एक ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज रवि कुमार सिंह को प्रेषित किया। उनका कहना है कि रसोइया में सबसे बड़ी समस्या नवीनीकरण की है हमारे मानदेय को शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों की तरह हर हाल में महीने की 10 तारीख तक दिया जाय। हमे अन्य कर्मचरियों की तरह कुछ अवकाश भी दिया जाय। हमारे मानदेय को महंगाई के हिसाब से उसमे वृद्धि की जाय। हम यदि अकस्मात किसी कारण वश नहीं आते तो हमें अनुपस्थिति दिखाकर मानदेय से काट लिया जाता है। हमारे लोगो का रुका मानदेय शीघ्र दिलाया जाय और हमें स्थायी नियुक्ति दी जाय जिससे हम बच्चों को पढ़ा सके और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कुसुम देवी, भानुमती, सुशीला, चंदा देवी, शकुंतला, गीता, गुड़िया आदि लोगों की उपस्थिति रही।


बीडीओ को ज्ञापन सौंपती रसोइयां

# आईपीएल मैच पर सट्टेबाजी कराने वाले सात चढ़े पुलिस के हत्थे

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** क्राइम ब्रांच की टीम एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सतीश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में चौकी प्रभारी सिपाह अरविन्द कुमार यादव व उप निरीक्षक आफताब आलम चौकी प्रभारी पुरानी बाजार तथा उप निरीक्षक तारकेश्वर राय चौकी प्रभारी भण्डारी मय हमराहियों के साथ क्षेत्र में मौजूद थे कि मुखबिर ने सूचना दिया कि कुछ लोग आईपीएल सीजन 16 में कुछ व्यक्ति एक टाकिज के ग्राउण्ड मे आईपीएल का सट्टा लगा रहे हैं तथा मोबाइल के माध्यम से कोड व पासवर्ड प्राप्त कर वालेट के माध्यम से पैसों की हेरफेर की जा रही है तथा कुछ रजिस्टर में अंकित किया जा रहा है यदि जल्दी किया जाय तो वह पकड़े जा सकते है।

मुखविर की सूचना पर उक्त टाकिज के पास से अभियुक्त उपरोक्त को मोबाइल मय रजिस्टर व पर्ची तथा दो लग्जरी एमजी हेक्टर गाड़ी के साथ अशफाक अहमद पुत्र स्व. मुख्तार निवासी रौजा जमाल खां, किशन जायसवाल पुत्र प्रेम जायसवाल निवासी उर्दू बाजार थाना कोतवाली, शीतल कुमार पुत्र फूलचंद साहू अबीरगढ टोला, रूपचंद सोनकर पुत्र रामबली सोनकर निवासी चकप्यार अली थाना कोतवाली, श्री प्रकाश यादव पुत्र लाल चंद यादव निवासी रसूलाबाद, राज कुमार सोनी पुत्र स्व. लालचंद सोनी निवासी उर्दू बाजार, अबूराफे उर्फ शीबू पुत्र मोहम्मद फारूख निवासी मियांपुर थाना लाइन बाजार को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय कोतवाली में मु.अ.सं. 1062023 धारा 465, 468, भादवि व 13 जुआ अधिनियम व 66सी आईटी एक्ट में समय 3.40 तड़के गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों का चलान न्यायालय भेज दिया।



गिरफ्तार सट्टेबाजों के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक कोतवाली

# यूकेलिप्टस के बाग में लगी आग डेढ़ सौ पौधे जले

**खुटहन।** गढ़ा गोपालापुर गांव में बुधवार को अज्ञात कारणों से यूकेलिप्टस की बाग में आग लग जाने से लगभग डेढ़ सौ पौधे झुलस गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने हैंडपंपों और सबमर्सिबल के सहारे आग पर काबू पा लिए। गनीमत रही की आग का रुख रिहायशी बस्ती की तरफ नहीं रहा। अन्यथा बड़ा अग्निकांड हो सकता था। गांव निवासी काशी नाथ तिवारी अपने आवास के बगल लगभग डेढ़ एकड़ भूभाग में पांच हजार यूकेलिप्टस का पौधा लगाए हैं जो बढ़कर लगभग पंद्रह फिट ऊंचे हो गए हैं। बुधवार की दोपहर बाग के मध्य से अचानक आग की लपटे उठने लगी। पश्चिम की तेज हवाओं के बीच नीचे गिरे खर पतवार और पत्तियां जलने लगी। लगभग डेढ़ सौ बृक्ष अधिक झुलस जाने के कारण सूखने की कगार पर पहुंच गए है।



# एम्बुलेंस में ईएमटी ने कराया प्रसव, जच्चा बच्चा सुरक्षित



**गौराबादशाहपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के रत्तीपुर गांव में 108 एम्बुलेंस के ईएमटी ने एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित है।

जफराबाद थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी शिव मूरत निषाद की पत्नी मंसूरा देवी मंगलवार की देर रात को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। मंसूरा देवी के परिजनों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल कर अस्पताल जाने के लिए सूचना दिया। 108 एम्बुलेन्स मंसूरा देवी को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मापुर के लिए निकली। एम्बुलेंस जैसे ही गांव से निकलकर रत्तीपुर गांव के पास पहुंची तभी मंसूरा देवी की प्रसव पीड़ा तेज हो गयी। इस दौरान ईएमटी संतोष कुमार यादव व पायलट अमरेंद्र कुमार यादव ने सोनी की डिलिवरी एम्बुलेंस में ही करवाया। डिलिवरी के बाद ईएमटी संतोष कुमार यादव ने नवजात को पीएचसी ले जाकर उपचार कराने के बाद घर भेज दिया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

# गोविंदपुर मनिहा में बंद पड़े घर में चोरी

**दहशत**

**एक ही गांव में चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देकर चोरों ने दी पुलिस को चुनौती**



**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गोविंदपुर मनिहा गांव में चोरों ने एक सप्ताह के अंदर फिर एक बंद पड़े घर को निशाना बनाया तथा ताला तोड़कर कीमती कपड़े जेवर के साथ-साथ गेहूं और चावल भी उठा ले गए। एक सप्ताह में चोरी की दो वारदातों को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को भी खुली चुनौती दी है जिससे क्षेत्रीय लोगों में भी काफी आक्रोश व्याप्त है।

गांव निवासी प्रिंसा राजभर अपना घर बंद करके एक सप्ताह पूर्व अपने मायके काकोरी चली गई थी। प्रिंसा के पति तथा सास मुंबई में रहते हैं। बुधवार की सुबह उसके घर का ताला टूटा देखकर पड़ोसियों को शंका हुई तो उन्होंने प्रिंसा को फोन किया। सूचना पर घर पहुंची प्रिंसा ने जब घर की हालत देखी तो माथा पकड़ लिया। दीवान का ताला तोड़कर उसमें रखे हुए कीमती कपड़े, पीतल के बर्तन, 2 जोड़ी पायल तथा ड्रम का ताला तोड़कर लगभग 50-50 किलो गेहूं और चावल चोर उठा ले गए थे। ज्ञातव्य हो कि 12 अप्रैल को कुछ इसी तरह से इसी गांव निवासी बंसराज के घर में भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया तथा चोरी करने के बाद बाहर से अपना ताला भी बंद करके चले गए थे। एक ही सप्ताह में चोरी की दो घटनाएं होने से क्षेत्रीय लोगों में दहशत व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में लगी रही।

# भीषण गर्मी में भी चालू नहीं हो पाया वाटर कूलर

**अनदेखी**

**सोंधी पीएचसी पर पेयजल की किल्लत, पानी के लिए भटकते हैं मरीज**

**महिला मरीजों के लिए नहीं लगा टीन शेड, कड़ी धूप में प्रतीक्षा के लिए बाध्य**

**खेतासराय।** इस भीषण गर्मी में हर किसी को प्यास बुझाने के लिए पानी की जरूरत पड़ती है। ऐसे में पीएचसी सोंधी पर पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। पीएचसी पर आठ महीने से लग रहा वाटर कूलर अभी तक चालू नहीं हो पाया। मरीजों और उनके तीमारदारों को पेयजल की किल्लत उठानी पड़ रही है। वहीं महिला मरीजों के बैठने का इंतजाम कोई नहीं है।

पीएचसी के बाहर सिर्फ एक इण्डिया मार्का हैंडपंप लगा है। गर्मी में पेयजल की मांग बढ़ जाती है। बीते वर्ष गर्मी के महीने में तत्कालीन डीएम मनीष कुमार वर्मा ने निरीक्षण के दौरान पीएचसी पर पेयजल की व्यवस्था कराने के लिए व प्रसव कक्ष पर टीन शेड रखने के लिए नगर प्रशासन को निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर पीएचसी पर वाटर कूलर लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई। आठ माह का समय बीत गया। फिर भी वाटर कूलर चालू नहीं किया जा सका। अब इस भीषण गर्मी में मरीजों और उनके तीमारदारों को पेयजल के लिए दर दर भटकना पड़ता है और न ही महिला मरीजों के प्रतीक्षा के लिए टीन शेड की व्यवस्था की गई भीषण गर्मी में मरीज कड़ी धूप में प्रतीक्षा के लिए बाध्य हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा ने बताया कि गर्मी में वाटर कूलर चालू कराने के लिए नगर प्रशासन से कई बार कहा गया। फिर भी अभी तक वाटर कूलर शुद्ध पेय जल को चालू नहीं कराया गया। रोज दो बॉटल पानी खरीद कर पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है।


पीएचसी पर गर्मी से बेहाल मरीजों के परिजन

# गेहूं के कटे डंठल में लगी आग पूरा गांव जलने से बाल-बाल बचा

**हादसा टला**

**मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया आग पर काबू**

जनसंदेश न्यूज



**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के तारा गांव में बुधवार को दोपहर में लगभग एक बजे गेहूं के कटे डंठल में किसी अज्ञात ने आग लगा दी जिससे आग राजभर बस्ती के पास तक पहुंच गयी।

गांव निवासी विशाल सिंह ने फायर ब्रिगेड तथा 112 नंबर पुलिस को सूचना देने के साथ साथ मौके पर मौजूद राजेश राजभर, अखिलेश राजभर, जितेंद्र राजभर, संतू, रवि विश्वकर्मा, पंचम विश्वकर्मा आदि सहित गांव के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। यदि दमकल विभाग समय से नहीं पहुंचती तो शायद आग की लपट बढ़ सकती थी और गांव के राजभर बस्ती के लोगों के रिहायशी मड़हे को चपेट में ले लेती। हालांकि किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**दुखद**

**जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर सिकरारा के गोसाईंगंज में हुआ हादसा**

**मृत युवक डमरुआ गांव के निवासी गैर इरादतन हत्या का मुकदमा**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** रायबरेली-जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिकरारा थाना क्षेत्र के गोसाईंगंज बाजार में मंगलवार की रात ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर ट्रक कब्जे में ले लिया है।

डमरुआ गांव निवासी पवन कुमार तिवारी (20) व अनिल गौतम (28) जौनपुर शहर से घर जा रहे थे। गोसाईंगंज बाजार के पास पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रात के अंधेरे में राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी तो मौके पर मय फोर्स पहुंचे थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने दोनों के के परिजन को सूचना दी और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। वहां चिकित्सकों में अनिल गौतम को मृत घोषित कर दिया। पवन तिवारी को बेहतर इलाज हेतु परिजन शहर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां थोड़ी देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने पवन के भाई विकास के तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कर ट्रक कब्जे में ले लिया। ट्रक के पंजीयन नंबर के सहारे पुलिस मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मीठी सेंवई के बिना ईद अधूरी

**महंगाई**

**160 से 190 रुपये किग्रा मिल रही डिब्बा बंद सेंवई**



**जौनपुर।** होली में गुझिया के बिना और ईद में सेंवई के बिना त्योहार फीका-फीका सा लगता है। ईद पर लोग मेहमानों को नाश्ता पानी के साथ साथ सेवईं परोस कर मेहमान नवाजी कर उनका स्वागत करते हैं।

इस बार बाजार में अनेकों वेरायटी की सेवइयां मौजूद है जिन्हें खरीद कर लोग घर में ले जाकर त्योहार की तैयारियों में मशगूल हैं। सब्जी मंडी, कोतवाली चौराहा, नवाब युसूफ रोड, चहारसू चौराहा, तथा इलाकों में सेवईंयों की बिक्री जोरों पर है। सेवई के संबंध में एक बुजुर्ग स्थानीय दुकानदार ने बताया कि भारत में सेंवई की शुरूआत कैसे हुई इसका तो इतिहास बता पाना मुश्किल है लेकिन कहा जाता है कि इसका सबसे पहले उपयोग दिल्ली के लाल किले की एक शाही दावत में किया गया था जिसे सबसे पहले बहादुर शाह जफर की थाली में परोसा गया था। सेवई का इस्तेमाल यूं तो कई प्रकार से किया जाता है लेकिन खासतौर पर ईद पर बनायी गयी मीठी सेवई के बिना ईद का त्यौहार अधूरा है। सेवई एक प्रकार का नूडल है जो दिखने में बारीक और खाने में बहुत ही स्वादिष्ट होता है। मुगल काल में सेवई को जवें के नाम से जाना जाता था। राजस्थान में सेवई को फेनी के रूप में जाना जाता है। फेनी, सेवई के मुकाबले थोड़ी मोटी होती है जिसे रमजान में सहरी के वक्त खाया जाता है।

इस समय बाजार में आठ प्रकार की सेवई मौजूद है। जिसमें शरबती, कीमामी, रूमाली, संमाली, खरमई, मदनपुरा पराठा, दूधफेनी, जरदहिया सेवई प्रमुख है। डबल जीरो सेवई की इस समय काफी डिमांड है जो अत्यंत बारिक सेवई होती है। बाजार में सादा व भुनी हुई सेवई भी उपलब्ध है। कीमामी स्पेशल सेवई की भी काफी डिमांड है जिसमें मेवा, मसाला, खोवा तथा चीनी मिली रहती है। उसे घर पर ले जाकर दूध में डालकर मेहमानों को परोसा जाता है। आजकल सेवई में नया ट्रेड चला हुआ है बाजार में डिब्बाबंद सेवई भी आ गयी है। डिब्बाबंद सेवई जिसकी कीमत 160 से लेकर 190 प्रति किलो ग्राम है। मेवा मिक्स सेवई जो ज्यादातर एक दूसरे को गिफ्ट देने के काम आती है उसकी 500 ग्राम की कीमत 180 है। त्योहार मनाने के लिए लोग अपने जेब के वजन को देखते हुए बाजार से सेवई खरीद कर अपने त्योहार को मना कर मेहमान नवाजी करते हैं।

## संक्षेप

### सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में निर्यातकों के साथ शामिल हुए राजनीतिक दलों के नेता



**भदोही।** नगर के मर्यादपट्टी मोहल्ले में स्थित कालीन भवन में बुधवार को अखिल भारतीय कालीन निमार्ता संघ द्वारा सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में कालीन निर्यातकों के साथ ही साथ राजनीतिक दलों से जुड़े नेता भी शामिल हुए। अखिल भारतीय कालीन निमार्ता संघ द्वारा हर साल माहे रमजान में सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। रोजा इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में रोजेदारों के साथ ही साथ अन्य लोग भी शामिल हुई। सभी लोग एकमा के सभागार में सजे इफ्तार के पास बैठकर मगरिब की अजान का इंतजार किया। जैसे ही मगरिब का वक्त हुआ तो हाफिज मोहम्मद आकिब ने अजान दी तो लोगों ने अजान को सुनकर रोजा खोला। रोजा इफ्तार के बाद वहीं पर मगरिब की नमाज हुई। हाफिज मोहम्मद आकिब ने सभी रोजेदारों को मगरिब की नमाज पढ़ाया। उसके बाद सामुहिक रुप से सभी ने बारगाहे परवरदिगार में दोनों हाथों को फैलाकर कालीन कारोबार में बरकत, निर्यात को बढ़ाने और भदोही के तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। इस अवसर पर एकमा के अध्यक्ष मो.रजा खां व एकमा के मानद सचिव असलम महबूब ने कहा कि हर साल एकमा द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सूर्यमणि तिवारी, वासिफ अंसारी, उमेश कुमार मुन्ना, फिरोज वजीरी, जयप्रकाश गुप्ता, पंकज बरनवाल, शमीम अंसारी, हाजी शफकत इमाम सिद्दीकी, एजाज अहमद अंसारी, अमित मौर्य, हाजी शाहिद हुसैन अंसारी, इश्तियाक उर्फ अच्छू खां, पीयूष बरनवाल, राजू बोथरा, फिरोज अख्तर सिद्दीकी, हाजी शौकत अंसारी आदि रहे।

### ऑनलाइन पोर्टल से 718 विद्यार्थियों को आवंटित किया गया स्कूल

**ज्ञानपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत सत्र 202324 के दूसरे चरण में कुल 1488 ऑनलाइन आवेदन में से 1180 वेरिफाइड आवेदन के सापेक्ष 718 विद्यार्थियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्कूल आवंटित किया गया। आरटीई के तहत गरीब बच्चों को कांवेंट स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा दिलायी जाती है। छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किए, जिनका सत्यापन कर फार्म बीएसए कार्यालय से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्कूल आवंटित किया गया।

### कैशलेस कार्ड बनवाना हुआ आसान

**ज्ञानपुर।** जनपद में कैशलेस कार्ड बनवाना अब और आसान हो गया है। प्रदेश सरकार का अब कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या पेंशनर यह कार्ड घर बैठे अपने कंप्यूटर से बहुत ही आसानी से बना सकता है। यह कार्ड पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत ऑनलाइन बन रहे हैं। कैश लेस योजना के जिला नोडल डॉ. जेसी सरोज ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों तथा पेंशनर्स के कार्ड बनने में आ रही कठिनाईयां दूर कर ली गई हैं। योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से लाभार्थियों को आसानी से कार्ड उपलब्ध हो रहे हैं। पोर्टल पर योजना से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजनान्तर्गत आबद्ध प्राइवेट चिकित्सालयों के अतिरिक्त लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई जैसे संस्थानों में भी सुविधा मिल दी जा रही है। प्राइवेट चिकित्सालयों में अब तक 879 लाभार्थी कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर चुके हैं।

### बेहोशी की हालत में महिला युवक को लेकर आई हॉस्पिटल

**गोपीगंज।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ बेहोशी की हालत में एक व्यक्ति को लेकर पहुँच गयी। सीएचसी द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। बताया जाता है कि सीमा परिवर्तित नामक महिला एक युवक को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोपीगंज लेकर आई। प्राथमिक उपचार के बाद जब उसे होश आया तो उसने अपना नाम गोरेलाल निवासी सूफीनगर जनपद भदोही बताया। उसने कहा की मैं एक टेंपो चालक हूँ, सवारी लेकर झूसी गया था वापसी के समय मुझे चक्कर आने लगा तो मैने अपने दोस्त की बेटी को फोन किया वह ऊंज से मुझे गोपीगंज हॉस्पिटल ले आई। महिला और गोरेलाल की बातो में विरोधाभास होने की वजह से हॉस्पिटल के चिकित्सक ने थाने पर मेमो भेज दिया है। मरीज को होश आ गया था। ड्यूटी पर मौजूद होमगार्ड की सुपुर्दगी में युवक को दिया गया।

### भाजपा के टिकट को लेकर नगर पालिका गोपीगंज में घमासान

**गोपीगंज।** जनपद भदोही में दो नगर पालिका, पांच नगर पंचायत है। जिसमे हमेशा से ही भदोही नगर पालिका और गोपीगंज नगर पालिका में चर्चा बना रहता है। गोपीगंज नगर पालिका परिषद का इतिहास रहा है कि अभी तक पार्टी से विद्रोह करके चुनाव लड़ने वाले ही प्रत्यासी चुनाव जीते है। जैसा कि 29 नवंबर को यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष पद पर विराजमान मन्नी लाल विश्वकर्मा को कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए निकटतम प्रतिद्वंदी प्रहलाद दास गुप्ता को हराकर निर्वाचित घोषित हुए। अपनी हार से बौखलाए प्रतिद्वंदियों ने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें अपदस्थ करवा दिया। उसके बाद 25 जुलाई 1995 में दूसरी बार जब चुनाव हुआ तो निर्दल प्रत्याशी के रूप में प्रहलाद दास गुप्ता निर्वाचित हुए। अपने कार्यकाल को पूरा किया, 2000 के चुनाव में प्रभावती देवी पत्नी प्रहलाद दास गुप्ता निर्वाचित हुई। 2006 का चुनाव दिलचस्प रहा प्रहलाद दास गुप्ता अपने ही सगे भाई आशाराम के विरुद्ध चुनाव लडे और हार गए, चुनावी चस्का इस तरह का लगा की 2012 में निर्दल प्रत्यासी के रूप में चुनाव लडे और तीसरी बार जीत गए। सबसे बड़ी खासियत यह रही की हमेशा रूलिंग पार्टी के विरुद्ध चुनाव लड़कर जीते और उसी पार्टी की सदस्यता ले ली जिसकी सरकार रही। 2017 के चुनाव में भाजपा प्रत्यासी गगन गुप्ता के विरुद्ध चुनाव लड़कर जीते और भाजपा में शामिल हो गए। 2023 का चुनाव अब रोमांचक हो चला है कि इस बार भाजपा के टिकट के कई दावेदार अपनी मजबूती से मैदान में खड़े है और सूत्रों की माने तो सभी प्रत्याशी भाजपा के टिकट के लिए अपने अपने हथकंडे अपना रहे है। धन से बल से पॉवर से कोई भी हथकंडा नही छोड़ रहे है, टिकट प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। पार्टी कार्यकताओं में यह भी चर्चा हैं की भाजपा जमीनी झंडा बैनर लगाकर पार्टी के वर्षो से कुबार्नी देने वाले को टिकट देती है या धन बल वाले उम्मीदवार को देती है ।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# पीयू कार्यपरिषद के सदस्य बने प्रो. मिथिलेश पाण्डेय

जनसंदेश न्यूज



प्रो. मिथिलेश पाण्डेय

**जौनपुर।** राष्ट्रीय पीजी कॉलेज जमुहाई के प्राचार्य प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय को पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कार्य परिषद का सदस्य नामित किया गया है। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय शिक्षा जगत में एक समृद्धशाली स्थान रखते हैं। प्रोफेसर पांडेय की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा जौनपुर एवं उच्च शिक्षा काशी हिंदू विश्विद्यालय बनारस से हुई है।

उन्होंने अपने स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में ही यूजीसी की प्रतिष्ठित नेट की परीक्षा 1992 में संस्कृत विषय से उत्तीर्ण की साथ ही प्रो. पांडेय ने स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष में ही यूजीसी नेट/जेआरएफ संस्कृत के पाठ्यक्रम पर आधारित पुस्तक की भी रचना कर डाली। प्रोफेसर पांडेय ने जेआरएफ की परीक्षा भी दिसंबर 1993 में उत्तीर्ण कर ली। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय की पुस्तक उपकार प्रकाशन से प्रकाशित हुई जिसका अध्ययन कर अनगिनत छात्रों ने संस्कृत विषय से यूजीसी नेट और जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय की अभी तक 45 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है एवं उनके 15 से अधिक उच्च स्तरीय शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय के पूर्वांचल विश्विद्यालय के कार्यपरिषद के सदस्य नामित किए जाने पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कला संकाय के डीन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने बधाई देते हुए कहाकि प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय के शैक्षणिक रूप से समृद्धशाली व्यक्तित्व का लाभ पूरे विश्वविद्यालय को मिलेगा, साथ ही उन्होंने इस चयन के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति का भी आभार ज्ञापित किया।

प्रोफेसर मिथिलेश पांडेय को कार्यपरिषद सदस्य नामित किए जाने पर डॉ. विजय प्रताप सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. नीरज दूबे, डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. मंजूलिका यादव, डॉ. राकेश चौधरी, डॉ. तेज प्रताप सिंह, बिटर, डॉ. विनोद कुमार सिंह, डॉ. अजय सिंह, डॉ. अरुण कुमार पटेल, डॉ. विजय बहादुर यादव, रवि सिंह हुड्डा, डॉ. दिनेश राय आदि प्राध्यापकों ने बधाई दी।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 20 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश प्रारंभ

**जौनपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर के प्रधानाचार्य मनीष कुमार पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर में सत्र 2023 में इंस्टीट्यूट मैनेजमेंट कमेटी के तहत 20 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 29 अप्रैल तक संस्थान में संपर्क कर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि इस योजना में प्रत्येक वर्ग के अभ्यर्थियों से 500 रुपये महीने का शुल्क भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है और 300 रुपये काशन मनी के रूप में जमा करना होगा। उन्होंने संस्थान में संचालित व्यवसाय के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 1 वर्षीय व्यवसाय में वेल्डर, कोपा, बेसिक कास्मेटोलाजी, स्टेनो हिन्दी, ट्रैक्टर मैकेनिक, तथा 2 वर्षीय व्यवसाय में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक, मशीनिस्ट, वायरमैन, मोटर मैकेनिक आदि व्यवसाय संस्थान में संचालित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त के संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में संस्थान में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षेप

### अधिवक्ता पर संघ के पैसे के गबन का लगाया आरोप

**मछलीशहर।** साथियों ने अधिवक्ता के ऊपर अधिवक्ता संघ के पैसे के गबन का आरोप लगाया है। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को आरोपी अधिवक्ता के विरुद्ध कार्यवाही के लिये ज्ञापन सौंपा है जो तहसील में चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता कल्याण निधि के लिये साधारण व दफा 34 हलफनामें से होने वाली आय का दो लाख चौबीस हजार पांच सौ चौसठ रुपये तहसील अधिवक्ता बामी गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप यादव के पास जमा था जो अधिवक्ता समिति के खाते में न जमाकर पैसे का गबन कर लिये। अधिवक्ताओं के दबाव के बाद दिसंबर 2022 में दो किश्तों में पैसा देने का वादा किया था। निर्धारित अवधि के बाद भी पैसा वापस नहीं हुआ। अधिवक्ताओं ने आरोपी को तलब कर बकाया धनराशि अधिवक्ता समिति कोष में जमा कराने की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामंत्री बनवारी राम मौर्य, दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, आरपी सिंह, भरत लाल यादव, सरजू प्रसाद विन्द, विनय प्रिय पाण्डेय, विपिन मौर्य आदि उपस्थित थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में ईद पर्व के पूर्व शांति समिति की बैठक कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर सहित ईदगाह व अन्य मस्जिदों के रास्ते की साफ-सफाई, पेयजल व विद्युत आपूर्ति पर चर्चा की गई। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष गयासुद्दीन ने कहा कि ईदगाह के रास्ते में भवन स्वामियों द्वारा भवन निर्माण की सामग्री गिट्टी बालू गिराया गया है। कोतवाल ने उसे तत्काल हटवाने का आश्वासन कमेटी के लोगों को दिया। नगर के समस्त सूवर बाड़ों को ईद के दिन 12 बजे तक बंद रखने का आदेश सूअर पालकों को बीट के सिपाहियों को जाकर कहने का आदेश दिया। बैठक में कमाल फारूकी, अत्ताउल्लाह खान, विनोद जायसवाल, बाबूभाई, जलाल अहमद, ग्यासुद्दीन अंसारी, डॉ. वकार अहमद, कपिल राइन आदि लोग रहे।

# दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे पांचवीं तक के विद्यालय

**ज्ञानपुर।** अत्यधिक गर्मी की वजह से परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की परेशानियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद के सभी सीबीएसई, आईसीएससी, माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा एक से पाँच तक सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, राजकीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया हैं। पांचवी तक के विद्यालय प्रातः साढ़े सात बजे से अपराह्न बारह बजे तक संचालित होंगें एवं कक्षा छः से आठ तक सभी मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त विद्यालय प्रातः साढ़े सात बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक संचालित होगें। डीएम के आदेश के अनुसार जनपद के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित सभी राजकीय विद्यालयों में कार्यरत अध्यायक, अध्यापिकायें, शिक्षामित्र , अनुदेशक व अन्य कर्मचारियों को प्रातः साढ़े सात बजे से अपरान्ह दो बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षिक व विभागीय कार्य यथा हाउस होल्ड सर्वे, डीबीटी, स्कूल चलो अभियान, नवीन नामांकन, शारदा, कायाकल्प एवं अन्य प्रशासनिक कार्य सम्पादित करेगें।

# तीसरे दिन सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष के 20 व सदस्य के 97 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**निकाय चुनाव**

**अध्यक्ष के 02 व सदस्य के 12 प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल**

**तीनों तहसील नामांकन स्थलों से पूर्वाहन 11:00 बजे से नामांकन पत्रों का क्रय व नामांकन प्रक्रिया सुचारू ढंग से हो रही है संचालित**



भदोही तहसील में नामांकन पत्रों की जानकारी लेते एसडीएम कृपा शंकर पांडेय



नई बाजार नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए पर्चा लेते लालता सोनकर

**भदोही।** 'नगरीय निकाय निर्वाचन-2023' को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढ़ग से सकुशल सम्पन्न कराने के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने (पंचायत एवं नगरीय निकाय) एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद के सातो नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य पदों हेतु नाम निर्देशन पत्रों का क्रय आज तीसरे दिन भी पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक हुआ। तहसील भदोही परिसर में नगर पालिका भदोही के अध्यक्ष पद हेतु 04, सुरियावा 05, नई बाजार 00 एवं सदस्य पद हेतु नगर पालिका भदोही में सभी वार्ड हेतु 35, सुरियावा 18, नई बाजार 07 नाम निर्देशन पत्रों का क्रय हुआ। जिनमें से सदस्य पद हेतु भदोही से 04 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया।

इसी तरह तहसील ज्ञानपुर परिसर में नगर पालिका गोपीगंज के अध्यक्ष पद हेतु 05 व सदस्य पद हेतु 12 पत्रों की बिक्री एवं सदस्य पद हेतु 04 नामांकन हुए। नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष के 04, सदस्य के 04 फार्मो की बिक्री हुई तथा अध्यक्ष पद हेतु किसी प्रत्याशी ने नामांकन नही किया। इसी तरह तहसील औराई परिसर में नगर पंचायत खमरिया के अध्यक्ष हेतु 01 एवं सदस्य हेतु 07 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। खमरिया से अध्यक्ष पद हेतु 02 प्रत्याशियों रीना किन्नर, उमर महमूद सहित 04 प्रत्याशियों ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया। नगर पंचायत घोसिया के अध्यक्ष हेतु 01 एवं सदस्य हेतु 04 पत्रों का क्रय किया गया तथा 02 महिला व 02 पुरूष वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने नामांकन भी किया। इस प्रकार से तीनों तहसील परिसरों के नामांकन स्थल से सातों नगरीय निकाय के अध्यक्ष के 20 व सदस्य के 97 सहित कुल 117 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई तथा 12 सदस्य प्रत्याशी एवं 02 अध्यक्ष प्रत्याशी सहित कुल 14 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, 27 अप्रैल को अभ्यर्थन की नाम वापसी, 28 अप्रैल को प्रतीक/चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा स 11 मई को पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराहन 6:00 बजे तक मतदान होगा एवं 13 मई को पूर्वाहन 8:00 बजे से मतगणना की शुरूआत होगी।

# भगवान भास्कर ने तरेरी आंखें भीषण गर्मी से जीना मुहाल

**दुर्दशा**

**मुंह ढक कर, सर पर गमछा रख कर चलने को मजबूर हुए लोग**

जनसंदेश न्यूज



स्कूल में छुट्टी होने के बाद तेज धूप से बचने के लिए बच्चे सर पर स्कूल बैग रख कर घर को जाते हुए

**ज्ञानपुर।** जिले में दिन ब दिन गर्मी का पारा बढ़ता ही जा रहा है। तीखी धूप से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी के अचानक बिगड़े तेवर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। तीखी धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश करते रहे।

जिले में गर्मी के तेवर धीरे-धीरे सख्त होते जा रहे हैं। बढ़ती गर्मी का आलम यह है कि लोग दोपहर में घरों में बैठना ही पसंद कर रहे हैं। गुरुवार को गर्मी का आलम यह रहा कि दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। पूर्वाह्न बाद ही गर्मी का असर दिखने लगा। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग जुगत करने में जुट गए थे। खास तौर पर वे लोग जो सुबह काम के चलते घरों से बाहर निकल गए थे। दोपहर होते होते भगवान भास्कर के रौद्र रूप से बचने के लिए लोग छाया की तलाश करते दिखे।

छात्र-छात्राएं भी तौलिया, स्कूल बैग गमछा या अन्य उपाय से धूप से बचने की कोशिश कर रहे थे। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले दिनों में सूरज के तेवर और भी तीखे होंगे। बढ़ती गर्मी को लेकर चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक ने वीसी में डीएम एसपी से ली जानकारी, दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**बैठक**

**आगामी पर्वो के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित कराकर सौहार्द्रपूर्ण व भाईचारें की भावना से मनाये सभी त्यौहारः प्रमुख सचिव गृह**



प्रमुख सचिव गृह एवं पुलिस महानिदेशक के वीसी में शामिल अधिकारीगण

**भदोही।** अलविदा नमाज, ईद, नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत तैयारियों के क्रम में प्रमुख सचिव गृह, उ.प्र. शासन संजय प्रसाद एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र., आर.के. विश्वकर्मा ने प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक से वीडियों कॉन्फ्रेसिंग द्वारा जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इसी क्रम में भदोही कलेक्ट्रेट एनआईसी में विन्ध्याचल परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक आर.पी.सिंह, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने जनपद भदोही में किए गये तैयारियों व रणनीतियों पर आवश्यक संवाद किया। प्रमुख सचिव गृह, उ.प्र. शासन संजय प्रसाद एवं पुलिस महानिदेशक उ.प्र., आर.के. विश्वकर्मा ने समस्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि पीस कमेटी की बैठक आयोजित कराकर समाज के प्रबुद्धजनों, विभिन्न धर्म गुरूओं को आपसी प्रेम सौहार्द के साथ पर्वो को मनाने हेतु जागरूक किया जाय। अलविदा नमाज, ईद की नमाज के दृष्टिगत जनपद के सभी मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाते हुए शान्ति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अन्य आवश्यक कार्यवाहिया सुनिश्चित किया जाय। ईदगाह स्थलों पर भी पर्याप्त पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए कुशलता के साथ मेले को संचालित किया जाए। उन्होंने समस्त जनपदों के अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल निगम, व समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अलविदा नमाज व ईद के दिन बिजली, पानी व आवश्यक साफ-सफाई को हर-हाल में पर्याप्त सुनिश्चित किया जाए।



# भारत आबादी में बना नंबर-1

## पड़ोसी देश चीन को पीछे छोड़ा

**हर साल 2.5 करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं**



*भारत की आबादी चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने इसके आकंड़े जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यूएन ने पिछले साल ही इस बात का दावा किया था।*

भारत ने आबादी के मामले में चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला बन गया है। भारत की आबादी 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है। भारत की आबादी अब 29 लाख ज्यादा हो गई है। यह पहली बार है कि भारत की जनसंख्या 1950 के बाद से चीन से आगे निकल गई है. संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल यह अनुमान लगाया था कि अगले साल तक भारत सबसे ज्यादा आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा। इस संबंध में एनएफपीए की क्यू स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023 ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट का नाम आठ बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीजः द केस फॉर राइट्स एंड चॉइस है. यह आंकड़े डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स की श्रेणी में दिए गए हैं। यूएनएफपीए के मीडिया सलाहकार एना जेफरीज ने बताया, हां, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने चीन को कब पीछे छोड़ा है। जेफरीज ने कहा, दरअसल दोनों देश की तुलना करना काफी कठिन है. क्योंकि दोनों देशों के डाटा कलेक्शन में थोड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में यह साफ है कि चीन की आबादी पिछले साल अपने चरम पर पहुंच गई और अब इसमें गिरावट आने लगी है. वहीं भारत की आबादी फिलहाल बढ़ रही है। हालांकि भारत की आबादी के ग्रोथ रेट में भी 1980 के बाद से गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब यह है कि भारत की आबादी बढ़ रही है लेकिन इसकी दर पहले के मुकाबले अब कम हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 25 प्रतिशत आबादी 0 से 14 साल के बीच है. इसके अलावा 18 फीसदी लोग 10 से 19 की उम्र के हैं। 10 से 24 साल तक के लोगों की संख्या 26 प्रतिशत है। वहीं 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है और 65 से ऊपर के 7 प्रतिशत लोग हैं। चीन की बात करें तो 0 से 14 साल के बीच 17%, 10 से 19 के बीच 12%, 10 से 24 साल 18%, 15 से 64 साल 69% और 65 से ऊपर के लोगों की संख्या 14% है। अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 18वीं सदी में आबादी 12 करोड़ के आसपास रही होगी. 1820 में भारत की आबादी 13.40 करोड़ के आसपास थी। 19वीं सदी तक भारत की आबादी ने 23 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. 2001 में भारत की आबादी 100 करोड़ के पार चली गई. अभी भारत की आबादी 140 करोड़ के आसपास है। 2050 तक भारत की आबादी 166 करोड़ के आसपास होगी।

## इसलिए भारत में बढ़ती जा रही आबादी

भारत में आबादी बढ़ने की तीन बड़े कारण हैं। पहला- शिशु मृत्यु दर में गिरावट यानी एक साल से कम उम्र के बच्चों की मौत घट रही है। दूसरा- नवजात मृत्यु दर में कमी यानी 28 दिन की उम्र तक के बच्चों की मौत में कमी आ रही है। और तीसरा- अंडर-5 मोर्टेलिटी रेट कम होना यानी पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों की संख्या घट रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के हेल्थ मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम की 2021-22 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में शिशु मृत्यु दर, नवजात मृत्यु दर और अंडर-5 मोर्टेलिटी रेट में गिरावट आ रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2012 में शिशु मृत्यु दर हर एक हजार बच्चों पर 42 थी, जो 2020 में घटकर 28 पर आ गई. यानी, 2012 में पैदा होने वाले हर एक बच्चों में से 42 एक साल भी नहीं जी पाते थे। इसी तरह प्रति हजार बच्चों पर नवजात मृत्यु दर भी 2012 में 29 थी जो अब घटकर 20 पर आ गई. वहीं, हर एक हजार बच्चों पर अंडर-5 मोर्टेलिटी भी 2012 में 52 थी, जो 2020 में घटकर 32 हो गई है। दूसरी ओर चीन में जन्म दर कम हो रही है। चीन के सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2022 में देश में जन्म दर प्रति हजार लोगों पर 6.77 थी, जबकि 2021 में ये 7.52 थी. 1949 के बाद ये पहली बार था जब चीन में जन्म दर में गिरावट आई।

## 78 देशों की आबादी के बराबर भारत में जन्म ले रहे बच्चे

संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि भारत में हर साल लगभग ढाई करोड़ बच्चों का जन्म होता है. वहीं, सबसे ज्यादा आबादी वाले चीन में भारत की तुलना में लगभग आधे बच्चे पैदा होते हैं। 2022 में चीन में 95 लाख बच्चों का जन्म हुआ था। 2021 की तुलना में ये लगभग 10 फीसदी की गिरावट थी। भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट बताती है कि 2021-22 में सालभर में 2.03 करोड़ से ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ। यानी, हर दिन औसतन 56 हजार बच्चे पैदा हुए. इससे पहले साल 2020-21 में दो करोड़ से कुछ ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ था। इसका मतलब हुआ कि 2020-21 की तुलना में 2021-22 में 1.32 लाख ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ। ये आंकड़ा इसलिए भी चौंकाता है क्योंकि अगर दुनिया के 78 देशों की आबादी को जोड़ दिया जाए तो ये संख्या दो करोड़ से कुछ ज्यादा ही बैठती है।

# 48 साल पहले लॉन्च हुआ था भारत का पहला सैटेलाइट

**भारत की अंतरिक्ष में एंट्री**

### चीन से बड़ा सैटेलाइट की शर्त पर राजी हुआ था सोवियत संघ

### लॉन्च व्हीकल तब के सोवियत संघ ने दिया था

1971 की गर्मियों के दिन थे। जून का महीना था और तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के आवास पर एक मीटिंग चल रही थी। उसमें पीएम के अलावा सोवियत संघ में भारत के राजदूत दुर्गा प्रसाद धर, वैज्ञानिक विक्रम साराभाई, उनके सहायक यूआर राव और भारत में सोवियत राजदूत निकोलाई पेगोव मौजूद थे। मीटिंग में साराभाई देश के पहले उपग्रह को बनाने का पूरा प्लान प्रधानमंत्री इंदिरा के सामने रखते हैं, लेकिन इस मिशन को पूरा करने के लिए जरूरत एक लॉन्च व्हीकल की होती है। साराभाई रूस के राजदूत पेगोव से इसकी मांग करते हैं, तो वे कहते हैं कि चीन ने जो उपग्रह लॉन्च किया है, उसका आकार क्या है? इस सवाल को सुनकर हर कोई हैरान रह जाता है। फिर यूआर राव कहते हैं- 190 किलो। निकोलाई पेगोव इंदिरा गांधी और साराभाई की तरफ देखकर कहते हैं कि लॉन्च व्हीकल देने के लिए मेरी एक शर्त है और यह है भारत का पहला उपग्रह चीन से बड़ा होना चाहिए। भारत इस शर्त को मान लेता है और सैटेलाइट बनाने की तैयारी शुरू हो जाती है। 4 साल बाद 19 अप्रैल को भारत अपना पहला सैटेलाइट आर्यभट्ट लॉन्च कर देता है। चार अक्टूबर 1957 को रूस ने पहला सैटेलाइट स्पुतनिक लॉन्च किया। अगले ही साल नासा ने भी स्पेस मिशन पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि भारत में अभी तक इस पर कुछ खास काम शुरू नहीं हुआ था। 1960 और 1970 की दशक में जब रूस और अमेरिका ने अपना स्पेस मिशन शुरू किया तो भारतीय वैज्ञानिकों पर भी ऐसा करने का दबाव बढ़ने लगा। अभी तक भारत में काम का ज्यादा स्कोप नहीं था, ऐसे में भारत के ज्यादातर बड़े साइंटिस्ट सीवी रमन, मेघनाद साहा, रामानुजन आदि काम के लिए विदेश जाते थे। 21 नवंबर 1963 को केरल के त्रिवेंद्रम से देश का पहला रॉकेट लॉन्च किया गया। इस रॉकेट की रेंज 55 किलोमीटर थी। इससे एक साल पहले 1962 में ही स्पेस फतह करने के लिए देश में द इंडियन नेशनल कमेटी फॉर स्पेस रिसर्च की शुरूआत हुई। छह साल बाद 1968 में इस संस्था का नाम बदलकर इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन कर दिया गया। इसी वक्त विक्रम साराभाई सोवियत रूस और अमेरिका की यात्रा पर गए थे। उनके दिमाग में भारत के लिए स्पेस मिशन को शुरू करने का ख्याल आया। सोवियत रूस इस समय तक पर्दे के पीछे से स्पेस मिशन पर काम कर रहा था, लेकिन अमेरिका ने साराभाई को भरोसा दिया कि वह भारत को स्पेस लॉन्च करने में मदद करेगा। कुछ दिन बाद यूआर राव एक प्लान लेकर साराभाई के पास गए। साराभाई ने इस स्पेस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी राव के ही कंधे पर डाल दी। इसके बाद राव ने देश के टॉप 25 इंजीनियर्स के साथ मिलकर इस मिशन पर काम शुरू कर दिया। रिजर्व बैंक ने इस ऐतिहासिक दिन को सेलिब्रेट करने के लिए 1997 में दो रुपए के नोट पर इस सैटेलाइट की तस्वीर छापी थी। रिजर्व बैंक ने इस ऐतिहासिक दिन को सेलिब्रेट करने के लिए 1997 में दो रुपए के नोट पर इस सैटेलाइट की तस्वीर छापी थी।

## अमेरिका भाड़े पर रॉकेट देने को तैयार हुआ तो सोवियत संघ खुद मदद के लिए आगे आया

अब यूआर राव अपनी टीम के साथ उपग्रह बनाने के काम में लग गए। सबसे पहले इन्होंने 100 किलो के एक उपग्रह का डिजाइन तैयार किया। इस उपग्रह को लॉन्च करने के लिए अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने स्काउट रॉकेट देने की बात कही थी। इसी बीच एक रोज प्रधानमंत्री इंदिरा के पास रूस में भारत के राजदूत डीपी धर फोन करते हैं। इस बातचीत में वह कहते हैं कि रूस भारत को उपग्रह लॉन्च करने में मदद देने के लिए तैयार है। जब इसकी जानकारी विक्रम साराभाई को हुई तो वो बेहद खुश हुए और पहले उपग्रह पर काम शुरू हो गया। इसके लिए रूस और भारतीय साइंटिस्टों के बीच कई मीटिंग भी हुई। अप्रूव होने से पहले इस प्रोजेक्ट पर त्रिवेंद्रम में काम चला, लेकिन इसके बाद बेंगलुरु के पीन्या इलाके में इस पर काम शुरू हुआ।

## 1974 में रखी गई उपग्रह लॉन्च करने की तारीख टली



रूस के साथ समझौता होने के बाद 1974 में उपग्रह को लॉन्च करने का फैसला लिया गया। अब तक रॉकेट लॉन्च करने का काम केरल में थुंबा से होता था, लेकिन धवन ने सैटेलाइट बनाने का काम बेंगलुरु ले जाने का फैसला किया। यहां पीनया इंडस्ट्रियल एरिया में चार शेड्स में काम शुरू हो गया। जुगाड़ के व्यवस्था से काम शुरू हुआ। काम करने वाले ज्यादातर लोग ऐसे थे, जिन्होंने कभी उपग्रह नहीं देखा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोवियत वैज्ञानिक 6 महीने में सिर्फ एक बार मीटिंग करते थे, इस वजह से वहां से कोई खास मदद नहीं मिल रही थी। काम समय पर पूरा नहीं होने की वजह से लॉन्च की तारीख आगे बढ़ाकर अप्रैल 1975 कर दी गई। मार्च में सैटेलाइट बनकर तैयार हुआ तो इंदिरा गांधी के पास इस उपग्रह के तीन नाम मैत्री, आर्यभट्ट और जवाहर भेजे गए। इंदिरा ने आर्यभट्ट नाम पर मुहर लगाई। 19 अप्रैल 1975 को दोपहर के 12 बजे थे। रूस के कपुस्टिन यार शहर में आर्यभट्ट उपग्रह लॉन्च होने के लिए तैयार था। इसरो प्रमुख सतीश धवन, यूआर राव के साथ भारत के 30 वैज्ञानिक वहां मौजूद थे। तभी काउंटडाउन शुरू हुआ...10, 9,8,7.....1 होते ही रूसी भाषा में 'लेट अस गो' की आवाज आते ही आर्यभट्ट की सफल लॉन्चिंग होती है। 12 मिनट बाद ये उपग्रह अपने तय कक्षा में स्थापित हो जाता है। इस पूरे मिशन को अंजाम देने वाले यूआर राव की आंखों में आंसू आ जाते हैं। हालांकि पांचवें दिन सैटेलाइट से संपर्क टूट गया, लेकिन बाद में संपर्क फिर से जुड़ गया। अंतरिक्ष में करीब 17 साल रहने के बाद सैटेलाइट आर्यभट्ट 10 फरवरी 1992 को पृथ्वी के वातावरण में लौट आया।

## चीन से दोगुने भार के उपग्रह पर काम शुरू हो गया

रूस की शर्तों को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट अप्रूव होने के बाद नए सिरे से उपग्रह बनाने के काम को शुरू किया गया। 24 अप्रैल 1970 को चीन ने 173 किलो का पहला सैटेलाइट लॉन्च किया था। ऐसे में भारतीय वैज्ञानिकों ने 350 किलो के उपग्रह का डिजाइन करना शुरु कर दिया। ये वजन में चीन के उपग्रह से दोगुना था। पहले स्टेज का काम पूरा होने के बाद यूआर राव अपनी टीम के साथ मीटिंग के लिए रूस पहुंचे। सोवियत रूस को भारतीय वैज्ञानिकों पर भरोसा नहीं था। ऐसे में उन्होंने भारत को ऑफर दिया कि भारत सिर्फ पेलोड बनाए और उसे सोवियत सैटेलाइट के साथ लॉन्च करे। राव ने रूस के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। आखिरकार सोवियत रूस राव की जिद के आगे मान गया। दिसंबर 1971 में विक्रम साराभाई की हार्ट अटैक से मृत्यु हुई तो लगा कि अब प्रोजेक्ट रुक जाएगा, लेकिन फिर मेनन ने इसरो के अंतरिम चीफ के तौर पर कमान संभाली। अगले साल 1972 में सतीश धवन ने इसरो की जिम्मेदारी संभाली। मेनन और उसके बाद धवन उपग्रह बनाने के काम को पहले की तरह आगे बढ़ाते रहे।फरवरी 1972 में एक बार फिर से इस प्रोजेक्ट पर त्रिवेंद्रम में बैठक आयोजित की गई। ये बैठक सोवियत रूस के साथ उपग्रह लॉन्च करने से पहले समझौते को अंतिम रूप देने के लिए हुई थी। इस बैठक में इंदिरा गांधी का वैज्ञानिकों से सवाल था- आखिर इस उपग्रह से देश को फायदा क्या है? साइंटिस्ट यूआर राव ने कहा- अगर हम अंतरिक्ष को फतह करना चाहते हैं तो हमारे पास ये पहला मौका है। हम बाकी देशों से कम खर्च में अपने स्पेस मिशन को पूरा कर सकते हैं। इससे देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में कम्युनिकेशन आसान हो जाएगा। इसे लॉन्च करने के बाद ही हम अंतरिक्ष के बारे में और ज्यादा जान पाएंगे। इंदिरा गांधी का दूसरा सवाल था- इसमें कितने रुपए खर्च होंगे? यूआर राव ने अपनी टीम के साथ बात करने के बाद कहा कि करीब 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके बाद इंदिरा गांधी ने ओके कहकर प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी।



# वृहस्पति बदलेंगे अपनी चाल

### मौसम में होगा अजीबोगरीब बदलाव, विश्व क्षितिज पर दिखेंगी कई अप्रत्याशित घटनाएं

**सता व विपक्ष में आपसी खींचातान, एक दूसरे पर होगा आरोप-प्रत्यारोप**

**आंधी, तूफान, वर्षा व बाढ़ से जन-धन की हानि भी संभव**

**वृहस्पति ग्रह मीन से आयेंगे मेष राशि में**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** गुरु ग्रह 21 अप्रैल शुक्रवार को देर रात्रि 5.13 मिनट पर अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करेंगे। अश्विनी नक्षत्र का प्रथम चरण होने से वृहस्पति ग्रह मेष राशि में प्रवेश कर जायेंगे। जो कि 30 अप्रैल 2024 तक इसी राशि में रहेंगे। तत्पश्चात एक मई 2024 को कृतिका नक्षत्र के द्वितीय चरण में प्रवेश कर जायेंगे जो कि वृष राशि में इसी दिन से रहना प्रारंभ कर देंगे। वृहस्पति ग्रह के राशि परिवर्तन से द्वादश राशियों पर भी व्यापक असर पड़ेगा।

प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन ने बताया कि वृहस्पति ग्रह के राशि परिवर्तन से ग्रह योगों के फलस्वरूप विश्व पटल पर अनेक घटनाएं सामने आयेंगी। सता पक्ष और विपक्ष में राजनैतिक दलों की आपसी खींचातानी, एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप, जनमानस में किसी विशेष मुद्दे को लेकर जन आक्रोश, सत्ता परिवर्तन व मंत्री मंडल में बदलाव की स्थिति बनेगी।

**शेयर वायदा व मुद्रा बाजार में होगा उतार चढ़ावः** ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक वृहस्पति ग्रह के राशि परिवर्तन से शेयर वायदा व मुद्रा व धातु बाजार में विशेष उतार-चढ़ाव रहेगा। वित्तीय अर्थ व्यवस्था में अनिश्चता, दैवीय प्राकृतिक आपदाएं, रेल, वायुयान, जल परिवहन, तथा सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। मौसम में अजीबोगरीब परिवर्तन के फलस्वरूप आंधी, तूफान, वर्षा व बाढ़ से जन-धन की हानि भी संभव है। व्यक्ति विशेष की सेवा से वंचित होना पड़ सकता है। देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव बना रहेगा। जनमानस मूल्य वृद्धियों व महंगाई से आक्रोशित रहेगा। धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों पर सत्ता पक्ष को नये सिरे से चिंतन मनन करना पड़ेगा। भारतवर्ष की राशि मकर होने से वृहस्पति ग्रह चौथे घर में हो जायेंगे। इससे विशेष अनहोनी अप्रत्याशित घटनाएं घटित होगी। नई राजनीतिक पार्टियों भी बनेगी। पुरातन पार्टियों की शाख पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राजनीतिक दलों में विषमता बनी रहेगी। देश विदेश की नीति भी प्रभावित होगी। कई जगह सत्ता परिवर्तन होना भी संभव है।

## द्वादश राशियों पर पड़ेगा असर

*वृहस्पति ग्रह के मीन से मेष राशि में आने पर द्वादश राशियों पर भी प्रभाव पड़ेगा।*

**मेष**- कार्य व्यवसाय में लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि, नवीन उपलब्धि का भी सुयोग।
**वृषभ**- सफलता में बाधा, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यय की अधिकता, कर्ज की अधिकता।
**मिथुन**- नवयोजना कार्यान्वित, आरोग्य में सुख, नूतन पुरातन योजना प्रगति पर, आय के नवीन स्त्रोत।
**कर्क**- आर्थिक व्यवसायिक प्रगति का सुयोग, परिवार में मांगलिक कृत्य, नौकरी में पदोन्नति, संतान पक्ष से उत्कर्ष।
**सिंह**- कार्य क्षमता में अनुकूलता, किसी विवाद का समापन, निजी इच्छा की पूर्ति का प्रयास, नव संपर्क लाभदायी, परिवार में हर्ष।
**कन्या**- कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शारीरिक मानसिक कष्ट, जोखिम से धन हानि, शंका-कुशंका प्रभावी।
**तुला**- कार्य योजना में सफलता, धर्म अध्यात्म में रूचि, राजनैतिक लाभ, भाग्य उन्नति के नवीन आयाम।
**वृच्छिक**- परिस्थितियां प्रतिकूल, योजना अधूरी, वाद-विवाद से कष्ट, मान सम्मान में कमी। व्यक्ति विशेष से विश्वासघात की आशंका।
**धनु**- भाग्योदय के नवीन आयाम, कार्य व्यवसाय में प्रगति, स्वास्थ्य में लाभ, प्रेम प्रसंग में अनुकूलता, अध्यात्म में रूचि।
**मकर**- भौतिक सुख में कमी, कार्यों में निराशा, पारिवारिक उलझनें, आत्मबल में कमी, शत्रु प्रभावी, स्वास्थ्य में शिथिलता।
**कुंभ**- कार्य व्यवसाय योजना में प्रगति, आर्थिक व्यसायिक लाभ का सुयोग, धर्म-कर्म में रूचि, यात्रा में सफलता।
**मीन**- समय भाग्य के पक्ष में, आकस्मिक लाभ, आनंद की अनुभूति, घरेलू वातावरण सुखद।

## वृहस्पति ग्रह को कैसे करें प्रसन्न

वृहस्पति ग्रह की अनुकूलता के लिए अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना के साथ ही वृहस्पति ग्रह की आराधना करें। वृहस्पति ग्रह के मंत्र का जप करें। वृहस्पतिवार को पीले रंग की वस्तुओं का दान करें। पीले रंग की वस्तुओं में पीला वसत्र, चने की दाल, धार्मिक ग्रंथ, सोना (स्वर्ण), हल्दी, केसर, पीली मिठाई आदि आदि दक्षिणा के साथ किसी ब्राह्मण को दान देना चाहिए। वृहस्पतिवार को व्रत भी रखना चाहिए। वृहस्पति का रत्न पीला पुखराज या उपरत्न पीला टोपाज है। इसको दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में विधि विधान पूर्वक पहनने से लाभ होगा।

## पाइमाइंड्स एडटेक का उद्घाटन समारोह

**वाराणसी।** पाइमाइंड्स एडटेक का उद्घाटन समारोह बुधवार को मलदहिया में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव, पाइमाइंड्स एडटेक की डायरेक्टर सोनाली सोनी रहे। बताया कि ग्राफिक, एनिमेशन और वीएफएक्स उद्योग के नैतिक उत्थान, युवाओं को कुशल बनाने और उन्हें एक अच्छी नौकरी प्रदान करने के लिए अदम्य भावना के साथ आगे बढ़ने का एक प्रयास है। हमारी संस्था ने इसके लिए पहले से ही तैयारी कर ली है। हम सभी इस विश्वव्यापी विस्तार के लिए उत्साहित हैं। छात्रों के लिए 30 प्रतिशत की छूट का भव्य उद्घाटन प्रस्ताव भी चल रहा है जो जल्द ही समाप्त हो जायेगा। विशेष अतिथि आयुष नरसरिया (ईडी बीएनआई वाराणसी) श्रीमती आंचल नरसरिया, सीए जमुना शुक्ला व इशांक रहे।



## सीए राज अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच काशी के अध्यक्ष

**वाराणसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच से संबद्ध वाराणसी के विशिष्ट समाजसेवी संगठन मारवाड़ी युवा मंच काशी के नवीन सत्र 2023-24 के लिए शाखा सदस्यों ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ सदस्य व पूर्व शाखा उपाध्यक्ष सीए राज के अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया है। मंच के सदस्यों द्वारा यह निर्णय एकमतता से लिया गया था। जो सीए राज के अग्रवाल के नेतृत्व व सामाजिक कार्य में अपनी प्रतिबद्धता के लिए गहरा सम्मान रखते हैं। पिछली कार्यकाल में सीए राज के अग्रवाल ने गत सक्ष के अध्यक्ष पंकज टेकड़ीवाल, सचिव अमन देवड़ा, कोषाध्यक्ष ईशांक शाह के साथ रक्तदान, अमृतधारा, गौसेवा, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण सहित अनेक समाजसेवी कार्यक्रम वर्ष पर्यन्त आयोजित किये जिससे मंच के विकास व सफलता में उनका महत्वपूर्ण योगदान हुआ था। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने शाखा सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा संगठन को नई उंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। उक्त जानकारी निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कर रहे पूर्व शाखा अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल ने दी।

